

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 50 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 29 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भारत की 'मिडनाइट स्ट्राइक', अब बिलबिलाता घूम रहा पाकिस्तान




लंदनः ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में गुरुवार को जो ड्रामा हुआ, वो किसी हिंदी फिल्मी की कहानी से कम नहीं था. यहां पर एक महा-बहस होने वाली थी, जो पाकिस्तान को लेकर भारत की नीतियों पर फोकस थी. इस बहस से पहले ही पाकिस्तानी खेमा मैदान छोड़कर भाग खड़ा हुआ. जिसके बाद ये साफ हो गया कि ये यह सिर्फ एक डिबेट नहीं थी, यह एक ऑपरेशन था जिसका नाम था 'मिडनाइट स्ट्राइक', जिसने दुनिया के सामने पाकिस्तान की औकात उजागर कर दी.

### ऑक्सफोर्ड यूनियन के नाम पर बनाई पाकिस्तानी हाई कमीशन की फर्जी कॉपी?

इस पूरे मामले की नींव में ही साजिश थी. ये बहस ऑक्सफोर्ड यूनियन के प्रेसिडेंट मूसा हर्रा ने रखी थी जो खुद पाकिस्तान के रक्षा उत्पादन मंत्री के बेटे हैं. इसके अलावा आयोजकों में एक और पाकिस्तानी शामिल था, जिसका नाम ट्रेजरर रजा था. यानी ऑक्सफॉर्ड की यूनियन नहीं बल्कि पाकिस्तानी हाई कमीशन की फर्जी कॉपी है.

### साई दीपक ने सबूत के साथ खोली पाकिस्तान की पोल

पाकिस्तान की पोल एक भारतीय स्पीकर साई दीपक जे ने खोली है, जो दिल्ली हाईकोर्ट में सीनियर वकील और जाने-माने लेखक हैं. उन्हें खुद मूसा हर्रा ने डिबेट के लिए इनवाइट किया था. उन्होंने बताया कि पहले तो न्योता दिया गया लेकिन बाद में बताया गया कि ऑक्सफॉर्ड यूनियन को डिबेट के लिए भारत से स्पीकर नहीं मिल रहे हैं और साई दीपक से गेस्ट अरेंज करने की दरख्वास्त कर दी गई. दीपक ने किसी तरह गेस्ट जुटाए लेकिन ऐन वक्त पर फिर कंफ्यूजन पैदा करने के लिए बोला गया कि गेस्ट फाइनल कर लिए गए हैं. साई दीपक ने अपने गेस्ट को मना कर दिया, लेकिन एक बार फिर से मूसा हर्रा ने उन्हें बताया कि भारतीय गेस्ट ने टाइम की कमी की वजह से कैंसिल कर दिया है और इवेंट से सिर्फ एक दिन पहले साई दीपक ने भारतीय स्पीकर फाइनल करके नाम भेज दिए.

## पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल का निधन

समाज जागरण

कानपुर. पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल का निधन हो गया है. तबियत खराब होने पर कार्डियोलॉजी लाया गया था. कार्डियोलॉजी हार्ट विभाग ने निधन की पुष्टि की. पूर्व केंद्रीय मंत्री ने 81 साल की उम्र में अंतिम सांस ली. श्रीप्रकाश जायसवाल 1999 से 2014 तक कानपुर से कांग्रेस पार्टी के संसद रहे.



वे कानपुर से तीन बार लोकसभा सांसद चुने गए. गृह राज्य मंत्री और केंद्र में कोयला मंत्री के तौर पर जिम्मेदारी संभाली. श्रीप्रकाश जायसवाल कानपुर के महापौर भी रहे. बीते 1 साल से बीमार चल रहे थे. आज हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन पर दुःख जताया है. मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें. प्रभु श्रीराम शोक-संतप्त परिवार को अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें.

## मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता धुरंधर की रिलीज रोकने के लिए दिल्ली HC गए

समाज जागरण

नई दिल्लीः अशोक चक्र अवार्डी



स्वर्गीय मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता ने दिल्ली हाई कोर्ट में फि ल्म धुरंधर की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है।

आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी रणवीर सिंह स्टारर यह फि ल्म 5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

मेजर शर्मा 2009 में कुपवाड़ा में एक काउंटर-टेररिज्म ऑपरेशन के दौरान शहीद हो गए थे। माता-पिता की पिटीशन में कहा गया है कि फि ल्म - इसके ट्रेलर और प्रमोशनल इंटरव्यू के आधार पर - आम तौर पर उनके बेटे की ज़िंदगी, पर्सनैलिटी, ऑपरेशन और शहादत को दिखाती है, फिर भी इसे उनकी मंजूरी या इंडियन आर्मी से जरूरी मंजूरी के बिना बनाया गया है।

उन्होंने तर्क दिया कि उनकी इजाजत के बिना इस तरह दिखाना, भारत के संविधान के आर्टिकल 21 के तहत शहीद के मरणोपरांत पर्सनैलिटी के उनके अधिकार का उल्लंघन करता है।

याचिका में कहा गया, "किसी सम्मानित शहीद की विरासत का कमर्शियल इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, उसे मनगढ़ंत नहीं बनाया जा सकता, तोड़-मरोड़कर नहीं दिखाया जा सकता, या उसके परिवार की सहमति के बिना नहीं दिखाया जा सकता, और न ही गरिमा, प्राइवेसी और प्रतिष्ठा से जुड़ी संवैधानिक और कानूनी ज़िम्मेदारियों का पालन किया जा सकता है झ ये अधिकार व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी बने रहते हैं।"

## हांगकांग में आग त्रासदीः 128 मौतों के मामले में 8 लोग गिरफ्तार, एंटी-करप्शन एजेंसी की बड़ी कार्रवाई

हांगकांग, 29 नवंबर 2025ः हांगकांग की इंडिपेंडेंट कमीशन अगेंस्ट करप्शन ने उस ऊंची इमारत में लगी भीषण आग के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 128 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी।

गिरफ्तार किए गए लोगों में स्कैफोल्डिंग सबकॉन्ट्रैक्टर, इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी फर्म के डायरेक्टर और रेनोवेशन प्रोजेक्ट की निगरानी करने वाला प्रोजेक्ट मैनेजर शामिल हैं। सभी की उम्र 40 से 63 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

### क्या है मामला?

यह आग उस समय लगी जब इमारत में नवीनीकरण और मेंटेनेंस का काम जारी था। इस दौरान सुरक्षा मानकों और निर्माण प्रक्रिया में लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार की आशंका के बाद जांच शुरू की गई।

# गोवा में PM मोदी ने भगवान राम की 77 फुट ऊंची मूर्ति का किया अनावरण

समाज जागरण

गोवा, 29 नवंबर 2025ः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दक्षिण गोवा के कानकोना क्षेत्र में स्थित श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ के 550वें वर्ष समारोह के अवसर पर भगवान श्रीराम की 77 फुट ऊंची कांसे की भव्य मूर्ति का अनावरण किया। गोवा सरकार के अनुसार, यह दुनिया में भगवान राम की अब तक की सबसे ऊंची कांसे की मूर्ति मानी जा रही है।

यह ऐतिहासिक कार्यक्रम आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक रहा, जहां PM मोदी ने देशवासियों को देश निर्माण में सहभागी बनने के लिए 9 महत्वपूर्ण संकल्पों की अपील की।

### "भारत देख रहा आध्यात्मिक पुनर्जागरण" — PM मोदी



अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस समय एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनरुत्थान के दौर से गुजर रहा है।

उन्होंने कहा, "अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का भव्य पुनर्विकास और उज्जैन में महाकाल महालोक का विस्तार – यह सब हमारे देश की जागृति और आध्यात्मिक विरासत के पुनर्जागरण का प्रमाण है।"

PM मोदी के अनुसार यह केवल विकास का मॉडल नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सांस्कृतिक पहचान का पुनःस्थापन है।

### PM मोदी की 9 प्रमुख अपीलें

*-पानी बचाने का संकल्प लें*
*-पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक पेड़ लगाएं*
*-स्वच्छता अभियान को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं*
*-स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करें*
*-देश के विभिन्न हिस्सों को समझने के लिए भारत भ्रमण करें*
*-प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को बढ़ावा दें*
*-स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं – बाजरा खाएं, तेल की मात्रा 10% कम करें, योग और खेल को दिनचर्या में शामिल करें*
*-गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं*
*-समाज और देश के लिए सकारात्मक योगदान दें*

### कार्यक्रम में उमड़ा जनसागर

इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक, साधु-संत और राज्य सरकार के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मूर्ति के अनावरण के बाद पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

यह मूर्ति केवल कांसे की संरचना नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और सम्मान का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि यह नया जीवन आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करेगा।

# राजकीय आईटीआई सेक्टर-31 निठारी में 29 नवंबर को लगेगा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले में युवाओं को मिलेगा रोजगार का सुनहरा अवसर

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 28 नवंबर, 2025ः राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नोएडा गौतम बुद्ध नगर में आगामी 29 नवम्बर 2025 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला आयोजित किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य यज्ञ देव सिंह ने बताया कि यह मेला राजकीय आईटीआई, सेक्टर-31 निठारी परिसर में होगा, जिसमें हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं किसी भी ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि मेला प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में जनपद गौतमबुद्धनगर की प्रमुख एवं प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जो युवाओं को शिक्षुता एवं रोजगार के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थियों अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में मेले में सम्मिलित होकर रोजगार पाने के सुनहरे अवसर का भरपूर लाभ उठा सकते हैं।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# लोनी के दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की गड्ढा भराई.. वाहन चालकों के कोई काम नहीं आई

## (वक्त से पहले ही दम तोड़ते वहान आए दिन हो रहे हैं दुर्घटनाग्रस्त)

समाज जागरण

लोनी, 28 नवंबरः देश की राजधानी दिल्ली से गंगोत्री तक जोड़ने वाले गड्ढों में तदबिल हुए लोनी के दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की मरम्मत करवाते हुए स्थानीय विधायक ने भले ही उसकी बदहाली दूर करने का प्रयास किया हो. मगर सच्चाई यह है कि यहा सफर करने वाले वाहनों को अभी भी बड़ी मुसीबत झेलनी पड़ती है, जिनका आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होना आम बात है। गौरतलब है कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि लगातार लोनी के खस्ता हाल हुए इस दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का पुनर्निर्माण कराने की बात कहते आ रहे हैं. मगर कई वर्ष बीत जाने के बावजूद यात्रियों/जनता को केवल उनके दावे ही हाथ लगे हैं। मार्ग के मौजूदा हालातो की बात करें तो स्थानीय विधायक द्वारा जर्जर हालत हुए इस मार्ग के गड्ढों को भरवाते हुए इसकी बदहाली दूर करने का प्रयास किया है। मगर इस ना काफी प्रयास के चलते वाहन चालकों के लिए यहां से सफर करना कोई आसान काम नहीं है।



अत्यंत व्यस्त रहने वाला यह मार्ग. जहां से प्रतिदिन लाखों वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, चालको के लिए भारी मुसीबत का सबब बना हुआ है। हालात ऐसे हैं कि यहां से सफर करने वाले वाहन समय से पहले ही दम दौड़ते जा रहे हैं जो अपनी यात्रा के दौरान अक्सर दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण एक बार फिर मार्ग पर बने गड्ढे के कारण पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली हैं, हालांकि गमिनत यह रही कि इस दौरान कोई अनहोनी होने से टल गई। अब देखना है कि अपनी दुर्दशा के आंसू पी रहे लोनी के इस दिल्ली-सहारनपुर मार्ग निर्माण का आखिर किस घड़ी में मुहूर्त निकालता है, और वाहन चालकों को कब तक इसी तरह यह पहाड़ जैसी मुसीबत से दो-चार होते रहना होगा।

# "उन्होंने पावर छोड़ दी": कर्नाटक विवाद के बीच डीके शिवकुमार ने सोनिया गांधी के त्याग का दिया उदाहरण

समाज जागरण

बेंगलुरु, 29 नवंबर 2025ः कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही राजनीतिक खींचतान एक बार फिर सुर्खियों में है। सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच सत्ता संतुलन को लेकर उठ रहे सवालों के बीच शुक्रवार को डीकेएस ने ऐसा बयान दिया जिसने कांग्रेस के अंदरूनी समीकरणों को नए सिरे से चर्चा में ला दिया।

बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में डीके शिवकुमार ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता से ऊपर सिद्धांत और देशहित को प्राथमिकता दी थी।

### सोनिया गांधी का उदाहरण देकर संदेश देने की कोशिश?

**डीके शिवकुमार ने कहा—**

"सोनिया गांधी 20 साल तक कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं। अब्दुल कलाम साहब ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया और मनमोहन सिंह को आगे बढ़ाया... उन्होंने पावर छोड़ दी थी।"



उन्होंने आगे बताया कि मनमोहन सिंह सिर्फ नेता ही नहीं बल्कि एक बेहतरीन अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने देश को नई दिशा दी।

### कर्नाटक में सत्ता संघर्ष की फिर गूँज

यह बयान ऐसे समय आया है जब कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच सत्ता साझा करने को लेकर महीनों से असहमति की खबरें हैं।

डीकेएस को 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत का प्रमुख चेहरा माना जाता है, लेकिन मुख्यमंत्री पद सिद्धारमैया के पास होने से समीकरण संवेदनशील बने हुए हैं।

### 2028 के चुनाव का संदेश भी दिया

अपनी बात को राजनीतिक रूप से संतुलित करते हुए डीके शिवकुमार ने कर्नाटक की जनता से अपील की—

"कृपया सिद्धारमैया की नेतृत्व वाली इस कांग्रेस सरकार के साथ बने रहें और हमें 2028 में फिर आशीर्वाद दें।"

उनकी यह अपील संकेत देती है कि अंदरूनी तनाव के बावजूद पार्टी आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए एकजुट रहने की कोशिश कर रही है।

### कांग्रेस हाईकमान पर सबकी निगाहें

कर्नाटक सरकार गठन से लेकर सत्ता संतुलन तक, कांग्रेस हाईकमान बार-बार मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है। अब डीकेएस का सोनिया गांधी वाला बयान यह दिखाता है कि वह नेतृत्व, त्याग और अनुशासन के संदेश के जरिए वर्तमान समीकरणों पर असर डालना चाहते हैं।

***राज्य की राजनीति में यह बयान सिर्फ टिप्पणी नहीं, बल्कि शक्ति संतुलन की दिशा में एक रणनीतिक संकेत माना जा रहा है।***

# बेटे की हत्या के दोषी लल्लू केवट को उम्रकैद

***- 20 हजार रुपये अर्थदंड, अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी***

***- करीब साढ़े 5 वर्ष पूर्व नाबालिग बेटे राकेश की कुल्हाड़ी से काटकर हुई नृशंस हत्या का मामला***

ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण

सोनभद्र। करीब साढ़े 5 वर्ष पूर्व कुल्हाड़ी से काटकर नाबालिग बेटे राकेश की नृशंस हत्या करने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी लल्लू केवट को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक अनिता पत्नी लल्लू केवट निवासी नौटोलिया कोटा, थाना चोपन, जिला सोनभद्र ने 8 अप्रैल 2020 को थानाध्यक्ष चोपन को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका पति शराब पीने का आदी है। घर में जो भी अनाज रखती है उसे बेचकर शराब पी जाता है। वह और उसका 15 वर्षीय बेटा राकेश इसका विरोध करते हैं, जिसकी वजह से पति रंजिश रखता था। 8 अप्रैल 2020 को सुबह 6 बजे बेटा राकेश व बेटी निशा महुआ बीनकर घर आए और सो गए। वह भी बाहर निकली थी तभी सुबह 8 बजे उसकी बेटी निशा चिल्लाते हुए आयी और बताई कि राकेश की कुल्हाड़ी से पिताजी ने गर्दन काट दिया है। जब वह घर आई तब तक आसपास के कई लोग आ गए। इतने में उसका पति जंगल की ओर भाग गया। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

# संदेसरा बंधुओं पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उठे बड़े सवाल



आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि चूंकि सार्वजनिक धन कर्जदाताओं को लौटाया जा रहा है इसलिए आपराधिक कार्रवाई जारी रखने से कोई हित सधने वाला नहीं है

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक निर्णय में कहा है कि अहमदाबाद की कंपनी स्टर्लिंग बायोटेक के भगोड़े प्रवर्तक नितिन और चेतन संदेसरा अगर 17 दिसंबर तक 5,100 करोड़ रुपये की राशि जमा करते हैं तो उनके खिलाफ सभी आपराधिक मामले बंद कर दिए जाएं। यह आदेश उन कारोबारियों के साथ व्यवहार को लेकर अहम सवाल उठाता है जो जनता का पैसा लेकर फरार हो जाते हैं। यह आदेश उस एकमुश्त निपटान का उल्लेख करता है जिसके तहत प्रवर्तकों ने बैंकों के एक समूह को बकाया राशि चुकाने पर सहमति जताई थी।

इसके बदले राज्य उनके विरुद्ध सभी आपराधिक कार्रवाइयों, जिसमें आर्थिक अपराधी के रूप में उनकी पहचान शामिल है, को समाप्त कर देगा। ये दोनों भाई साल 2017 में अल्बानियाई पासपोर्ट पर भारत से फरार हो गए थे और नाइजीरिया में तेल व गैस का कारोबार चला रहे थे। इनके खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय और आयकर विभाग जैसी कई एजेंसियों द्वारा दर्ज मामलों की लंबी सूची है।

यह आदेश कुछ अहम नैतिक सवाल उठाता है। आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि चूंकि सार्वजनिक धन कर्जदाताओं को लौटाया जा रहा है इसलिए आपराधिक कार्रवाई जारी रखने से कोई हित सधने वाला नहीं है। यह दलील एक तरह से अपराधों की आपराधिकता को खत्म करती है। यह व्यावहारिक हो सकती है लेकिन इसे ईमानदारी के संदर्भों में उचित ठहराना मुश्किल है जबकि वह स्वस्थ कारोबारी माहौल का आधार है। यह आदेश एक तरह से देनदारी से बचने वालों को पुरस्कृत करता है और प्रभावशाली कर्जधारकों के लिए समय पर या कभी भी कर्ज चुकाने की प्रेरणा को कमजोर बनाता है।

वास्तव में आदेश को संदेसरा बंधुओं के लिए एक अप्रत्याशित लाभ कहा जा सकता है क्योंकि यह उनके द्वारा जानबूझकर की गई धोखाधड़ी और गबन जैसे अपराधों के लिए आर्थिक दंड नहीं लगाता। वह न तो धन शोधन रोधी अधिनियम के तहत ऐसा करता है और न ही भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम के तहत। सीबीआई के अनुसार, भारतीय बैंकों की बकाया राशि लगभग 5,383 करोड़ रुपये थी, जिसे प्रवर्तकों ने मुख्य रूप से शेल कंपनियों के माध्यम से विदेश में स्थानांतरित कर दिया था।

इसका इस्तेमाल नाइजीरिया में कारोबार खड़ा करने और निजी विलासिता, जैसे निजी जेट और लग्जरी अचल संपत्ति खरीदने के लिए किया जाना था। वे पहले ही एक अन्य कानूनी प्रक्रिया के दौरान लगभग 3,507 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं, और दिवाला प्रक्रिया के तहत कर्जदाताओं ने लगभग 1,192 करोड़ रुपये की वसूली की है, जिससे निपटान राशि में एक तरह का दंड शामिल होता है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय के समक्ष सीलबंद लिफाफे में जो एकमुश्त निपटान प्रस्तुत किया उसके बारे में जानकारी है कि वह बैंकों के साथ चर्चा के बाद तय एक सहमति वाला आंकड़ा था। चूंकि उस राशि में सार्वजनिक धन शामिल है इसलिए एक हद तक उसमें पारदर्शिता होनी चाहिए कि वह राशि किस प्रकार तय की गई। दूसरा, इन आंकड़ों में बीच की अवधि के ब्याज भुगतान की अनदेखी कर दी गई। इससे बैंकों को जो राशि मिलनी थी उतनी नहीं मिल सकेगी। एक दंडात्मक जुमार्ना कम से कम संभावित डिफॉल्टरों के मन में भय पैदा कर सकता था।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यह निर्णय खास हालात पर निर्भर है और इसे नजीर नहीं माना जा सकता है। यह स्पष्ट नहीं है कि कैसे संदेसरा बंधु और उनके सहायक दूसरे फरार डिफॉल्टरों मसलन विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी या जतिन मेहता से अलग हैं। ये लोग भी बिना जेल गए इसी तरह के सौदों की मांग कर सकते हैं। यह फैसला ऐसे समय आया है जब भारतीय बैंक हाल ही में फंसे हुए कर्ज के भारी बोझ से उबरकर सामान्य स्थिति में लौटे हैं। ऐसे आदेश बैंकिंग प्रणाली को एक बार फिर पुरानी स्थिति में ले जाने का जोखिम पैदा करते हैं।

# रिश्तों में दूर करते व्यवधान...!

ये एक परिवार या एक कोठी की नहीं कहानी,
रिश्तों, दौलत व मानसिक तनाव हुआ बयानी।
देश के नामी नाम राजश्री-कमला आती पसंद,
इंडस्ट्री व आम लोगों को हिलाया रह गए दंग।

घर के एक कमरे में फांसी पे लटकी हुई मिलीं,
वो आत्महत्या का कदम ही क्यों उठाके चलीं।
रिश्तों में प्यार एवं विश्वास; कमी का गहरा दर्द,
किसी रिश्ते में प्यार या भरोसे का न रहा अर्थ।

जिंदगी खत्म कर लेना नहीं यह कोई समाधान,
रिश्ते में रहते जीने के लिए दूर करते व्यवधान।
यूं लंबे समय तक भावनात्मक तनाव में ना रहें,
आओं करें दुआ सकारात्मक सभी रहें प्रेम बहें।
(संदर्भ-दीप्ति का सुसाइड केस)

**संजय एम तराणेकर**

# वेदझ्रउपनिषदों के आलोक में प्रदीप्त होता वैश्विक आकाश, अयोध्या से विश्वशांति का नवोदय।

वेद, उपनिषद और पुराणों का ज्ञान भारतीय चेतना का वह दिव्य आलोक है जिसने सहस्त्राब्दियों से संपूर्ण मानवता को दिशा दी है। इन प्राचीन ग्रंथों में निहित ऊर्जा, तत्वज्ञान और आध्यात्मिक शक्ति केवल धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के प्रकाशस्तंभ हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद के मंत्र केवल ध्वनियाँ नहीं, बल्कि जीवन का अनंत संगीत हैं जो मनुष्य को बाह्य नहीं, अंतरंग रूप से परिष्कृत करते हैं और यह बताते हैं कि मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक उपलब्धियाँ नहीं बल्कि आत्मा का विस्तार है। आज जब संपूर्ण विश्व विभाजन, युद्ध की राजनीति, शक्ति सन्तुलन और स्वार्थ की अंधी दौड़ में घिरा हुआ है, तब वेदों का यह प्रकाश पुनः वैश्विक आकाश को प्रदीप्त कर सकता है। बीते दो दशकों में मानव सभ्यता ने विज्ञान और तकनीकी विकास की अद्भुत प्रगति देखी है, परंतु इसके साथ युद्ध की भयावहता भी बढ़ी है। यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष, मध्यझ्रपूर्व में बढ़ते तनाव, दक्षिण चीन सागर का भू राजनीतिक संकट, अफ्रीक में गृहयुद्ध, और महाशक्तियों द्वारा निरंतर सामरिक प्रदर्शनों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मानवता आज एक बार फिर ऐसे चौराहे पर खड़ी है जहां युद्ध और शांति के बीच की रेखा अत्यंत पतली हो चुकी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर है, ऊर्जाझ्र संकट ने विश्व को चुनौती दी है, और पर्यावरणीय संकट पृथ्वी के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। ऐसे क्षण में समाधान कहीं बाहर नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों और सनातन संस्कृति में निहित है, जो वसुधैव कुटुम्बकम् के अद्भुत विचार से समूचे विश्व को एक परिवार मानती है। यही वह विचार है जिसने भारत को प्राचीन काल में विश्वगुरु बनाया और आज पुनः विश्व नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है।

योग, ध्यान, आयुर्वेद और अध्यात्म की भारतीय परंपरा ने यूरोप, अमेरिका, एशिया और ऑस्ट्रेलिया तक जीवन की नई ऊर्जा भर दी है। संयुक्त राष्ट्र के मंच पर जब भारत ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा की और 177 देशों ने उसे समर्थन दिया, तब यह स्पष्ट हो गया कि विश्व भारत से केवल आर्थिक शक्ति नहीं, बल्कि आध्यात्मिक नेतृत्व की अपेक्षा करता है। मानव विकास की दिशा केवल प्रौद्योगिकी में नहीं, बल्कि आंतारिक शांति और संतुलन में निहित है। यह विचार आज विश्व के मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक विमर्शों का आधार बन रहा है। परंतु दुर्भाग्य यह है कि वैश्विक नेतृत्व का बड़ा भाग अब भी सैन्य सामर्थ्य और शक्ति प्रदर्शन की मानसिकता से बाहर नहीं आ पाया है। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर आज भी संघर्ष और विस्तारवाद की गूँज सुनी जाती है। ऐसे समय में भारत ने अयोध्या से शांति का ध्वज उठाकर समूचे विश्व को यह संदेश दिया कि युद्ध से कभी शांति उत्पन्न नहीं होती शांति केवल संवाद, सहयोग और संवेदना से संभव है।

अयोध्या में हुआ ध्वजारोहण केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। उस क्षण जब करोड़ों लोगों ने एक साथ शांति मंत्रों का उच्चारण किया ह्लॐ द्यौः शान्तिः, अन्तरिक्षं शान्तिः, पृथिवी शान्तिःह्व और ह्लसंगच्छध्वं संवदध्वंह्व तो यह केवल भारत की आस्था की ध्वनि नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता की पुकार थी कि युद्ध की विभीषिका पर विजय प्राप्त कर शांति को सार्वभौमिक धर्म बनाया जाए। यह उद्घोष आज वैश्विक कूटनीति में उस नए अध्याय की शुरूआत है जहां भारत हथियारों की बाजी नहीं, संवाद का नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक शांति दृष्टि उसी सनातन विचारधारा का आधुनिक रूप है, जिस्का मूल है।मानवता का भविष्य हथियारों की चमक में नहीं, बल्कि नैतिक प्रकाश में है। आज भारत केवल आर्थिक प्रगति, अंतरिक्ष विज्ञान या तकनीकी क्षमता के बल पर ही नहीं, बल्कि नैतिक नेतृत्व के आधार पर विश्व का मार्गदर्शक बन रहा है। ऋ20 शिखर सम्मेलन में भारत द्वारा रखा गया "वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर"का संकल्प उसी वसुधैव कुटुम्बकम् की नए युग की भाषा है।

यदि जीवन को केवल रोजगार, विवाह, संतान और सेवानिवृत्ति तक सीमित कर दिया जाए, तो वह एक अधूरा वृत्त रह जाता है। जीवन का वास्तविक अर्थ तब पूर्ण होता है जब उसमें सामुदायिक श्रम, सामाजिक उपयोगिता और आत्मिक संतोष का सम्मिलन हो। यही वह सिद्धांत है जिसने राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान, महर्षि दयानंद और स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों को समाज की कुरीतियों और जड़ता के विरुद्ध संघर्ष करने की शक्ति दी। यही वह ऊर्जा है जिसने सुंदरलाल बहुगुणा को चिपको आंदोलन खड़ा करने की प्रेरणा दी, कैलाश सत्यार्थी को बाल अधिकारों के लिए विश्व- अभियान चलाने का साहस दिया, और बिल गेट्स तथा वॉरेन बफेट को अपनी अकूत संपत्ति का विशाल भाग मानव सेवा में लगाने का संकल्प दिया। एडिसन, आइंस्टीन, मैडम क्यूरी और राइट बंधु सफलता के पीछे नहीं भागे, उन्होंने सार्थकता को उद्देश्य बनाया। यदि वे केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित रहते, तो उनके आविष्कार मानवता की धरोहर न बन पाते।सफलता क्षणिक सुख दे सकती है, पर सार्थक श्रम ही वह दीप है जो जीवन को स्थायी उजाला देता है और समाज को पथप्रदर्शक। जब श्रम, परिश्रम और प्रयत्न एक साथ मिलते हैं, तभी चिरस्थायी आनंद, आत्मिक संतोष और मानवता की उन्नति संभव होती है। यही वेदों की परंपरा का सार है और यही अयोध्या के ध्वजारोहण का संदेश पहले अशांति को परास्त करो, तभी शांति का ध्वज फहरेगा। आज भारत विश्व को बता रहा है कि युद्ध का अंत हथियारों से नहीं, बल्कि विचारों और संस्कृति की शक्ति से होता है। अयोध्या का शांतिमय ध्वज अब केवल भारत का प्रतीक नहीं, बल्कि विश्व मानवता की दिशा है। भारत निरंतर वैश्विक शिखर की ओर बढ़ रहा है और यह प्रस्थान मार्ग शस्त्रों से नहीं, शास्त्रों की रोशनी से आलोकित है। यही है नया युग विश्वशांति का, वैश्विक एकता का और भारतीय नेतृत्व का।



**संजीव ठाकुर**

# गुरबचन सिंह सालारिया



कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया (जन्मः 29 नवम्बर, 1935; शहादतः 5 दिसम्बर, 1961) परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक थे। इन्हें यह सम्मान सन 1961 में मरणोपरांत मिला। संयुक्त राष्ट्र संघ की शांति सेना के साथ कांगो के पक्ष में बेल्जियम के विरुद्ध बहादुरी पूर्वक प्राण न्योछावर करने वाले योद्धाओं में कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया का नाम लिया जाता है जिन्हें 5 दिसम्बर 1961 को एलिजाबेथ विला में लड़ते हुए अद्भुत पराक्रम दिखाने के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र दिया गया। वह उस समय केवल 26 वर्ष के थे।

**जीवन परिचय**

गुरबचन सिंह का जन्म 29 नवम्बर 1935 को शकरगढ़ के जनवल गाँव में हुआ था। यह स्थान अब पाकिस्तान में है। इनके पिता भी फौजी थे और ब्रिटिश-इंडियन आर्मी के डोगरा स्क्वेड्रन, हडसन हाउस में नियुक्त थे। इनकी माँ एक साहसी महिला थीं तथा बहुत सुचारू रूप से गृहस्थी चलाते हुए बच्चों का भविष्य बनाने में लगी रहती थीं। पिता के बहादुरी के किस्सों ने गुरबचन सिंह को भी फौजी जिंदगी के प्रति आकृष्ट किया। इसी आकर्षण के कारण गुरबचन ने 1946 में बैंगलोर के किंग जार्ज रॉयल मिलिट्री कॉलेज में प्रवेश लिया। अगस्त 1947 में उनका स्थानांतरण उसी कॉलेज की जालंधर शाखा में हो गया। 1953 में वह नैशनल डिफेंस अकेडमी में पहुँच गये और वहाँ से पास होकर कारपोरल रैंक लेकर सेना में आ गए। वहाँ भी उन्होंने अपनी छवि वैसी ही बनाई जैसी स्कूल में थी यानी आत्म सम्मान के प्रति बेहद सचेत सैनिक माने गए। एक बार इन्हें एक छात्र ने तंग करने की कोशिश की। वह एक तगड़ा सा दिखने वाला लड़का था लेकिन इसी बात पर गुरबचन सिंह ने उसे बॉक्सिंग के लिए चुनौती दे डाली। मुकाबला तय हो गया। सबको यही लग रहा था कि गुरबचन सिंह हार जायेंगे, लेकिन रिंग के अंदर उतरकर जिस मुस्तैदी से गुरबचन सिंह ने मुक्कों की बरसात की, उसके आगे वह कुशल प्रतिद्वंद्वी भी ठहर नहीं पाया और जीत गुरबचन सिंह की हुई। एक बार एक बेचारा लड़का कुएँ में गिर गया, गुरबचन सिंह वहीं थे। उन्हें बच्चे पर तरस आया और वह उसे बचाने को कुएँ में कूदने को तैयार हो गये, जब कि उन्हें खुद भी तैरना नहीं आता था। खैर उनके साथियों ने उन्हें ऐसा करने से रोक लिया।

**भारतीय सेना में योगदान**

3/1 गोरखा राइफल्स के कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया को संयुक्त राष्ट्र के सैन्य प्रतिनिधि के रूप में एलिजाबेथ विला में दायित्व सौंपा गया था। 24 नवम्बर 1961 को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद ने यह प्रस्ताव पास किया था कि संयुक्त राष्ट्र की सेना कांगो के पक्ष में हस्तक्षेप करे और आवश्यकता पड़ने पर बल प्रयोग करके भी विदेशी व्यवसायियों पर अंकुश लगाए। संयुक्त राष्ट्र के इस निर्णय से शोम्बे के व्यापारी आदि भड़क उठे और उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की सेनाओं के मार्ग में बाधा डालने का उपक्रम शुरू कर दिया। संयुक्त राष्ट्र के दो वरिष्ठ अधिकारी उनके केंद्र में आ गये। उन्हें पीटा गया। 3/1 गोरखा राइफल्स के मेजर अजीत सिंह को भी उन्होंने पकड़ लिया था और उनके ड्राइवर की हत्या कर दी थी। इन विदेशी व्यापारियों का मंसूबा यह था कि वह एलिजाबेथ विला के मोड़ से आगे का सारा संवाद तंत्र तथा रास्ता काट देंगे और फिर संयुक्त राष्ट्र की सैन्य टुकड़ियों से निपटेंगे। 5 दिसम्बर 1961 को एलिजाबेथ विला के रास्ते इस तरह बाधित कर दिये गए थे कि संयुक्त राष्ट्र के सैन्य दलों का आगे जाना एकदम असम्भव हो गया था। करीब 9 बजे 3/1 गोरखा राइफल्स को यह आदेश दिये गए कि वह एयरपोर्ट के पास के एलिजाबेथ विला के गोल चक्कर का रास्ता साफ करे। इस रास्ते पर विरोधियों के करीब डेढ़ सौ सशस्त्र पुलिस वाले रास्ते को रोकते हुए तैनात थे। योजना यह बनी कि 3/1 गोरखा राइफल्स की चार्ली कम्पनी आयरिश टैंक के दस्ते के साथ अवरोधकों पर हमला करेगी। इस कम्पनी की अगुवाई मेजर गोविन्द शर्मा कर रहे थे। कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया एयरपोर्ट साइट से आयारिश टैंक दस्तें के साथ धावा बोलेंगे इस तरह अवरोधकों को पीछे हटकर हमला करने का मौका न मिल सकेगा। कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया की ए कम्पनी के कुछ जवान रिजर्व में रखे जाएँगे। गुरबचन सिंह सालारिया न इस कार्रवाई के लिए दोपहर का समय तय किया, जिस समय उन सशस्त्र पुलिसबालों को हमले की जरा भी उम्मीद न हो। गोविन्द शर्मा तथा गुरबचन सिंह दोनों के बीच इस योजना पर सहमति बन गई।

**शहादत**

कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया 5 दिसम्बर 1961 को एलिजाबेथ विला के गोल चक्कर पर दोपहर की ताक में बैठे थे कि उन्हें हमला करके उस सशस्त्र पुलिसवालों के व्यूह को तोड़ना है, ताकि फोजें आगे बढ़ सकें। इस बीच गुरबचन सिंह सालारिया अपनी टुकड़ी के साथ अपने तयशुदा ठिकाने पर पहुँचने में कामयाब हो गई। उन्होंने ठीक समय पर अपनी रॉकेट लांचन टीम की मदद से रॉकेट दाग कर दुश्मन की दोनों सशस्त्र कारें नष्ट कर दीं। यही ठीक समय था जब वह सशस्त्र पुलिस के सिपाहियों को तितर-बितर कर सकते थे। उन्हें लगा कि देर करने से फिर से संगठित होने का मौका मिल जाएगा। ऐसी नौबत न आने देने के लिए कमर तुरंत कस ली। उनके पास केवल सोलह सैनिक थे, जबकि सामने दुश्मन के सौ जवान थे। फिर भी, वह परवाह किए वह और उनका दल दुश्मन पर टूट पड़े। आमने-सामने मुठभेड़ होने लगी जिसमें गोरखा पलटन की खुखरी ने तहलका मचाना शुरू कर दिया। दुश्मन के सौ में से चालीस जवान वहीं ढेर हो गए लेकिन दुश्मन के बीच खलबली मच गई। और वह बौखला उठा तभी गुरबचन सिंह एक के दाब एक दो गोलियों का निशाना बन गए।

# जब जीवन की पहली खुराक ही विष से प्रभावित हो जाए

बिहार में मांओं के दूध में यूरेनियम की उपस्थिति का खुलासा एक ऐसे समय में सामने आया है, जब देश लगातार सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरणीय क्षरण और बुनियादी ढांचे की कमियों से जूझ रहा है। यह अध्ययन केवल वैज्ञानिक डेटा नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक व प्रशासनिक ढांचे की गहरी उपेक्षा का संकेतक है। भोजपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, कटिहार और नालंदा जैसे जिलों से लिए गए चालीस नमूनों में यूरेनियम का मिलना एक स्थानीय घटना नहीं, बल्कि एक व्यापक पर्यावरणीय संकट की ओर इशारा करता है। सबसे अधिक चिंताजनक यह तथ्य है कि ये नमूने उन महिलाओं के थे, जो नवजात शिशुओं को स्तनपान करा रही थीं–अर्थात यह प्रदूषण सीधे उन सबसे नाजुक शरीरों तक पहुंच रहा है, जिन्हें जीवन की शुरूआत में सबसे स्वच्छ भोजन मिलना चाहिए।

महावीर कैंसर संस्थान, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और अक्ब्ब्टर दिल्ली द्वारा किए गए इस संयुक्त शोध ने यह स्पष्ट किया है कि नवजात शिशओं में संभावित गैर-कैंसरोजेनिक स्वास्थ्य जोखिमों का संकेत 70 प्रतिशत से अधिक मामलों में देखा गया। हालांकि कुल यूरेनियम स्तर निर्धारित वैश्विक सीमा के भीतर बताए गए हैं, लेकिन यह भी सच है कि ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम के लिए कोई सार्वभौमिक मानक ही मौजूद नहीं है। ऐसे में यह कहना कि जोखिम सीमित है, कहीं न कहीं असहज करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, बच्चों के शरीर में तत्वों को बाहर निकालने की क्षमता कम होती है, इसलिए उनकी किडनी, न्यूरोलॉजिकल विकास, क्द्द और मानसिक स्वास्थ्य पर इसके दीर्घकालीन प्रभाव संभव हैं। यह तथ्य अकेले ही राज्य और केंद्र सरकार को चौकन्ना करने के लिए पर्याप्त होना चाहिए।

फिर भी विशेषज्ञों ने स्तनपान बंद करने की सलाह नहीं दी है, क्योंकि मां के शरीर में पहुंचा अधिकांश यूरेनियम मूत्र के माध्यम से बाहर निकल जाता है और स्तन के दूध में इसकी मात्रा अपेक्षाकृत कम होती है। यह सलाह व्यावहारिक भी है और सार्वजनिक स्वास्थ्य के व्यापक परिप्रेक्ष्य में आवश्यक भी, क्योंकि स्तनपान बंद करने से बच्चों की पोषण व्यवस्था पर गहरा असर पड़ेगा। लेकिन यही तर्क सरकारों की जिम्मेदारी कम नहीं करता। यह समझना जरूरी है कि समस्या स्तनपान नहीं–बल्कि प्रदूषण का स्रोत है। जब भूजल, मिट्टी और खाद्य श्रृंखला में यूरेनियम प्रवेश कर चुका हो, तब इसका असर केवल एक पीढ़ी पर नहीं, आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ेगा।

इस अध्ययन का दायरा 2021 से 2024 तक रहा, जो बताता है कि यह कोई अचानक उत्पन्न हुई परिस्थिति नहीं, बल्कि एक लंबे समय से पनप रही समस्या है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया भी अब इसके स्रोत की जांच कर रहा है, लेकिन यह प्रश्न अनुत्तरित है कि आखिर कौन से कारक इतने संवेदनशील जिलों में यूरेनियम की मात्रा बढ़ा रहे हैं। क्या यह प्राकृतिक भू-वैज्ञानिक संरचना का परिणाम है, या कृषि रसायनों, खनन गतिविधियों, औद्योगिक कचरे और भूजल के अंधाधुंध दोहन के कारण उत्पन्न मानवजनित प्रदूषण? और यदि प्रदूषण का स्रोत वर्षों पुराना है, तो इसका पता लगाने और रोकथाम में प्रशासन इतना विलंब क्यों करता रहा? इस मुद्दे की गंभीरता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि प्रभावित आबादी मुख्यतः ग्रामीण है, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से कमजोर हैं और भूजल ही पीने और दैनिक उपयोग का प्राथमिक स्रोत है। यदि यही जल प्रदूषित हो चुका है, तो समस्या केवल माताओं और बच्चों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। यह भी स्पष्ट है कि यूरेनियम जैसे भारी धातुओं का असर धीमा लेकिन स्थायी होता है–वे शरीर में जमा होते हैं और वर्षों तक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में यह मान लेना कि वर्तमान स्तर सुरक्षित हैं, एक खतरनाक सरलता है।

इस दृष्टि से सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि इस शोध के सामने आने के बाद क्या सरकारें केवल चिंता व्यक्त कर संतुष्ट हो जाएंगी, या वास्तव में यह घटना एक व्यापक नीति परिवर्तन का आधार बनेगी। बिहार में पेयजल शुद्धिकरण, वैकल्पिक जल स्रोतों की उपलब्धता, भूजल परीक्षण की नियमित व्यवस्था, और पर्यावरणीय निगरानी जैसे उपाय वर्षों से घोषणाओं में ही अटके हुए हैं। अब समय आ गया है कि इन घोषणाओं को जमीन पर उतारा जाए। इस्के अतिरिक्त, महिलाओं और बच्चों के लिए एक दीर्घकालीन स्वास्थ्य सर्वेक्षण अनिवार्य होना चाहिए। यदि स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव पड़ा है, तो उसके लिए त्वरित चिकित्सा सहायता और दीर्घकालिक मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए।

यह केवल बिहार का मामला नहीं; यह देश के लिए एक चेतावनी है। यूरेनियम या अन्य भारी धातुओं से प्रदूषण सीमाओं में कैद नहीं रहता। यह धीरे-धीरे फैलता है, खाद्य श्रृंखला को प्रभावित करता है और अंत में मनुष्य के शरीर में प्रवेश करता है। यदि आज इन छह जिलों में यह समस्या दिख रही है, तो हमें यह मानने से इंकार नहीं करना चाहिए कि अन्य राज्यों में भी इसी तरह की स्थितियाँ मौजूद हों और अब तक सामने न आई हों। भारत में पर्यावरणीय निगरानी की व्यवस्था बिखरी हुई और सीमित है। ऐसे में यह अध्ययन उस गहरी खामोशी को तोड़ता है जिसके भीतर हमारा पारिस्थितिक संकट छिपा रहता है।

इसलिए आवश्यकता केवल वैज्ञानिक जांच या स्वास्थ्य पर शोध की नहीं–बल्कि एक व्यापक सामाजिक-राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि विकास का मॉडल यदि पर्यावरणीय सुरक्षा की अनदेखी करता है तो उसकी कीमत अंततः समाज के सबसे कमजोर हिस्से को चुकानी पड़ती है। नवजात शिशुओं के शरीर में यूरेनियम का पहुंचना इस विडंबना की सबसे भयावह अभिव्यक्ति है। यह वह क्षण है जब वैज्ञानिक अनुसंधान, मीडिया, प्रशासन और समाज को मिलकर एक संयुक्त प्रयास करना चाहिए ताकि यह संकट केवल आँकड़ों में दर्ज होकर न रह जाए, बल्कि वास्तविक परिवर्तन का कारण बने।

यह शोध हमें याद दिलाता है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य केवल अस्पतालों, दवाओं और उपचारों से सुरक्षित नहीं होता। यह स्वच्छ पर्यावरण, सुरक्षित जल, और वैज्ञानिक नजरिये से संचालित नीतियों से संरक्षित होता है। बिहार की यह घटना हमें यही सिखाती है कि यदि हम पर्यावरण को सुरक्षित नहीं रख पाए, तो भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा का दावा करना केवल आत्मवंचना होगा।



**– महेन्द्र तिवारी**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी–42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनवाने का सुनहरा मौका, 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक चल रहा विशेष अभियान

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 28 नवंबर 2025ः जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को गोल्डन हेल्थ कार्ड बनवाने का विशेष अवसर मिल रहा है। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार 25 नवंबर से 25 दिसंबर 2025 तक आयुष्मान कार्ड हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़कर उन्हें कैशलेस इलाज का लाभ प्रदान करना है।

### किन्हें मिल सकता है आयुष्मान कार्ड?

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि निम्न वर्गों के लोग पात्र हैं–

- अंत्योदय (लाल/गुलाबी) राशन कार्ड धारक
- 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिक
- उत्तर प्रदेश सरकार के सभी कर्मचारी
- अन्य राशन कार्ड धारक अपनी पात्रता ऑनलाइन जांचकर कार्ड बनवा सकते हैं

### योजना में क्या मिलेगा?

- प्रत्येक परिवार को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज
- सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में कैशलेस सुविधा
- परिवार के हर सदस्य के लिए अलग कार्ड, जिससे लाभ किसी एक व्यक्ति या पूरा परिवार मिलकर उठा सकता है।

### कार्ड कैसे बनवाएं?

*कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड आवश्यक हैं।*

***लाभार्थी निम्न माध्यमों से कार्ड बनवा सकते हैं–***

- आयुष्मान भारत मोबाइल ऐप
- ऑनलाइन आवेदन
- नजदीकी सूचीबद्ध अस्पताल
- जन सूचना केंद्र (CSC)
- टोल-फ्री नंबर पर कॉलः
- 14555
- 1800-1800-4444

### सहयोग के लिए अपील

CMO ने आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक, कोटेदार, जन सूचना केंद्र संचालक, स्कूलों के शिक्षक, प्रधान व सचिव से आग्रह किया है कि वे पात्र लोगों को कार्ड बनवाने में मदद करें।

**"यह योजना सरकार की सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार को आर्थिक बोझ से मुक्त बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।"**

सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के तहत सोलर पंप बुकिंग का स्वर्णिम अवसर

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर 28 नवंबर, 2025 उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जनपद के समस्त कृषकों को बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में सोलर पंप प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया 26 नवंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक विभागीय पोर्टल पर खुली रहेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक कृषक विभागीय वेबसाइट www.upagriculture.com पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने के उपरांत https://agriculture.up.gov.in/ पर उपलब्ध अनुदान पर सोलर पंप बुकिंग लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

सोलर पंप की विभिन्न श्रेणियों 02 एचपी डीसी/एसी सरफेस पंप, 02 एचपी डीसी/एसी सबमर्सिबल पंप, 03 एचपी डीसी/एसी सबमर्सिबल पंप, 05, 7.5 एवं 10 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर अनुमन्य अनुदान प्रदान किया जाएगा। बुकिंग के दौरान कृषकों को 5000 रुपये टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करनी होगी। चयन पूरी तरह ई-लाटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। चयनित होने के बाद कृषक को निर्धारित अवधि में शेष अंश की धनराशि ऑनलाइन चालान जनरेट कर इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा करनी होगी, अन्यथा आवेदन निरस्त कर टोकन मनी जब्त कर ली जाएगी।

उन्होंने कृषकों को यह भी बताया कि अपने बोरिंग की क्षमता के अनुसार ही एचपी का चयन करें। 02 एचपी के लिए 04 इंच, 03 व 05 एचपी के लिए 06 इंच तथा 7.5 व 10 एचपी के लिए 08 इंच बोरिंग अनिवार्य है। सत्यापन के समय बोरिंग अनुपयुक्त पाए जाने पर आवेदन स्वतः निरस्त हो जाएगा। सिंचाई की गहराई के अनुसार विभिन्न एचपी के सोलर पंप उपयुक्त होते हैं, जिसका प्रमाण-पत्र बुकिंग के समय पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक है। पोर्टल पर जनपदवार 02 एचपी एवं 03 एचपी का संयुक्त लक्ष्य प्रदर्शित रहेगा, जिसमें कृषक अपनी आवश्यकता के अनुसार चयन कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि विद्युत रहित क्षेत्रों में प्रयुक्त डीजल पंप अथवा अन्य सिंचाई साधनों को सोलर पंप में परिवर्तित करने की सुविधा भी उपलब्ध है। हालांकि दोहित एवं अति दोहित क्षेत्रों में नए सोलर पंप स्थापित नहीं किए जाएंगे, लेकिन सूक्ष्म सिंचाई तकनीक का उपयोग करने वाले कृषकों के मौजूदा डीजल पंपों को सोलर पंप में परिवर्तित किया जा सकता है। यदि कृषक सूक्ष्म सिंचाई तकनीक का प्रयोग नहीं कर रहे हैं, तो उद्यान विभाग का त्रिपक्षीय अनुबंध अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा, अन्यथा टोकन मनी जब्त कर दी जाएगी। बैंक से ऋण लेकर कृषक अंश जमा करने पर कृषि अवस्थापना निधि के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कुल 06 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी भी उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि योजना का प्रमुख उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता को कम करना, सिंचाई लागत में कमी लाना तथा विद्युत रहित क्षेत्रों के कृषकों को डीजल पंप के स्थान पर सोलर पंप अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कृषक सोलर पंप स्थापित होने के बाद स्थान परिवर्तन नहीं करेंगे, अन्यथा पूरी अनुदान राशि उनसे वसूल कर ली जाएगी।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# नोएडा सेक्टर-40 में गिरी गौमाता को सामाजिक संस्था ने बचाया, जेसीबी की मदद से सुरक्षित निकाला

नोएडा, 28 नवंबर 2025ः जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था ने एक बार फिर मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए एक गौमाता की जान बचाई। आज शाम लगभग 6 बजे नोएडा सेक्टर-40 वेंडर जोन में एक गाय गहरे नाले में गिर गई। लोकल लोगों ने इसकी जानकारी तुरंत संस्था को दी।



### सूचना मिलते ही टीम पहुंची मौके पर

जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष दीपांशु शर्मा को जैसे ही इस घटना की सूचना मिली, संस्था के सदस्य तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

गाय नाले में फंसी हुई थी और खुद से बाहर निकल पाने की स्थिति में नहीं थी।

### जेसीबी की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन

स्थानीय प्रशासन और संस्था सदस्यों की मदद से जेसीबी मशीन मंगाई गई। सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया और लगभग कुछ समय के प्रयास के बाद गौमाता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### लोगों ने की संस्था की सराहना

घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने संस्था के इस त्वरित और संवेदनशील प्रयास की प्रशंसा की। गौसेवा में सक्रिय संस्था का यह अभियान अब तक कई पशुओं की जान बचा चुका है।

### अध्यक्ष ने बातचीत में कहा–

दीपांशु शर्मा ने कहाः "गौसेवा केवल सेवा नहीं, हमारी संस्कृति और कर्तव्य है। किसी भी जीव की रक्षा करना सबसे बड़ा धर्म है। संस्थान हमेशा ऐसी स्थितियों में मदद के लिए तत्पर रहेगा।"

# लाखन आर्मी टीम द्वारा महाराजा सलिहा पासी जन्मोत्सव एवं पासी समाज जन जागरूकता अभियान चलाया गया

समाज जागरण

जनपद बहराइच विकास खण्ड नबाब गंज ग्राम अडबडवा में लाखन आर्मी टीम द्वारा महाराजा सलिहा पासी जन्मोत्सव व पासी समाज जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

कार्यक्रम में लाखन आर्मी टीम देवी पाटन मंडल गोंडा के मंडल प्रतिनिधि पासी मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि पासी समाज को एकजुट होकर सभी कार्यो को करना चाहिए, पासी समाज में बिना एकता के सफलता मिलना मुश्किल है पासी ओंकार नाथ चौधरी ने कहा कि सभी पासी बाहुल्य गांवों में लाखन आर्मी टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान



चलाया जाएगा जिससे हमारा पासी समाज एकजुट होकर सरकारी गैरसरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो। हम सबको मिलकर पासी समाज के भाईयों को रोजगार व्यापार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की जरूरत है अभी हमारा समाज मेहनत मजदूरी के अलावा व्यापार रोजगार से न जुड़ने के कारण गरीबी की मार झेल रहा है पासी समाज को अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा क्योंकि अभी पासी समाज के बच्चे विद्यालय न जाकर बालश्रम कर रहे हैं

लाखन आर्मी टीम के देवी पाटन मंडल उपप्रचारक राम नारायन पासी ने कहा कि पासी समाज को अपने समाज का इतिहास की जानकारी करना जरूरी है जिस समाज इतिहास नहीं होता है उस समाज मिट जाता है कार्यक्रम में लाखन आर्मी टीम के जिलाध्यक्ष श्रावस्ती के विद्याराम पासी ने कहा कि हमें अपने समाज में जागरूकता फैलाना है और राजाओं के इतिहास की जानकारी करने की जरूरत है

# चालक शारदा प्रसाद चौबे हत्याकांड मामले में धीरेंद्र पटेल और राजेश सिंह को आजीवन कारावास

ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण

सोनभद्र। साढ़े 19 वर्ष पुराने चालक शारदा प्रसाद चौबे हत्याकांड मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू अर्चना रानी की अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। अदालत ने चतरा प्रमुख प्रतिनिधि धीरेंद्र पटेल और राजेश सिंह को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर उन्हें 10-10 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई गई अवधि उनकी सजा में समाहित की जाएगी। अर्थदंड की कुल धनराशि में से डेढ़ लाख रुपये पीड़ित पक्ष को दिए जाएंगे। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों दोषियों को जिला कारागार गुरमा भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह मामला 22 फरवरी 2006 का है।

## 29 नवंबर को जनपद में आयोजित होगा महा अभियान

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 29 नवंबर 2025ः गौतम बुद्ध नगर जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने और प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदाता सूची में शामिल करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मेधा रूपम ने आज एनआईसी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सत्यापन, खोज एवं गणना प्रपत्र प्राप्ति की प्रगति पर विस्तृत विचार-विमर्श एवं राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध किया गया। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा कल 29 नवंबर 2025 को प्रातः 10 बजे जनपद के प्रत्येक बूथ पर 'विशेष महा-अभियान दिवस' आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रशासन व समस्त राजनैतिक दल - समस्त BLO एवं BLA आपसी सहयोग से अभियान में लगेंगे।



जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अब सीमित दिन शेष हैं, और प्रशासन इस अभियान को अंतिम चरण तक अत्यंत गंभीरता से संचालित कर रहा है। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि उनके बूथ लेवल एजेंट निर्धारित बूथों पर उपस्थित रहकर BLO का पूर्ण सहयोग करें– विशेषकर ऐसे मतदाताओं की खोज में जिनका नाम सूची में दर्ज है, लेकिन पता भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि "जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे।"

बैठक में बताया गया कि जनपद के कुछ क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता चिह्नित हुए हैं जिनका नाम सूची में दर्ज तो है, परंतु उनका पता इछड को प्राप्त नहीं हो पाया है। इन क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के बीएलए की भूमिका अत्यधिक महत्त्वपूर्ण होगी।

जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक बूथ पर उन मतदाताओं की सूची अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिनका नाम सूची में है, परंतु पता सत्यापित नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक प्रदर्शन से स्थानीय नागरिकों को जानकारी मिलेगी, खोज प्रक्रिया तीव्र होगी और अभियान में जनसहभागिता भी बढ़ेगी।

### जिलाधिकारी की जनपदवासियों से अपील

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने जनपदवासियों से आग्रह किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने कहा –

"यदि किसी मतदाता को अभी तक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं मिल रहा है, या प्रपत्र भरकर जमा नहीं कर पाए हैं, तो वे तत्काल अपने बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर प्रपत्र जमा कराएँ, ताकि उनका नाम मतदाता सूची से न छूटे।"

उन्होंने बताया कि यदि गणना प्रपत्र की आवश्यकता हो, अथवा नाम जोड़ने (Form-6), परिवर्तन/संशोधन या किसी त्रुटि के सुधार हेतु आवेदन (Form-8) करना हो – तो EROs, AEROs, सुपरवाइजर, BLO तथा राजनीतिक दलों के BLA पूर्ण सहायता के लिए उपलब्ध हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता अपनी किसी भी समस्या के समाधान हेतु मतदाता हेल्पलाइन के माध्यम से भी तत्काल संपर्क कर सकते हैं। उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर इस प्रकार हैं

**हेल्पलाइन नंबर : 1950, 0120-2978702, 0120-2978231, 0120-2978232, 0120-2978233,** इसके साथ ही कोई भी मतदाता एउक्ठएळ पोर्टल के माध्यम से अपने क्षेत्र के किसी भी बीएलओ से कॉल-बैक का अनुरोध भी कर सकता है, जिससे संबंधित बीएलओ स्वयं कॉल करके आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे।

इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी का जन संवाद कार्यक्रम, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भेजे गए निमंत्रण

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 29 नवंबर 2025ः सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी द्वारा आगामी 7 दिसंबर को आयोजित होने वाले जन संवाद कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी ने प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय समाजसेवियों को औपचारिक निमंत्रण भेजे हैं।

### जनता सीधे रख सकेगी अपनी समस्या

इस जन संवाद कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह है कि मंच पर मौजूद अधिकारी और नेता, जनता से सीधे संवाद के लिए उपलब्ध रहेंगे।

किसी भी नागरिक को अपनी समस्या, सुझाव या मांग रखने की पूरी स्वतंत्रता होगी।

### सम्मान समारोह भी होगा

### इन अधिकारियों को मिला निमंत्रण

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निमंत्रण निम्न अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को भेजा गया है–

मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण

तीनों प्राधिकरणों के एक-एक अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

उप जिलाधिकारी (सदर), गौतम बुद्ध नगर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर

अपर पुलिस उपायुक्त (नोएडा), गौतम बुद्ध नगर, किसान संगठनों तथा सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष/प्रतिनिधि, स्कूलों के प्रधानाचार्य, क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी

कार्यक्रम आयोजकों ने आशा व्यक्त की है कि सभी आमंत्रित अतिथि कार्यक्रम में सादर उपस्थित रहेंगे।



### आयोजन का हिस्सा

कार्यक्रम में सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी के पदाधिकारियों की ओर से बड़ी संख्या में लोगों को–

**–पगड़ी पहनाकर,**

**–सम्राट मिहिर भोज जी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।**

आयोजकों ने बताया कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य समाज में एकता, स्वाभिमान और जागरूकता को बढ़ावा देना है।

### "जन संवाद – समाज को जोड़ने का माध्यम"

पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि यह कार्यक्रम सिर्फ मंचीय आयोजन नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन और समाज के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रयास है।

उन्होंने कहा– "हम जनता की समस्याओं को सुनने और समाधान के लिए हर स्तर पर पहल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गया

जनपद श्रावस्ती जनपद के गाँवों में व्यापक जनजागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत शाम से रात्रि 8 बजे तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में कैंडल मार्च निकाले गए, जिनमें महिलाओं, युवाओं, किशोर-किशोरियों तथा समुदाय के अन्य सदस्यों ने बाल विवाह न करने और न होने देने की सामूहिक शपथ ली। अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से बाल विवाह मुक्त भारत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा बच्चों की शिक्षा व अधिकारों की रक्षा पर विशेष जोर दिया गया और सभी से बाल विवाह की सूचना तुरंत प्रशासन व चाइल्डलाइन पर देने की अपील की गई। इसी क्रम में सशस्त्र सीमा बल 62वीं वाहिनी, भिनगा (श्रावस्ती) के जवानों ने भी बाल विवाह को सामाजिक कुरीति करार देते हुए अपने कैम्प में विशेष शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया। जवानों ने स्वयं बाल विवाह न करने, न कराने तथा अपने दायित्व क्षेत्र के गाँवों में जागरूकता अभियान चलाकर बाल विवाह की हर कोशिश को रोकने का संकल्प लिया।

समाजवादी पार्टी के वर्तमान सांसद श्री राम शिरोमणि वर्मा ने भी अपने संसदीय क्षेत्र में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उन्होंने गाँव-गाँव में चल रहे कैंडल मार्च और सामुदायिक बैठकों के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता देने, बाल विवाह की सूचना तत्काल देने तथा सामूहिक रूप से बाल विवाह मुक्त क्षेत्र बनाने का आह्वान किया।

# स्वच्छता की नई मिसाल यूपीसीडा एवं राज गंगा व उद्योग विकास एसोसिएशन का संयुक्त कचरा प्रबंधन अभियान बना प्रेरणा।

समाज जागरण

कानपुर विशेष संवाददाता। देश में तेजी से बढ़ते औद्योगिक विकास और बदलते उत्पादन ढांचों के बीच स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और कचरा प्रबंधन आज सबसे बड़ी चुनौतियों में गिने जाते हैं। जैसे-जैसे औद्योगिक क्षेत्र विस्तार पा रहे हैं, वैसे-वैसे कचरे का उत्पादन भी कई गुना अधिक हो गया है। यदि इस कचरे का वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन न किया जाए तो न केवल पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुँचती है, बल्कि उद्योगों की कार्यक्षमता और श्रमिकों का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। ऐसे समय में कानपुर के पनकी औद्योगिक क्षेत्र ने स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। हाल ही में पनकी साइट-3 उद्योग विकास एसोसिएशन की अध्यक्षता में एक व्यापक कचरा प्रबंधन और स्वच्छता अभियान में ४स्त्र३र्ि के डीजीएम



सलिल यादव व राज गंगा की टीम क्लस्टर हेड डॉ उदय प्रकाश साथ ही उनके साइड इंचार्ज रशिक रमन,और अमन शर्मा के नेतृत्व में आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य न केवल औद्योगिक क्षेत्र की सफाई करना था, बल्कि उद्यमियों और कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाना, सही कचरा निस्तारण के तरीकों को समझाना और उद्यमों को जिम्मेदार औद्योगिक इकाइयों के रूप में दक्ष बनाना भी था। इस सार्थक पहल का नेतृत्व राजगंगा UPSIDA टीम ने किया अभियान की प्रेरणा और क्यों हुआ यह आयोजन कानपुर का पनकी औद्योगिक क्षेत्र शहर के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में गिना जाता है। यहाँ लाखों के तादाद में श्रमिक काम करते हैं और सैकड़ों फैक्ट्रियां प्रतिदिन उत्पादन करती हैं। इस विशाल औद्योगिक गतिविधि का एक अनिवार्य उप-उत्पाद है औद्योगिक कचरा पिछले कुछ समय में बढ़ी चुनौतियाँ फैक्ट्रियों से निकलने वाला ठोस कचरा औद्योगिक रसायनों के अवशेष प्लास्टिक और पैकिंग सामग्री निर्माण कार्यों से उत्पन्न मलबा जलभराव और गड्ढों में जमा कचरा श्रमिकों द्वारा दैनिक रूप से उत्पन्न सामान्य कचरा इन समस्याओं ने मिलकर पनकी क्षेत्र में स्वच्छता को प्रभावित करना शुरू कर दिया था। पिछले कुछ माह में उद्यमियों और वढरक्क्ष्अ राजगंगा अधिकारियों को यह महसूस हुआ कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसी सोच के साथ उद्योग विकास एसोसिएशन एवं राज गंगा को संयुक्त रूप से इस बड़े अभियान के साथ सम्मिलित करने का आयोजन का निर्णय लिया। अभियान का नेतृत्वः जिम्मेदारियों से भरा सह योग अभियान में उद्योग विकास एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र अवस्थी की निर्णायक रहे साथ ही उनकी टीम का सहयोग प्राप्त हुआ।

# आईएमएस-डीआईए में आर्ट टीचर कॉन्क्लेव का आयोजन

समाज जागरण

नोएडा। आईएमएस-डिजाइन एंड इनोवेशन एकेडमी (डीआईए) में आर्ट टीचर कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिल्ली एनसीआर के स्कूलों से 60 छात्र-छात्राओं ने डिजाइन, क्रिएटिविटी एवं इनोवेशन के अनुभव प्राप्त किए। वहीं कॉन्क्लेव के दौरान 58 आर्ट टीचर को स्कैम्पर तकनीक से रूबरू कराया गया।

डीआईए के डीन प्रोफेसर (डॉ.) एमकेवी नायर ने बताया कि कॉनक्लेव के दौरान संस्कार वर्ल्ड स्कूल के 60 छात्र-छात्राओं ने डिजाइन, क्रिएटिविटी और इनोवेशन से जुड़ी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रायोगिक रूप से सोचने, अपनी कल्पनाशीलता को विकसित करने और डिजाइन-आधारित सीख की गहरी समझ प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान छात्रों ने वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट गतिविधि में भी हिस्सा लेकर बेकार वस्तुओं से उपयोगी और आकर्षक उत्पाद बनाकर अपनी रचनात्मक क्षमता और नवाचार सोच का प्रदर्शन किया। वहीं कॉन्क्लेव में 58 आर्ट टीचर्स को स्कैम्पर के सात चरण सब्स्टीट्यूट, कंबाइन ,अडैप्ट ,मॉडिफाई, पुट टू अनदर यूज, एलिमिनेट एवं रिवर्स के से अवगत कराया गया। प्रोफेसर नायर ने बताया कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य कला एवं डिजाइन आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना तथा भविष्य के रचनात्मक करियर के प्रति शिक्षक एवं विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाना है।



कॉन्क्लेव की शुरूआत करते हुए वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आईएमएस-डीआईए हमेशा से विद्यार्थियों और शिक्षकों को रचनात्मकता, नवाचार और डिजाइन थिंकिंग के वास्तविक अनुभव से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। आज के आर्ट टीचर कॉन्क्लेव का उद्देश्य न केवल कला शिक्षा को सशक्त बनाना है, बल्कि स्कूल स्तर पर डिजाइन-उन्मुख सोच को बढ़ावा देना भी है। हमें खुशी है कि इतने बड़े स्तर पर शिक्षक और विद्यार्थी इस पहल से जुड़े और अपनी प्रतिभा तथा सीखने की क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा



कि डिजाइन और क्रिएटिविटी आज हर क्षेत्र में आवश्यक कौशल बन गए हैं। आज का आर्ट टीचर कॉन्क्लेव भविष्य में रचनात्मक शिक्षा को नई दिशा देगा साथ ही उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग के नए मार्ग भी स्थापित करेगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सफलता के लिए आवश्यक है कि छात्र स्कूल स्तर पर अपने कौशल के विकास पर ध्यान दें और कॉलेज के दौरान उन्हीं कौशलों के आधार पर इनोवेशन की ओर अग्रसर हों। इसी सोच के साथ आईएमएस-डीआईए विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए सतत प्रयासरत है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए असमोली विकासखंड परिसर में बनी सुगम्य लाइब्रेरी

## मंडल आयुक्त अजन्य कुमार ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**समाज जागरण**

असमोली। विकासखंड असमोली के परिसर में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सुगम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की गई सुगम्य ज्ञान लाइब्रेरी का उद्घाटन मंगलवार को मंडल आयुक्त अजन्य कुमार ने फीता काटकर किया।



लाइब्रेरी उन गरीब दिव्यांग बच्चों के लिए शुरू की गई है, जिनके माता-पिता उन्हें बाहर पढ़ने के लिए नहीं भेज पाते। अब विकासखंड परिसर में ही वे पढ़ाई से जुड़ी जरूरी सामग्री और विशेष रूप से तैयार शिक्षण संसाधनों का लाभ ले सकेंगे।

उद्घाटन के दौरान मंडल आयुक्त ने मंदबुद्धि बच्चों से संवाद किया और उन्हें सिखाए गए शब्दार्थ के बारे में पूछा। उन्होंने इशारों के माध्यम से बच्चों के नाम जानने की कोशिश की। वहीं दृष्टिबाधित बच्चों को हाथ में छाया चित्र देकर पहचान करवाने की गतिविधि भी कराई गई।

अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से क्षेत्र के अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पसिया, एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला विकास अधिकारी रामाशीष, ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी,खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल शर्मा, और खंड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक अमित किशोर श्रीवास्तव ने गुरुवार को कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ अपर पुलिस अधीक्षक अमित किशोर श्रीवास्तव ने गुरुवार को कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलाषा रजिस्टर मालखाना, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क डेस्क कार्यालय का गहन निरीक्षण किया थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह और स्टाफ को क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूती से बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता बढ़ाने तथा लंबित शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटे व बड़े अपराधों के प्रति समान गंभीरता बरती जाए तथा पीड़ितों की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुना जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीट प्रणाली को मजबूत करने, गश्त को नियमित करने तथा खुराफाती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने थाने की साफ-सफाई, अनुशासन और रिकॉर्ड व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए सुधार योग्य बिंदुओं पर तुरंत कार्यवाही के लिए निर्देश दिए।




# नजीबाबाद में रेलवे ट्रैक पर गाड़ी से कटकर व्यक्ति की मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद के रेलवे स्टेशन नजीबाबाद के किलोमीटर संख्या 1497/2_4 के मध्य रेलवे ट्रैक पर गाड़ी से कटकर व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे जीआरपी स्टाफ के द्वारा क्षत विक्षत व्यक्ति के शव को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

उप निरीक्षक वीर सिंह कार्य सरकार कार्यालय हाजिर को समय करीब 10:30 बजे स्टेशन मास्टर नजीबाबाद द्वारा गाड़ी संख्या 04654 से नजीबाबाद यार्ड में एक व्यक्ति रन ओवर होने की सूचना पर उप निरीक्षक वीर सिंह हमाराह ,हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह तुरंत रवाना होकर रेलवे स्टेशन नजीबाबाद के किलोमीटर संख्या 1497/2_4 के मध्य पहुंचे तो देखा कि उक्त किलोमीटर के मध्य एक व्यक्ति का शव धड़ से नीचे आधा हिस्सा डाउन मेन लाइन के अंदर व धड़ से ऊपर का हिस्सा डाउन मेंन लाइन के बाहर उत्तर साइड पड़ा है मौके पर जीआरपी नजीबाबाद स्टाफ पहुंचा एवं क्षत विक्षत डेड बॉडी को इकट्ठा कर समय 10:50 बजे लाइन क्लियर किया व डेड बॉडी को अपने कब्जा में लेकर अग्रिम कार्रवाई हेतु ले गए मृतक का शरीर क्षत विक्षत होने के कारण कोई पहचान नहीं हो सकी मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है घटना के कारण उपरोक्त गाड़ी घटना स्थल से पार होने के बाद 2 मिनट रुक कर गंतव्य को रवाना हुई , अन्य कोई गाड़ी प्रभावित नहीं हुई, गाड़ी के चालक द्वारा मीमो दिया गया जिसके अनुसार एक व्यक्ति डाउन लाइन पर आकर बैठ गया । प्रथम दृष्टिया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है ।

# ससुराल पक्ष के लोगो पर जहरीला पदार्थ खिलाकर मारने का लगाया आरोप

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। नव वैवाहिता की जहरीला पदार्थ का सेवन करने से मौत, परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगो पर जहरीला पदार्थ खिलाकर मारने का लगाया आरोप। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस टीम को मृतका ने अपने बयानों में ससुराल पक्ष पर जहर पिलाने का लगाया आरोप। नगीना पुलिस में शव को कब्जे में पोस्टमार्टम को बिजनौर भेजा। पति स अन्य लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम तिवड़ी निवासी स्व0अमर सिंह सैनी की 22 वर्षीय पुत्री ममतेश देवी की 6 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम हरगांव चांदन निवासी मनीष कुमार पुत्र भीम सिंह के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी मे बाइक व अपनी हैसियत के मुताबिक उपहार स्वरूप दान देहज दिया था। मनीष झांसी में रहकर छोले भटूरे का ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। मृतिका ममतेश देवी अपनी सास के पास रहती थी। बताया जाता है मनीष भी 20 दिन पहले अपने घर से झांसी



गया है। गुरुवार की रात्रि को मृतिका की सांस रानी देवी से किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई थी। शुक्रवार की सुबह सवेरे जब ममतेश देवी जहरीले पदार्थ के खाने से खून की उल्टी व तबियत खराब हुई तो उसकी सास रानी व जेठानी, देवरानी को साथ लेकर ममतेश को उनके घर लेकर गए। उसकी हालत को परिजनों ने भांपते हुए तुरंत 112 पुलिस साहयता टीम की गाड़ी को फोन करके बुलाया। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जहां पर ममतेश ने मरने से पहले पुलिस को बयानो मे सास द्वारा मारपीट करने व जहरीला पदार्थ खिलाने को कहा, जिसकी परिजनों और 112 पुलिस टीम ने वीडियो बना ली थी। परिजन उसकी हालत ज्यादा बिगड़ता देख। ग्राम तिवड़ी में प्राईवेट डाक्टर के पास लेकर गए। जहां पर डाक्टर ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए। बिजनौर ले जाने की सलाह दी। परिजन आनन-फानन में ममतेश को बिजनौर लेकर जा रहे थे कि ममतेश ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसे परिजन वापस लेकर नगीना सीएचसी पहुंचे जहां पर सीएचसी प्रभारी ने उसे देखकर मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन व रिश्तेदार नगीना सीएचसी पहुंचे। जहां पर सीएचसी के प्रभारी ने भीड़ को देखते हुए सूचना नगीना पुलिस को दी सूचना दी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर। मृतिका के शव का नायब तहसीलदार नगीना अजब सिंह की देखरेख में पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया मायके वालों की तहरीर पर नगीना पुलिस ने पति मनीष कुमार सास रानी समेत अन्य लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# कार्यदबाव में फतेहपुर के लेखपाल की आत्महत्या

## कासगंज में लेखपालों का धरना, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

कासगंज। फतेहपुर जनपद में एसआईआर कार्य के अत्यधिक दबाव और छुट्टी न मिलने के कारण लेखपाल सुधीर कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने पूरे प्रदेश के लेखपालों में रोष उत्पन्न कर दिया है। घटना के बाद प्रदेशभर के लेखपाल सड़कों पर उतर आए और विभिन्न जिलों में धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया है।

इसी क्रम में कासगंज सदर तहसील में भी मंगलवार को लेखपालों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। उन्होंने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।




लेखपालों के अनुसार, प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लेखपालों पर अत्यधिक दबाव डाला जा रहा है। अधिकारियों के बदलते व्यवहार, संवेदनहीनता और संवादहीनता के कारण फतेहपुर के 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की हृदय विदारक मृत्यु हुई है।

ज्ञापन में बताया गया कि सुधीर कुमार की शादी 25 नवंबर 2025 को तय थी। वे कई दिनों से शादी की तैयारियों के लिए अवकाश मांग रहे थे, लेकिन तहसील अधिकारियों ने एसआईआर ड्यूटी का हवाला देते हुए छुट्टी नहीं दी। इसके विपरीत, लगातार निवेदन के बावजूद उन्हें निलंबन का सामना करना पड़ा। गहरे तनाव और दबाव को सहन न कर पाने के कारण उन्होंने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

कासगंज में धरना देने वालों में तहसील अध्यक्ष राहुल सिंह, तहसील मंत्री जितेंद्र सिंह, तथा पदाधिकारी प्रशांत वशिष्ठ, प्रतीक वर्मा, अजय कुमार सिंह, चमन मियां, विशाल बाबू, सोनम अग्रवाल, आरती राजपूत आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

लेखपालों ने चेतावनी दी है कि दोषियों पर कार्रवाई न होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# मिट्टी खनन का डंपर बना हादसे का कारण, दो बाइक सवार गंभीर घायल

## मदला के पास जोया - संभल मार्ग पर टक्कर; ड्राइवर फरार, डंपर कब्जे में

**समाज जागरण**

असमोली। जोयाझ्रसंभल मार्ग पर मिट्टी खनन में लगे डंपरों की तेज रफ्तार एक बार फिर हादसे का कारण बन गई। शुक्रवार को गांव मदला के पास मिट्टी से भरे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल जाबुल पुत्र ताहिर और आसिफ अली पुत्र शाहरुख–दोनों निवासी मदला–बाइक से असमोली जा रहे थे। जैसे ही वे मुख्य मार्ग पर पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे मिट्टी लदे डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।




मौके पर मौजूद भीड़ ने तुरंत घायल युवकों को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल भेजा। डॉक्टरों के अनुसार, जाबुल हसन की हालत नाजुक बनी हुई है।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और डंपर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया, हालांकि चालक मौके से फरार हो गया।

थाना प्रभारी राजीव मलिक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में डंपर की टक्कर से हादसा होना सामने आया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने मिट्टी खनन वाले डंपरों की तेज रफ्तार और पुलिस की अनदेखी को हादसों की बड़ी वजह बताया है।

# एस. एम. कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**

चंदौसी ।एसएम कॉलेज चंदौसी में पूर्व छात्र परिषद के तत्वाधान में विभिन्न विषयों में अनुसंधान पद्धति के उभरते आयाम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्रो. पवन कुमार यादव के संयोजन में किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ डॉ. हेमंत कुमार, प्राचार्य, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी के साथ प्रो. पुष्कर मिश्र, निदेशक राजकीय पुस्तकालय एवं संग्रहालय रामपुर, प्रो. विकास शर्मा, प्रो. अरुण कुमार, प्रोफेसर साकेत बिहारी, प्रो. भगत सिंह मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर किया। प्रो. पवन कुमार यादव ने सभी अतिथियों का प्रतिभागियों से परिचय कराया। इस अवसर पर प्रो. पुष्कर मिश्र ने मुख्य वक्ता के तौर पर आधुनिक युग में तकनीकी दासता से बचने पर बल देते हुए गौतम मुनि के न्याय सूत्र की विशेष रूप से विवेचना की और समाजशास्त्र में शोध के विभिन्न आयामों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। प्रो. विकास शर्मा, प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ ने भारत में शास्त्रार्थ रीति से शोध परंपरा के विकसित होने पर प्रकाश डालते हुए शोधार्थियों को तटस्थ रहते हुए सत्य की खोज करने की प्रेरणा दी। प्रो. अरुण कुमार, डॉ भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, दिल्ली ने शोध में प्रासंगिकता पर विशेष रूप से बोल देते हुए शोध के मौलिक तत्वों को शोध पद्धति में शामिल करने पर बल दिया। डॉ. साकेत बिहारी ने शोध को तकनीकी की जगह सामाजिक दृष्टिकोण से प्रयोगात्मक बनाने पर बल देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति में विभिन्न प्रकार की कुशलताओं को जोड़ने पर प्रकाश डाला। प्रो. भगत सिंह, मनोविज्ञान विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ ने शोध पद्धतियों में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार की तो ओल्स के विषय में जानकारी देते हुए उनका प्रयोगात्मक प्रदर्शन करके विद्यार्थियों को शोध की नवीन दिशाओं में बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए भानु प्रताप सिंह, डॉ अजय कुमार सक्सेना, डॉ धीरेंद्र सिंह, मीरा अग्रवाल, नबीला हमीद, राजकुमार, उमेश कुमार सहित 60 से अधिक प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्रों का वाचन कर वर्तमान समय में शोध में आने वाली बाधाओं के कारण और निवारण पर विशेष रूप से बल देते हुए समय अनुरूप शोध पद्धतियों का चयन करने पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के अंत में, डॉ हेमंत कुमार प्राचार्य ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा संगोष्ठी निश्चित तौर पर शोध की दशाओं का निर्धारण करने में सफल रही है। संगोष्ठी का संचालन संचालन डॉ. विशेष कुमार पांडेय, संगोष्ठी सचिव ने किया। संगोष्ठी को सफल बनाने में डॉ. सूरज शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, अमरजीत, डॉ पंकज कुमार, लोकेश चंद्र अग्रवाल, पंकज कुमार सिसोदिया, मनोज लखोटिया, अशोक शंकर पाराशरी, तरुण शंकर, अवनीश का विशेष रूप से सहयोग रहा।




# एसडीएम नजीबाबाद ने मंडावली में किया स्कूलों का निरीक्षण, एसआईआर फॉर्म भरने के दिए निर्देश

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनता बिजनौर नजीबाबाद के एसडीएम ने शुक्रवार को मंडावली क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीरमपुर बेगा, मोहनपुर, दहिरपुर और मंडावली के स्कूलों में पहुंचकर वहां कार्य कर रहे बीएलओ और अन्य स्टाफ को एसआईआर फॉर्म जल्द से जल्द भरवा कर जमा करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने कहा कि 4 दिसंबर अंतिम तिथि होने के कारण किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे बीएलओ की निगरानी करें और सुनिश्चित करें कि वे अपने कार्यों को समय पर पूरा करें।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्कूलों में एसआईआर फॉर्म की प्रगति की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए ताकि किसी भी तरह की समस्या न हो।

एसडीएम ने स्कूल प्रशासन से अपील की है कि वे एसआईआर फॉर्म भरने के निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करे

# जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने कासगंज ब्लॉक और पोलिंग बूथ 305/306 का औचक निरीक्षण

## लापरवाही पर चेतावनी, योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुँचाने के निर्देश

**समाज जागरण**

कासगंज। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने गुरुवार को विकास खंड कासगंज का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों की स्थिति देखी और कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की।

जिलाधिकारी को मनरेगा अनुभाग में 4 कर्मचारी उपस्थित मिले, जबकि विकास खंड पंजिका के अनुसार 13 कर्मचारी दर्ज थे। इस दौरान जेई हरपाल सिंह विगत तीन दिनों से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने उनसे स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

उन्होंने साफ-सफाई से संबंधित अधिकारियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से जनता तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसपीआर) के तहत पोलिंग बूथ संख्या 305/306 अशोक नगर का भी औचक निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने बीएलओ से घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरण और मतदाता सत्यापन अभियान की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अभियान को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी संजीव कुमार, नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय, खंड विकास अधिकारी सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह ने आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## कासगंज के 48 युवा लखनऊ भेजे गए, एसडीआरएफ देगी 12 दिवसीय प्रशिक्षण

कासगंज। राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार संचालित आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जनपद कासगंज से चयनित 48 युवकों को गुरुवार को लखनऊ के लिए रवाना किया गया। यह प्रस्थान जिलाधिकारी प्रणय सिंह के पर्यवेक्षण तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दिग्विजय प्रताप सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

एडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चयनित युवकों में एनसीसी, एनएसएस एवं विभिन्न एनजीओ के स्वयंसेवी सदस्य शामिल हैं। इन्हें एसडीआरएफ टीम के साथ भेजा गया है, जहाँ वे 29 नवंबर 2025 से 10 दिसंबर 2025 तक 12 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों को बाढ़, आग, भूकंप, दुर्घटनाओं सहित विभिन्न आपदाओं से निपटने की तकनीकें, रेस्क्यू प्रक्रिया, प्राथमिक उपचार तथा राहत कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों को आवश्यक उपकरण किट, आपदा मित्र प्रमाण-पत्र एवं परिचय पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवकों को होमगाड्र्स भर्ती में 03 अतिरिक्त अंकों का लाभ भी मिलेगा।

# डीएम ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का किया मासिक निरीक्षण

**समाज जागरण**

बहजोई। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया। जिलाधिकारी ने कक्षों को चेक किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा और ऑटो की संख्या के निर्धारण पर अमल नहीं होने से बनी शहर में जाम की समस्या

**समाज जागरण**

चंदौसी ।शहर में ई-रिक्शा की परेशानी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिससे जाम की समस्या बढ़ रही है। लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। यातायात पुलिस ने कार्रवाई की, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। चौराहों पर बेतरतीब खड़े ऑटो और ई-रिक्शा जाम का मुख्य कारण हैं ।हर दिन सड़को से पर जाम लग रहा है। इसका मुख्य कारण शहर में चल रहे बेतरतीब ऑटो और ई-रिक्शा हैं ।फिर भी शहर की इस बड़ी समस्या का समाधान नहीं हो सका। एक आकलन के अनुसार शहर में जगह-जगह ऐसे चौक-चौराहे हैं जहां हर दिन जाम रहता है। इसका मुख्य कारण चौराहों के आसपास ऑटो और ई-रिक्शा बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं।

# साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**

जनपद बिजनौर चाँदपुर, क्षेत्राधिकारी चाँदपुर द्वारा जगमीत पैरामेडिकल कॉलेज, चाँदपुर में साइबर सुरक्षा एवं यातायातझ्रसड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रझ्रछात्राओं ने भाग लिया। क्षेत्राधिकारी ने अपने संबोधन में युवाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर अनजान लिंक, फर्जी कॉल और ओटीपी शेयर करने से बैंक खातों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने छात्रों को जागरूक रहते हुए सावधानी बरतने की अपील की।

सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी ने बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लापरवाही से वाहन चलाना अपने साथ दूसरों की जान भी खतरे में डालता है। यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में छात्रों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव, एम्बुलेंस की प्राथमिकता, ट्रैफिक सिग्नल के महत्व और ओवरस्पीडिंग के परिणामों के बारे में भी सरल एवं प्रेरक तरीके से समझाया गया। कार्यक्रम में छात्रझ्रछात्राओं ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। क्षेत्राधिकारी ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं यातायात हेल्पलाइन नंबर को सुरक्षित रखने की सलाह दी। अंत में, कॉलेज प्रबंधन ने क्षेत्राधिकारी का आभार व्यक्त किया और ऐसे कार्यक्रमों को समयझ्रसमय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर। एक विवाहिता ने अपने पति सहित पांच ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज के रूप में एक फ्लैट या 20 लाख रुपये की मांग की है। पीड़िता ने मांग पूरी न होने पर पति द्वारा तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है प्राप्त समाचार के अनुसार विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी वर्ष 2017 में उसकी शादी दिल्ली के आराम पार्क क्षेत्र निवासी शादाब से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। करीब पांच वर्ष पहले भी उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया था। तब उसके पिता ने एक लाख रुपये की मांग पूरी की थी, जिसके बाद उसे वापस ससुराल भेजदिया गया। इसके बावजूद उसे अतिरिक्त दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। करीब साढ़े तीन वर्ष पूर्व प्रताड़ना से तंग आकर वह अपनी छोटी बच्ची के साथ मायके में रह रही थी। आरोप है कि 10 अगस्त 2025 को उसके पति सहित ससुरालिया मायके आए और अतिरिक्त दहेज के रूप में फ्लैट या 20 लाख रुपये की मांग की। जब उसके परिवार वालों ने असमर्थता जताई, तो पति शादाब और ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति, ससुर, सास, ननद और एक अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सर्दियों को देखते रेलवे ने लिया बड़ा फैसला, कई ट्रेनें रद्द

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद मे कोहरे के सीजन में ट्रेनों की विजिबिलिटी कम होने पर रेलवे कई लंबे रूट की सर्विस को अस्थायी तौर पर रोक दिया गया है ।सर्दियां शुरू होते ही भारत में कोहरा हर साल अपना असर दिखाता है और रेलवे इसका सबसे बड़ा शिकार बनता है। घना धुंधलका ट्रेनों की स्पीड कम कर देता है. सिग्नल कम दिखते हैं और लंबी दूरी की कई एक्सप्रेस ट्रेनें घंटों तक देरी से चलती हैं। यही वजह है कि हर वर्ष की भांति इस बार भी रेलवे ने इंतजार करने के बजाय पहले ही बड़ा फैसला ले लिया। दिसंबर से फरवरी के बीच कई ट्रेनों को अस्थाई तौर पर रद्द किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन नजीबाबाद से गुजरने वाली ट्रेनों में (14617) पूर्णिया कोट से अमृतसर प्रतिदिन जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन को चार दिसंबर से तीन मार्च तक,(14618) अमृतसर से पूर्णिया कोर्ट प्रतिदिन जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन एक दिसंबर से अठ्ठाइस फरवरी तक,(14524) अम्बाला से बरौनी बुधवार और रविवार को जाने वाली हरिहर एक्सप्रेस ट्रेन तीन दिसंबर से अठ्ठाइस फरवरी तक,(14523) बरौनी से अम्बाला मंगलवार एवं शुक्रवार को जाने वाली हरिहर एक्सप्रेस ट्रेन पांच दिसंबर से सत्ताइस फरवरी तक,(14615) लालकुआं अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक रविवार को जाने वाली ट्रेन सात दिसंबर से एक मार्च तक,(14616) अमृतसर लालकुआं एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक शनिवार को जाने वाली ट्रेन छः दिसंबर से अठ्ठाइस फरवरी तक रद्द रहेगी। जबकि प्रतिदिन चलने वाली (15119) वाराणसी देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन एवं (15120) देहरादून वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन को दिसंबर में दिनांक 2,5,9,12,14,16,19,21,23,26,28,30 एवं जनवरी में 2,4,6,9,11,13,16,18,20,23,25,27,30 एवं फरवरी में 1,3,6,8,10,13,15 तारीख को घने कोहरे की आंशका को देखते हुए रेलवे द्वारा रद्द करने का फैसला लिया गया है।

# राजकीय आईटीआई किसरौली में आज अप्रेन्टिस व रोजगार मेला

**समाज जागरण**

कासगंज। राजकीय आईटीआई किसरौली में आज 29 नवम्बर 2025 को अप्रेन्टिस एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रधानाचार्य जहीर आलम ने बताया कि मेला प्रातः 10:00 बजे से शुरू होगा, जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा।



मेले में सभी व्यवसायों के आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी तथा हाईस्कूल व इंटर पास युवा (उम्र 18 से 45 वर्ष) प्रतिभाग कर सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाणपत्र, उनकी छायाप्रतियां तथा दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ साथ लाकर रोजगार अवसर का लाभ ले सकते हैं।

प्रधानाचार्य ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में मेले में उपस्थित होकर रोजगार एवं अप्रेन्टिस अवसर प्राप्त करने की अपील की है।

## कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। टक्कर मारकर घायल करने के मामले में कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। गांव डुंडूखेड़ा निवासी नितिश ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 23 नवंबर की शाम करीब पांच बजे उसके पिता कृष्णपाल अपने गांव से तितरवाड़ा साइकिल पर जा रहे थे। तभी तितरवाड़ा के निकट शराब के नशे में धुत अल्टो कार चालक ने टक्कर मार दी, जिस कारण उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका पानीपत हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तमंचा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया।

एसआई अशोक कुमार टीम के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मामौर तटबंध से हाईवे पर जाने के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़कर तलाशी ली, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आवेश निवासी गांव खुरगान बताया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

## बाइक की टक्कर से छात्र घायल

**समाज जागरण**

कैराना। अनियंत्रित बाइक की टक्कर से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला गुलशन नगर निवासी साजिद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 नवंबर की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसका पुत्र समद गांव झाड़खेड़ी स्थित स्कूल से पढ़कर लौट रहा था। तभी गांव के मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दी, जिस कारण उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में बाइक चालक असलम निवासी गांव तितरवाड़ा को नामजद कराया गया है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, एक पकड़ा

**समाज जागरण**

कैराना। घर में घुसकर दो युवकों द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ की गई। परिजनों ने जाग होने पर एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। गांव मन्नामाजरा निवासी ग्रामीण ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 27 नवंबर की रात करीब एक बजे परिवार के सदस्य सोये हुए थे। आरोप है कि तभी गांव के ही अजीम व तसव्वर घर में घुस आए, जिन्होंने उसकी भाभी के साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य जाग गए, जिस पर तसव्वर फरार हो गया, जबकि अजीम को पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## स्कॉर्पियो कार चालक पर मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। हाईवे पर टक्कर मारने के मामले में स्कॉर्पियो कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। ऊंचागांव निवासी विकास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका चाचा शिवकुमार 22 नवंबर को यमुना पुल के निकट गौशाला में गोवंशों की सेवा कर हैदरपुर के लिए चला था। तभी हाईवे पर स्कॉर्पियो कार ने टक्कर मार दी, जिस कारण उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसके चाचा को गंभीर हालत में ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार की तलाश शुरू कर दी है।

## झाड़ियों से मिला शिशु, दंपति ने मांगी पालन की अनुमति

**समाज जागरण**

शामली। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव पीरखेड़ा निवासी एक दंपति कलक्ट्रेट पहुंचा और एसडीएम सदर अर्चना शर्मा से झाड़ियों में मिले एक शिशु को पालने की अनुमति देने की मांग की। पीड़ित संजीव कुमार पुत्र स्व. सुखपाल ने प्रार्थना



पत्र में बताया कि 26 नवंबर की शाम करीब 5 बजे गांव निवासी प्रवीन पुत्र जसबीर उनके घर आया और एक नवजात शिशु थमाते हुए कहा कि यह बच्चा उसे झाड़ियों में मिला है, इसे संभाल लो। दंपति की कोई संतान नहीं थी, जिसके चलते उन्होंने बच्चे को खुशी-खुशी रख लिया। संजीव का आरोप है कि दो दिन बाद प्रवीन दोबारा उनके घर पहुंचा और बच्चे को वापस मांगने लगा। इससे दंपति में भय और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। दंपति ने एसडीएम से मांग की है कि उन्हें शिशु को पालने की आधिकारिक अनुमति प्रदान की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी परेशानी न हो और बच्चे का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

## अम्मचोर कबड्डी एसोसिएशन की 6 दिसंबर को होगी बैठक

**समाज जागरण**

शामली। अम्मचोर कबड्डी एसोसिएशन की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में कबड्डी खेल को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने को लेकर आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत विमर्श किया गया।इस दौरान संगठन के अध्यक्ष मनीष चौहान ने कहा कबड्डी केवल खेल ही नहीं, बल्कि हमारे ग्रामीण जीवन की आत्मा है। हमारा लक्ष्य है कि जनपद के युवा प्रतिभाओं को मंच मिले, वे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। एसोसिएशन हर स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने आगे बताया कि एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की अगली अहम बैठक 6 दिसंबर, शनिवार को जनपद स्थित ड्रीम सिटी के निकट आयोजित की जाएगी। इस बैठक में आगामी महीनों में कबड्डी को बढ़ावा देने के लिए होने वाली विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।कार्यक्रम में संगठन के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## नाबालिग से छेड़छाड़, पिता के साथ अभद्रता,दो सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव खन्द्रावली में एक नाबालिग से छेड़खानी और उसके पिता के साथ अभद्रता एवं गाली-गलौज करने के मामले में दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी व्यक्ति के अनुसार, बुधवार शाम उसकी नाबालिग पुत्री गांव की दुकान से सामान लेकर लौट रही थी। रास्ते में गांव के ही राहुल ने उससे छेड़खानी की कोशिश की और बदसलूकी की। डरी-सहमी किशोरी रोते हुए घर पहुंची और पिता को घटना की जानकारी दी।इरोप है घटना से क्षुब्ध पिता अपनी बेटी के साथ आरोपी राहुल के घर समझाने पहुंचे, जहां राहुल का भाई प्रवेश मौजूद था। पिता द्वारा शिकायत करने पर प्रवेश भड़क उठा और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी देने लगा। भयभीत होकर पीड़ित परिवार वहां से किसी तरह लौट आया।पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस ने राहुल और उसके भाई प्रवेश के खिलाफ गाली-गलौज और धमकी से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों आरोपी भाइयों की तलाश में जुटी हुई है।

## कोई भी पात्र मतदाता मतदान सूची से न रहे वंचित, योगेन्द्र सिंह

**समाज जागरण**



शामली। राष्ट्रीय लोकदल हस्तिनापुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह चेयरमैन ने संगठन के सभी जिला ध्यक्षों, महानगर, नगर अध्यक्षों तथा पदाधिकारियों से निर्वाचन आयोग द्वारा 4 दिसंबर तक चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में पूर्ण निष्ठा के साथ सहयोग करने की अपील की है। बूथ स्तर पर पहुंचकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान सूची से वंचित न रह जाए। किसी भी त्रुटि की स्थिति में तुरंत संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उसका समा धान कराने पर जोर दिया गया। योगेंद्र सिंह ने घर-घर सही जानकारी पहुंचाने, दस्तावेज उपलब्ध कराने में सहयोग करने और बूथ स्तर पर हेल्प प्वाइंट सक्रिय रखने को भी आवश यक बताया। उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलने वाले मेरा बूथ सबसे मजबूत, एक बूथ, 10 यूथ अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा, महानगर और नगर में प्रभारी एवं सह-प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। इस अवधि में बूथ समितियों का गठन पूर्ण कर बूथ अध्यक्ष, प्रभारी और सदस्यों की सूची समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, प्रदेश महासचिव विजय कौशिक, देवानंद गौड़, अमित कुमार, विकास धीमान आदि मौजूद रहे।

## उत्साह पूर्वक मनाया गया कक्षा दो के बच्चों का सामुहिक जन्मदिन

**समाज जागरण**



शामली। शहर के मेपल्स अकादमी में शुक्रवार को नवंबर माह में जन्मे प्री-नर्सरी से कक्षा 2 तक के सभी बच्चों का सामूहिक जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। सामूहिक जन्मदिवस कार्यक्रम में प्री-नर्सरी कक्षा से गीतांशी और वियांश, नर्सरी से बुरहान और माही मलिक, केजी-1 से पर्व, वाची और भूविक, केजी-2 से अनवी और आरव मलिक, कक्षा 1 से वेदांश और यश शर्मा तथा कक्षा 2 से आरव सिंघल का जन्मदिवस मनाया गया। सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान स्कूल प्रबंधक मुकेश सिंघल, प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा, उपप्रधानाचार्या मौसमी दास तथा सभी शिक्षकों ने जन्मदिन मना रहे बच्चों को शुभकामनाएं दीं। सभी बच्चों ने मिलकर बड़ा केक काटा और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रशासन की ओर से बच्चों को छोटे-छोटे उपहार भी भेंट किए गए। बच्चों ने संगीत, खेल और मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## शिक्षकों की एनपीएस राशि खातों में जमा न होने की समस्या उठाई

**समाज जागरण**



शामली। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के दोनों गुटों के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को नवागंतुक जिला विद्यालय निरीक्षक ऐश्वर्या लक्ष्मी जायसवाल से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार, जिला महामंत्री जिया-उल-हक अंसारी, देवेंद्र कुमार तथा चेतनारायण गुट से सहारनपुर मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र हुड्डा, जिलाध्यक्ष प्रदीप मलिक और जिला मंत्री नीरज बेनीवाल शामिल रहे। पदाधिकारियों ने डीआईओएस को सहजन के पौधे भेंटकर सम्मानित किया। भेंट के दौरान शिक्षकों के विभिन्न लंबित मामलों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से नवंबर 2024 से अब तक शिक्षकों की एनपीएस राशि खातों में जमा न होने की समस्या को प्रमुखता से रखा गया। इस पर डीआईओएस ऐश्वर्या लक्ष्मी जायसवाल ने सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

## लेखपालो ने धरना प्रदर्शन कर किया कार्य बहिष्कार

**समाज जागरण**




शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले लेखपालों ने बैनर तले लेखपाल भवन में कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने जिला प्रशासन फतेहपुर द्वारा लेखपाल सुखबीर की मौत प्रकरण में लीपापोती करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को शामली कलक्ट्रेट परिसर स्थित लेखपाल भवन में समस्त लेखपाल कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन पर रहे। उन्होने आरोप लगाया है कि जनपद फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की मौत प्रकरण में जिला प्रशासन द्वारा कोई जांच नही की जा रही है। जबकि वहां के लेखपाल लगातार आन्दोलन कर रहे है, जबकि जिला प्रशासन और पुलिस लीपापोती करने में लगी है। इस दौरान उन्होने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सदर अर्चना शर्मा को सौंपा। धरने पर अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार, अक्षय कुमार, रविन्द्र देशवाल, राकेश कुमार, प्रशांत चौहान, अंशुल कुमार, विजय कश्यप, कुलवंत सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## एंबुलेंस सेवाओं को मिली रफ्तारः कोहरे में मरीजों तक तेजी से पहुंचेगी मदद

**समाज जागरण कांधला।**



नगर के सरकारी अस्पताल पर तैनात आरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस की ओर से संचालित 108 व 102 एंबुलेंसों में एंबुलेंस के कर्मचारियों ने नई हैवी फोकस बल्ब लाइट लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। कोहरे के बढ़ते प्रकोप और रात्रि के समय एंबुलेंस संचालन को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और समय पर अस्पतालों तक पहुंचाया जा सके।शुक्रवार को एम्बुलेंस सेवा के ऑपरेशन हेड रोचक चौहान तथा प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर ने नगर के सरकारी अस्पताल पर तैनात एंबुलेंस सेवाओं का औचक निरीक्षण कर एंबुलेंस कर्मियों को पूर्ण निष्ठा के साथ मरीजों और गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी एंबुलेंसों को हॉटस्पॉट पॉइंट पर तैनात रखने के निर्देश भी दिए, जिससे आपात स्थिति में मरीज तक कम समय में पहुंच सुनिश्चित हो सके।निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी, मंडल प्रभारी जवेंद्र सिंह, संदीप, कमल, नितिन, दिलशाद, नरदेव, रोहित, तौफीक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान में पुलिस टीम ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक,

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



शुक्रवार को नगर में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। उप निरीक्षक सुनील दत्त तथा महिला कांस्टेबल की अगुवाई में पुलिस दल ने बालिकाओं, छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा से जुड़ी मह त्वपूर्ण जानकारी देकर उन्हें सतर्क रहने का संदेश दिया। पुलिस टीम ने नगर के प्रमुख स्थानो,विभिन्न चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पताल, बैंक तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पहुँचकर महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, चाइल्ड हेल्पलाइन, डायल 112, 1090, 181 जैसी जरूरी सेवाओं की जानकारी दी। टीम ने मार्गदर्शन करते हुए बताया कि किसी भी संकट की स्थिति में तुरंत इन नंबरों पर सहायता प्राप्त की जा सकती है।इसके साथ ही छात्राओं और महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया सुरक्षा, तथा मातृ सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में विस्तार से समझाया गया। पुलिस टीम ने सभी को पंपलेट वितरित कर मिशन शक्ति के उद्देश्यों से अवगत कराया और कहा कि महिला सुरक्षा सरकार व पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने महिलाओं सेबताया कि वह किसी भी तरह की छेड़छाड़, उत्पीड़न, धमकी या साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में बिना हिचक शिकायत दर्ज कराएं, ताकि दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

## प्रशासन और किसानों के बीच हुई वार्ता के बाद धरना स्थगित

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) गन्ना सोसायटी में पिछले एक सप्ताह से गन्ना सेंटर की दूरी निर्धारण को लेकर चल रहा किसानों का धरना मंगलवार को प्रशासन और किसानों के बीच हुई वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया। किसानों ने शामली मिल द्वारा लिए जा रहे अधिक परिवहन शुल्क का मुद्दा उठाते हुए दूरी पुनर्मूल्यांकन की मांग की थी। किसानों के प्रतिनिधिमंडल में प्रियांशु पंवार, कपिल डेलीगेट, देवराज, दर्शनपाल, सचिन, मोहित, उपेंद्र और सचिन कृष्णपाल शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी हामिद हुसैन से मुलाकात कर मिल द्वारा चार्ज किए जा रहे अधिक किराए की जानकारी दी। जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला गन्ना अधिकारी गन्ना समिति पहुंचे और धरनास्थल पर किसानों तथा सामा जिक कार्यकताओं से विस्तृत वार्ता की। वहां मौजूद प्रोफेसर सुधीर पंवार, हरीश, बाबूराम पंवार, विकास पंवार और मनोज पंवार ने प्रशासन एवं किसानों की संयुक्त कमेटी द्वारा दूरी तय करने के प्रस्ताव पर सहमति जताई। समझौते के तहत निर्णय लिया गया कि प्रशासन, किसान और मिल, तीनों पक्ष संयुक्त कमेटी द्वारा तय की गई दूरी को स्वीकार करेंगे। जिला गन्ना अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि कमेटी द्वारा अंतिम दूरी निर्धारित होने तक गन्ना पर्चियों पर दूरी और परिवहन शुल्क नहीं लिखा जाएगा। साथ ही, सेंटर बंद रहने के दिनों की गन्ना पर्चियों को आगे समायोजित किया जाएगा। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि किसानों को उम्मीद है कि प्रशासन सटीक दूरी निर्धारित करेगा ताकि किसानों का उत्पीड़न न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने सही निर्णय नहीं लिया तो किसान धरना-आंदोलन के विकल्प खुले रखेंगे। धरना स्थल पर अमरपाल, हरिकिशन पंवार, अजीत, कंवरपाल, मास्टर उदयवीर, राम बाबू, भोपाल सिंह, राजवीर, सावन राणा, सतवीर मूंछ, अमरजीत पंवार, योगराज पंवार, संजीव गांधी, सचिन प्रधान, अनिल, रवि पाल मौजूद रहे।

## युवा संसद में पक्ष विपक्ष छात्र सांसद बैठे आमने-सामने

**समाज जागरण**



शामली। शहर के सेंट आरसी कान्वेट स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों को भारतीय संसदीय कार्यप्रणाली से परिचित कराने और उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों को विक सित करने के उद्देश्य से युवा संसद का भव्य आयोजन किया गया। छात्रों को नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, नागरिक जागरूकता और सार्वजनिक भाषण जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी और चेय रमैन अरविंद संगल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान दिल्ली संसद की तर्ज पर आयोजित युवा संसद में पक्ष और विपक्ष के छात्र सांसद आमने-सामने बैठे। नव निर्वाचित सांसदों को लोकसभा अध्यक्ष ने शपथ दिलाई, जिसके बाद सदन की कार्रवाई शुरू हुई। विपक्षी सदस्यों ने बेरोजगारी, आतंकवाद, नोटबंदी, नारी सुरक्षा, पेपर लीक समेत कई मुद्दों पर प्रश्न उठाए। वहीं एक राष्ट्र-एक चुनाव, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया जैसे विषयों पर भी तीखी बहस हुई। मंत्रियों ने सूझबूझ भरे उत्तर देकर सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया। प्रधा नमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका शुभम शर्मा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भूमिका चिराग जैन, राजनाथ सिंह की भूमिका पार्थ कौशिक, अमित शाह की भूमिका कृष्णम, नितिन गडकरी की भूमिका कृष्णा, पीयूष गोयल की भूमिका प्रियांशु, अखिलेश यादव की भूमिका दक्ष, धर्मेंद्र यादव की भूमिका आरिज, लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका पिक्सी सहित सभी बच्चों ने पात्रों का जीवंत अभिनय किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओंकृगौशाला संस्था, लायंस क्लब दोआब, लायंस क्लब क्राउन, रोटरी क्लब और भारत स्वाभिमान योग ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। युवा संसद में अंशिका, राशि, निधि मित्तल, वंशिका, अनुष्का, दृष्टि सैनी, कनक, सुहाना सैनी, निहारिका, मनस्वी, अदिति शर्मा, प्रगति, नित्या, हार्दिक गर्ग, दिग्विजय, सान्वी, प्रिंस कुमार आदि ने लोकसभा सदस्यों की भूमिकाऐ निभाई। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को निर्णायक मंडल की जज मीनू संगल और सीमा निर्वाल द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## गोहरनी बाईपास हाईवे पर किसानों को वाहन चढ़ाने में हो रही परेशानी, समाधान की मांग

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव गोहरनी और भैंसवाल के ग्रामीणों ने एडीएम से मुलाकात की गोहरनी बाईपास हाईवे पर किसानों के वाहन चढने में आ रही समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। उन्होने उक्त मार्ग को ऊंचा उठाने की मांग की है। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव गोहरनी और भैंसवाल के दर्जनों किसानों ने एडीएम सत्येन्द्र सिंह व एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन से मुलाकात की। उन्होने बताया कि गांव गोहरनी बाईपास हाईवे पर गांव के किसानों को अपना गन्ना वाहन व गन्ने से भरा भैंसा बुग्गी चढाने में दिक्कते आ रही है। जिसका कारण है कि हाईवे की सडक की ऊंचाई गांव की सडक से ज्यादा है। जिस कारण भैंसा बुग्गी को चढने में किसान को परेशानी रहती है और किसान के ट्रेक्टर ट्राली भी तेजी से चढने पडते है, जिससे हाईवे पर हादसे से खतरा बना रहता है। ऐसे में उन्होने उक्त सडक को ऊंचा उठाये जाने की मांग की है। एडीएम ने जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर देवराज पहलवान, दर्शन पाल, उपेन्द्र, मोहित, सुनील खैवाल, साहब सिंह, मोहन, मोहित, सचिन आदि मौजूद रहे।

## युवक संदिग्ध परिस्थिति में लापता, बरामदगी की लगाई गुहार

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक युवक संदिग्ध परि स्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने लापता युवक की अनहोनी की आशंका जाहिर कर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तालाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 28 वर्षीय बेटा पिंकू पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। विगत बुधवार की रात वह घर पर मौजूद था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य एक शादी समारोह में गए हुए थे।जब देर रात परिवार के लोग वापस लौटे, तो पिंकू घर पर नहीं मिला। रिश्तेदारी और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की गई, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लगा। परिजन किसी अनहोनी की आशंका जाहिर की है और कहा है की खोजबीन के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लगा। लापता युवक के पिता ने शुक्रवार को थाने पहुंचे और युवक की जल्द बरामदगी की मांग करते हुए तहरीर दी। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सभासदों ने नगर पालिका परिषद पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

नगर पालिका परिषद के सभासद अरुण कुमार गर्ग, अफजल अली सहित कई अन्य सभासदों ने पालिका प्रशासन पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग की है। सभासदों ने अपने पत्र में कहा है कि नगरपालिका अधिनियम-1916 की धारा-86 में स्पष्ट प्रावधान है कि प्रत्येक माह में कम से कम एक बोर्ड बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जानी चाहिए, लेकिन नगरपालिका के अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से कार्य करते हुए महीनों तक बोर्ड की बैठकें नहीं बुलाई गईं। इसके अलावा कई अन्य वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमि तताओं के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सभासदों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अजय कुमार ओझा ने मंडलायुक्त सहारनपुर को मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शासन के मामले संज्ञान लेने के बाद नगर पालिका कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। पूर्व में भी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सहित कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा चुके हैं कस्बा निवासी तनवीर अंसारी ने पूर्व में अपना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते कंई गंभीर आरोप लगाए थे, नगर पालिका परिषद के कर्मचारी व अध्यक्ष लगातार चचाओं में बने हुए हैं।

## ओवरलोड गन्ना ट्रकों ने बढ़ाई राहगीरों की मुश्किलें, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर से होकर गुजरने वाले ओवरलोड गन्ना ट्रक लोगों के लिए लगातार परेशानी का सबब बने हुए हैं। भीड़भाड़ वाले मार्गों से रफ्तार में निकल रहे ये भारी वाहन सड़क हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। पूर्व में भी कई बार गन्ने से भरे ट्रकों के पलटने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें क्षेत्र में जनहानि तक हो चुकी है। इसके बावजूद ट्रक चालक नियमों को दरकिनार कर बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

कस्बे के लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन इन ओवरलोड वाहनों को देखकर भी अनदेखा कर रहा है। यातायात माह होने के बावजूद गन्ना ट्रक खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जनपद के उच्च अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि समय रहते इन ट्रकों पर लगाम न लगाई गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। कस्बे के लोगों ने पुलिस महकमे सहित जिला प्रशासन से ओवरलोड ट्रकों की जांच, कर चालान और अन्य मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

# खेल महोत्सव के दूसरे दिन शानदार मुकाबले



**समाज जागरण बागपत।**

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जीवाना में चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव के दूसरे दिन कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल की रोमांचक प्रतियोगिताएँ हुईं। सीनियर वर्ग की कबड्डी में नर्मदा हाउस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अलकनंदा को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि जूनियर वर्ग में अलकनंदा हाउस ने नर्मदा को 25-8 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि दूसरे मुकाबले में गंगा ने यमुना को 43-6 से हराकर एकतरफा मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।खो-खो प्रतियोगिता में गंगा हाउस ने कड़ी टक्कर वाले मुकाबले में यमुना हाउस को 8-7 से मात देकर प्रथम स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल में गंगा हाउस ने शानदार खेल दिखाते हुए नर्मदा हाउस को 15-8 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर बिनौली थानाध्यक्ष राकेश शर्मा, उप निरीक्षक नरेश चंद यादव, विद्यालय प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य, प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स सहित विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# कोई भ्रष्टाचार साबित कर दे तो जिला भी छोड़ दूंगाः राजुद्दीन

### मुझे हिन्दू मुस्लिम दोनों वर्गों का मिलता है समर्थन
### गलत आरोपों के खिलाफ शासन जाकर कराया जाएगा अवगत
### विपक्षियों को वोटिंग का दिया खुल्ला चैलेंज



**समाज जागरण बागपत।**

मुख्य सचिव के आदेश पर पद से हटाए जाने के बाद एडवोकेट राजुद्दीन ने शुक्रवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने शासन की गई कारवाई को नियम के विरुद्ध बताया है। साथ ही उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए हाईकोर्ट जाने से पहले रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी को मामले से अवगत कराने की बात कही है। यही नहीं उन्होंने दावा किया यदि कोई मुझपर भ्रष्टाचार या गबन साबित कर दे तो वह जिला भी छोड़ देंगे। चार बार नगर पालिका बागपत के चेयरमैन रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजुद्दीन ने गुरुवार को उन्हें हटाने के आदेश को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया सत्ता के एक नेता ने राजनीतिक द्वेष के कारण शासन में उनके खिलाफ फर्जी शिकायत की थी। शिकायत में 10, 20 और पचास रुपए के स्टांप पर मलिन बस्ती के मकानों पर मालिकाना हक दिए जाने और बिना नीलामी के दुकान आवंटित किए जाने का आरोप लगाया था। जिस अधिवक्ता राजुद्दीन ने बताया कि 10, 20 या 50 रुपए के स्टांप पर कोई मकान दर्ज नहीं किया गया बल्कि पालिका कर्मियों द्वारा सर्वे के दौरान मकान दर्ज किए गए हैं, जो कि पालिका के नियम में है। इसके अलावा नगर पालिका की 10 दुकानों को भी नियम के अनुसार मृतक आश्रितों को दी गई है और यह भी नियम के अनुसार है। उन्होंने बताया कि 2022 में निकाय चुनाव से पूर्व भाजपा नेता ने केतीपुरा मोहल्ले में 726 मुस्लिम वोटो को काटे जाने के लिए शिकायत की थी। मगर 10 बार हुई प्रशासनिक जांच में सभी वोटर वैध पाए गए। जिसके चलते भाजपा नेता ने द्वेष भावना में उनके खिलाफ शासन को फर्जी शिकायत कर उनको चेयरमैन पद से हटाने का कार्य किया है। रालोद सुप्रीमो की शरण में जाएंगे राजुद्दीन एडवोकेट प्रेस वार्ता के दौरान राजुद्दीन एडवोकेट ने बताया कि वह हाईकोर्ट जाने से पहले अपने नेता रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी को मामले से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी ईमानदार नेता है और वह उनका सहयोग जरूर करेंगे। विपक्षी को दी वोटिंग की चुनौती रालोद नेता ने भाजपा नेता को चुनौती देते हुए कहा कि अब वह चेयरमैन पद पर नहीं है। यदि भाजपा नेता चाहे तो गुल्लक में आज ही चुनाव कर ले। कहा कि उन्हें हिन्दू मुस्लिम दोनों वर्गों से वोट मिलता हैं। क्योंकि वह हर वर्ग के लोगों के काम करते हैं। रालोद नेता ने सोशल मीडिया पर किया विरोध रालोद नेता राजुद्दीन एडवोकेट के चेयरमैन पद हटाने के आदेश के बाद रालोद नेताओं में आक्रोश भर गया है। वरिष्ठ रालोद नेता विश्वास चौधरी ने फेसबुक पोस्ट पर लिखा " जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि को ऐसे कैसे हटाया जा सकता है मेरा पूर्ण समर्थन राजुद्दीन के साथ है" उन्होंने सक्षम अधिकारियों से प्रकरण की पुनः जांच की जाने की मांग की है। रालोद नेता बॉबी बावली ने लिखा कि " एक दो कौड़ी का दलाल जो रालोद से जो रालोद से ही निकला हुआ है अब रालोद पर कैसे भारी पड़ गया, जो चुने हुए जनप्रतिनिधियों को लखनऊ को में उच्च अधिकारियों से मिलकर अध्यक्ष को हटवा रहा है" उन्होंने उच्च न्यायालय से मामले को संज्ञान में लेने की मांग की है। वहीं रालोद के वरिष्ठ नेता ओमवीर ढाका ने कहा है कि नगर पालिका की आय बढाने के लिए मकान दर्ज किए गए थे। इस पर शासन की कारवाई से वह अचंभित है।

# जीवन रक्षक साबित हुई 102 एम्बुलेंस सेवा*

### -वरदान साबित हो रही है एम्बुलेंस सेवाएं



**समाज जागरण बिजनौर।**

प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही एम्बुलेंस सेवा शुक्रवार को फिर जीवन रक्षक साबित हुई। सरकारी 102 एम्बुलेंस के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) ने अपनी सूझबूझ से मरीज के जीवन की रक्षा करने में अहम भूमिका अदा की। एम्बुलेंस संचालक संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक राजन कुमार ने बताया कि शुक्रवार को साढ़े तीन बजे नहटौर ब्लॉक के ग्राम सदरुद्दीन अर्चना (24 वर्ष) पत्नी अर्जुन निवासी गर्ववती रहते पेट में दर्द की सूचना मिली, सूचना मिलते ही एम्बुलेंस गर्ववती महिला के पास पहुँची। उसके उपरान्त ईएमटी ने अपनी तत्परता दिखाते हुए, गवर्वती महिला को एम्बुलेंस में शिफ्ट किया और चिकित्सालय की ओर निकले। उसके बाद दिनेश (ईएमटी) ने रास्ते में ही टेलिफोनिक कॉल के माध्यम से, ईआरसीपी टीम (लखनऊ) की मदद से प्राथमिक उपचार देते हुए गर्ववती महिला को रास्ते में पेट दर्द से दिलाई राहत। वही पायलट उस्मान अली ने अपने कर्तव्य को पूरा निभाते हुए सही समय पर एम्बुलेंस से गवर्वती महिला को अस्पताल पहुँचाया। गर्भवती महिला को लेकर जब एम्बुलेंस कर्मी नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नहटौर पहुंचे तो डॉक्टर ने महिला की जांच करने के बाद, ईएमटी एवं पायलट की समझदारी और कार्यकुशलता की सराहना की।

## एक हफ्ते में तीन युवक गिरफ्तार, हथियार जब्त

**समाज जागरण बागपत।**

बिनौली पुलिस ने अवैध तमंचे और कारतूस रखने के आरोप में एक सप्ताह के भीतर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से की गई। इंस्पेक्टर बिनौली राकेश शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बागपत के निर्देश पर अवैध तमंचे और अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। थाना स्तर पर ऐसी आपराधिक



गतिविधियों पर नजर रखने और तस्करों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। गिरफ्तार किए गए युवकों में शुक्रवार को बरनावा निवासी कमर पुत्र अनवार शामिल है, जिसे शेखपुरा मोड़ से 315 बोर के अवैध तमंचे और कारतूस के साथ पकड़ा गया। इससे दो दिन पहले वाजिदपुर निवासी राजकुमार पुत्र सुखपाल और दरकावदा गांव निवासी वाजिद पुत्र उस्मान को भी तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस टीम क्षेत्र में अवैध तमंचे और शराब तस्करों सहित सभी आपराधिक गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# एसआईआर को लेकर व्यापारी समाज जागरूक

### बड़ौत में विशेष कैंप लगाने की मांग, बोले- बीएलओ का सहयोग करेंगे

**समाज जागरण बागपत।**

व्यापारी समाज एसआईआर अभि. यान में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। शुक्रवार को व्यापारी कले क्ट्रेट पहुंचे और प्रशासनिक अधि कारियों के सामने एसआईआर से संबंधित समस्याओं को रखा, साथ ही विशेष कैंप लगाने की मांग की। इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष योगेश जिंदल ने बताया कि उनकी टीम बागपत और बड़ौत क्षेत्र में काम कर रही है। वे बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का सहयोग कर रहे हैं, क्योंकि उन पर काम का अधिक दबाव है और उन्हें समय व सहयोग की आवश्यकता है। जिंदल अपनी 50 से अधिक लोगों की टीम के साथ नगर और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला रहे हैं ताकि एसआईआर की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके।

**बीएलओ के सहयोग के लिए फील्ड में लगाया**

खिदमत सेवा समिति के अध्यक्ष इरफान मलिक ने भी बताया कि उन्होंने अपनी ओर से 50 लोगों को बीएलओ के सहयोग के लिए फील्ड में लगाया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह कार्य समय पर पूरा हो और हर व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके। इरफान मलिक ने सुझाव दिया कि एसआईआर प्रक्रिया शुरू करने से पहले बीएलओ को उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए था। इससे कार्य समय पर और त्रुटि रहित हो पाता। उन्होंने सभी से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की, इसे प्रत्येक व्यक्ति का अपना काम बताया। इस दौरान, व्यापारियों ने अधिकारियों से बड़ौत क्षेत्र में एक विशेष कैंप लगवाने की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही यह कैंप लगाया जाएगा।

# फतेहपुर में लेखपाल की मौत के बाद बागपत में प्रदर्शन

## पीसीएस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों का प्रदर्शन

**समाज जागरण बागपत।**

फतेहपुर में एक लेखपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के बाद बागपत तहसील में विवाद गहरा गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि 2 दिसंबर 2020 को प्रशासन ने षड् यंत्रपूर्वक तहरीर बदलकर एफ आईआर दर्ज कराई, जिसमें मुख्य आरोपी पीसीएस अधिकारी संजय कुमार सक्सेना का नाम शामिल नहीं किया गया। इसके बजाय, राजस्व विभाग के कर्मचारी कंवल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले को कमजोर करने का प्रयास किया गया। परिजनों ने न्याय की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से भी इनकार कर दिया है। इस घटना से पूरे प्रदेश के लेखपाल समुदाय में गहरा आक्रोश है। लेखपाल संघ का कहना है कि मृतक परिवार अत्यंत पीड़ा में है, जबकि प्रदेशभर के लेखपालों में रोष व्याप्त है। संघ ने आरोप लगाया कि लेखपाल अनुशासित कर्मचारी होने के बावजूद उन पर लगातार अव्यवहारिक दबाव डाला जा रहा है। उन्हें अन्य विभागों के कार्य भी तत्काल पूरा कराने के लिए सार्वजनिक रूप से डांट-फटकार, दुर्व्यवहार, वेतन रोकने, निलंबन और एफआईआर तक की धमकियां दी जाती हैं। संगठन के अनुसार, अधिकारी केवल रैंकिंग और उपलब्धियों की होड़ में लगे रहते हैं, जिससे तकनीकी और व्यवहारिक समस्याओं को अनसुना कर दिया जाता है। इस दबाव के कारण कई लेखपाल उच्च रक्तचाप, मधुमेह, चिंता और हृदय रोगों से जूझ रहे हैं।लेखपाल संघ ने इस मामले में कई प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें मुख्य आरोपी पीसीएस अधिकारी संजय कुमार सक्सेना को एफआईआर में नामजद करना शामिल है। संघ ने मृतक की माता को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त, सभी जिलाधिकारियों और उपजिलाधिकारियों को अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ संवाद, संवेदनशीलता और सदव्यवहार बनाए रखने के निर्देश देने की मांग की गई है। चुनाव और पुनरीक्षण कार्यों के दौरान लेखपालों को एक माह के वेतन के बराबर प्रोत्साहन राशि देने की भी मांग की गई है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न,

### सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन करायें-सीडीओ



**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। बैठक में अब तक सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गयी और निर्देशित किया गया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने हेतु यातायात के नियमों के बारे में आमजन मानस को जागरूक किया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि जिन रूटों पर ज्यादा सड़क दुर्घटनायें हुई है उन स्थलों पर स्पीड ब्रेकर बनाये जाये, उन पर रेडियम टेप, साइन बोर्ड, लिखित सूचना मुख्य मार्गो पर कराया जाये जिससे दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। ब्लैक स्पाट की समीक्षा की गयी जिसमें बताया गया कि 15 ब्लैक स्पाट चिन्हित किये गये है जिस पर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में यातायात विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि शहर में लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है और हटाने के बावजूद फिर अतिक्रमण कर लिया जाता है जिस पर सीडीओ ने ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा को निर्देशित किया कि 04 दिसम्बर के बाद अभियान चलाकर सड़कों पर किये गये अतिक्रमण को हटवाया जाये। ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह द्वारा बताया गया कि डीजे का साइड निकले होने से भी दुर्घटनायें हो रही है जिस पर सीडीओ ने निर्देशित किया कि मानक के अनुसार डीजे की साइज जो निर्धारित है उसके अनुरूप आवश्यक कार्यवाही की जाये। लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग व ईओ को निर्देशित किया गया कि सड़कों के किनारे जो भी झाड़ियों की कटाई की जा रही है उसकी विस्तृत रिपोर्ट अगली बैठक में उपलब्ध कराये। रोड सेफ्टी पॉलिसी के 4ई0 में इमरेजेन्सी केयर से सम्बन्धित बिन्दु की समीक्षा में स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि सही जवाब नही दे पाये तथा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को चिकित्सालय में पहुॅचाने व उनका सहयोग करने वाले व्यक्तियों (गुड्स सेमेरिटन) में 04 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है लेकिन चिकित्सा विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है जिस पर सीडीओ ने चिकित्सा विभाग के प्रतिनिधि पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया है कि रोड सेफ्टी के प्रति स्कूलों/

कालेजों मे माह में स्कूली बच्चो को जागरूक किया जाता है। सीडीओ ने परिवहन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि तेज रफ्तार तथा बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट व ओवर लोडिंग के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक में प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता ओ0पी0 चौरसिया, एआरटीओ बी0के0 सिंह, ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे।

# बड़ौत में आधुनिक शवदाह गृह का निर्माण शुरू

### सीएनजी आधारित तकनीक से मिलेगा स्वच्छ और किफायती अंतिम संस्कार हर मौसम में निर्बाध सुविधा अब जनता को मिलेगी राहत

**समाज जागरण बागपत।**

बागपत जिला प्रशासन ने बड़ौत में आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल शवदाह गृह स्थापित करने की महत्वपूर्ण पहल की है। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह हाई टेक शवदाह गृह जिले में पहली ऐसी सुविधा होगी जहां अंतिम संस्कार पूरी तरह स्वच्छ और नियंत्रित वातावरण में किया जा सकेगा। इस परियोजना का उद्देश्य पारंपरिक लकड़ी आधारित चिता व्यवस्था से होने वाले प्रदूषण को कम करते हुए नागरिकों को आधुनिक तकनीक का सुरक्षित विकल्प प्रदान करना है। नगर पालिका बड़ौत के अधिशासी अधिकारी मनोज रस्तोगी ने बताया कि यह शवदाह गृह सीएनजी आधारित प्रणाली पर चलेगा जिससे धुआं राख और प्रदूषण बेहद कम होगा। साथ ही लकड़ी की आवश यकता लगभग समाप्त होने से दाह संस्कार की लागत में भी कमी आएगी। इस तकनीक से गर्मियों की लू सर्दियों के कोहरे और बारिश जैसे मौसम में भी बिना बाधा अंतिम संस्कार संभव होगा। परिसर में प्रतीक्षा कक्ष स्वच्छ जल व्यवस्था पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था दिव्यांगजन अनुकूल मार्ग और सीसीटीवी निगरानी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि परिजनों को सम्मानजनक और शांत वातावरण मिल सके। जिला धिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि यह परियोजना जनपद में नागरिक सुविधाओं को उन्नत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रशासन का लक्ष्य परंपराओं का सम्मान करते हुए आधुनिक तकनीक अपनाना और पर्यावरण संरक्षण के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। निर्माण पूरा होते ही यह सुविधा जनता के लिए खोल दी जाएगी।

# विद्युतगृह चचाई में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

## ड्यूटी के दौरान सोते सुरक्षा गार्ड का वीडियो वायरल, अधिकारियों पर गंभीर आरोप

**समाज जागरण**

अनूपपुर। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में तैनात एक सरकारी सुरक्षा गार्ड का ड्यूटी के दौरान सोते हुए बनाया गया वीडियो वायरल होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो के साथ कई आरोप भी सामने आए हैं, जिनमें ड्यूटी के दौरान शराब सेवन, अन्य सैनिकों से शराब की मांग, और अधिकारियों द्वारा निजी सुरक्षाकर्मियों से 18 से 24 घंटे तक लगातार ड्यूटी करवाने जैसी बातें शामिल हैं आरोपों के अनुसार सुरक्षा अधिकारी रामनारायण राठौर और सुपरवाइजर रामनिवास राठौर (भूतपूर्व सैनिक) पर जवानों के साथ दुर्व्यवहार, ब्लैकमेलिंग तथा शराब उपलब्ध न कराने पर नौकरी से निकालने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। कहा जा रहा है कि इन उत्पीड़नपूर्ण परिस्थितियों के कारण पिछले दो वर्षों में 40 से अधिक सुरक्षाकर्मी नौकरी छोड़ चुके हैं, जिनमें सुपरवाइजर संजय पांडे और अन्य कर्मचारी भी शामिल हैं सूत्रों के अनुसार सुरक्षा अधिकारी रामनारायण राठौर पर पिछले वर्ष एक महिला कर्मचारी ने



उत्पीड़न का आरोप लगाकर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं सुपरवाइजर रामनिवास राठौर पर नियम विरुद्ध 24 घंटे लगातार ड्यूटी करने, ड्यूटी के दौरान सोने और खाने-पीने का आरोप है, जिससे अन्य कर्मचारियों को कार्य निष्पादन में कठिनाई होती है सुरक्षा इंचार्ज पर पहले भी प्लांट में चोरी की घटनाओं में मिलीभगत के आरोप लग चुके हैं। कर्मचारियों के मुताबिक, अधिकारी अक्सर यह कहते सुने गए कि उनकी जबलपुर तक ऊँची पकड़ है, इसलिए उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा– जिससे जवानों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ऐसे मामलों की वजह से सेवानिवृत्त सैनिकों की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और नए प्लांट की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं इस संबंध में सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार कनौजिया ने कहा, हमें इस मामले की जानकारी नहीं थी। आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा कर्मियों से 18 से 24 घंटे ड्यूटी कराई जाती है, जिसका कोई मानदेय नहीं होता। फिर भी हम पूरी जांच कराएंगे घटना के बाद कर्मचारियों ने उच्च प्रबंधन से उचित कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की है

# मारकुंडी में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण गणना प्रपत्र भरने का तीन दिवसीय प्रक्रिया हुआ संपन्न

## पुनरीक्षण कार्य में पूर्ण सहयोग देते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाने की अपील

**ब्यूरो समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। सदर विकास खण्ड के मारकुंडी पंचायत सचिवालय पर ग्रामप्रधान उधम सिंह यादव के नेतृत्व में चल रहे तीन दिवसीय मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) गणना प्रपत्र फार्म भरने का कार्य कैम्प के माध्यम से सकुशल सम्पन्न हो गया है। इस सम्बंध में समाजसेवी/ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज सिंह यादव ने बताया कि मारकुंडी ग्राम सभा 15 वार्डो में विभक्त अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा बाहुल्य क्षेत्र है।यहां पहाड़ी ग्रामीण अंचलों के आदिवासी बाहुल्य अशिक्षित वन बन्धु महिला, पुरुष है, जो शिक्षा तथा जानकारी के अभाव के कारण मतदाता पुनरीक्षण (एस.आई. आर.) फार्म भरने की जानकारी नहीं थी। इन सभी असुविधाओं के कारण गरीब-निरीह महिला, पुरुष समेत युवाओं को भी पंचायत भवन पर कैम्प के माध्यम से फार्म भरने की बहुत सहुलियत मिल रहा है। इसके प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। इसके तहत गुरमा-मारकुंडी में नियुक्त कुल 8 बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र फार्म भरने,भराने के सम्बंध में भी जानकारी दे रहे है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नियुक्त बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है तथा भरे गए प्रपत्रों को डिजिटल कर ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीण मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में पूर्ण सहयोग देते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाने की पुरजोर अपील की है। इस कार्य में लेखपाल अखिलेश कुमार के देखरेख में बीएलओ बतौर दो आंगनवाड़ी कार्यकत्री अनुराधा देवी व अनीता देवी, तीन शिक्षामित्र विजय कुमार चौबे प्रथम, निलेश कुमार, कांती एवं एक सहायक अध्यापक पवन कुमार तथा दो अनुदेशक श्री तौलन व कुमारी रेनू समेत सहायको को नियुक्त किया गया है। इस कार्य कि ग्रामीणों ने काफी सराहना व्यक्त की है।

# पीएम कुसुम योजनान्तर्गत प्रदेश के किसान सोलर पम्प लगाकर हो रहे हैं लाभान्वित

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

- प्रतापगढ़। भारत सरकार किसानों को हर तरह की सुविधा फस लोत्पादन के लिए दे रही है। देश के प्रधानमंत्री जी ने किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाअभियान यानी कुसुम योजना का ऐलान किया था। जिसके अन्तर्गत किसानों को अपनी भूमि पर सौर ऊर्जा से संचालित नलकूप लगाने हेतु अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में इस योजना को लागू करते हुए किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत किसानों को खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए सोलर पम्प स्थापित कराए जाने का प्राविधान किया गया है। प्रदेश सरकार की कुसुम योजना से बिजली की समस्या एवं किसानों की बिजली पर निर्भरता भी दूर हो रही है। प्रदेश के किसान अपनी खाली व बंजर पड़ी जमीन का इस्तेमाल सौर ऊर्जा के लिए कर सकते हैं। किसान सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली को बेच कर अतिरिक्त आमदनी भी कर सकते हैं। कुसुम योजना के अंतर्गत केन्द्र एवं प्रदेश सरकार मिल कर किसानों को अनुदान के रूप में सोलर पम्प की कुल लागत का 60 प्रतिशत दे रहे हैं। इस योजना के संचालन के लिए कृषि विभाग नोडल विभाग नामित है। भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ न्यू एण्ड रिन्यूवेबल एनर्जी के निर्देशानुसार विभिन्न क्षमता के 7.5 एचपी तक के स्टैण्ड एलोन सोलर पम्प की स्थापना पर सरकार 30 फीसदी केन्द्रांश एवं 30 फीसदी राज्यांश के रूप में कुल 60 फीसदी अनुदान की व्यवस्था की है। लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने राज्यांश बढ़ा कर गाइडलाइन में दिए गए निर्देशानुसार 2 एचपी और 3 एचपी के सोलर पम्प पर अनुदान 30 प्रतिशत से अधिक दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार की संचालित इस योजनान्तर्गत 1800 वाट 2 एचपी० डीसी सरफेस सोलर पम्प के लिए किसान को 28376 रुपए देना होगा। 3000 वाट 3 एचपी० डीसी सरफेस सोलर पम्प के लिए किसानों को 38,882 रुपए तथा 4800 वाट 5 एचपी० एसी समर्सिबल सोलर पम्प के लिए किसानों को 87020 रुपए देना होगा शेष धनराशि सरकार दे रही है। इस योजनान्तर्गत पम्प के लिए इच्छुक किसान पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर सोलर पम्प के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पी०एम० कुसुम योजना न्तर्गत अब तक 93062 सोलर पम्पों की स्थापना कराई जा चुकी है। इससे किसानों को सिंचाई व अन्य विद्युत उपयोग हेतु सुविधा मिल रही है। चालू वर्ष में भी हजारों सोलर पंप की स्थापना की जा रही है। सोलर पंप लगने से लगभग 1.50 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचन क्षमता में बढ़ोतरी हुई है।

प्रतिवर्ष लगभग 5484 लाख यूनिट बिजली की बचत और कार्बन उत्सर्जन में प्रतिवर्ष 1.26 लाख टन की कमी आ रही है। इसके अलावा डीजल पंप सेट को सोलर पंप में परिवर्तित करने से हर साल लाखों लीटर डीजल की बचत हो रही है। प्रदेश के किसानों के फसल उत्पादन में सिंचाई हेतु सोलर पम्प बहुत ही सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

# महुली बस स्टैंड पर ठंड का प्रकोपः अलाव की व्यवस्था न होने से यात्रियों की बढ़ी परेशानी, ग्रामीणों ने उठाई आवाज

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**

दुद्धी/ सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र के महुली बस स्टैंड पर इस समय कड़ाके की ठंड ने लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर दी है। सुबह और शाम के समय बस का इंतजार कर रहे यात्री कांपते हुए दिखाई देते हैं, लेकिन इसके बावजूद बस स्टैंड परिसर में अलाव की कोई भी व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष इस समय प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाती थी, ताकि यात्रियों और आम लोगों को ठंड से राहत मिल सके, लेकिन इस वर्ष स्थिति बिल्कुल विपरीत है। यात्रियों का कहना है कि बसें देर से मिलती हैं, ऐसे में लंबे समय तक खुले में खड़े रहना मजबूरी है। ठंड बढ़ने से बुजुर्ग, महिलाएं और छात्र सबसे ज्यादा परेशान हैं। महुली बस स्टैंड पर दुकानदारों ने भी बताया कि ठंड के चलते सुबह-सुबह ग्राहक कम दिखाई देते हैं और जो आते भी हैं वे अलाव न होने से मुश्किल में रहते हैं। स्थानीय निवासी अशोक कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार, जोगेंद्र कुमार, हरिदास गुप्ता, विजय कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि महुली क्षेत्र में ठंड पिछले एक सप्ताह से लगातार बढ़ रही है, लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई पहल नजर नहीं आ रही। लोगों ने यह भी कहा कि यदि प्रशासन जल्द व्यवस्था नहीं करेगा तो ठंड के कारण किसी अनहोनी की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से मांग की है कि महुली बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तत्काल अलाव की व्यवस्था कराई जाए,

ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और आमजन सुरक्षित रह सकें।

# गोपालवास व हरियावास में लिंगानुपात सुधार हेतु जागरूकता अभियान संचालित

**आयुष्मान आरोग्य केंद्र की टीम, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मिलकर चलाया जनजागरण अभियान**

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**




बहल-भिवानी। गांव गोपालवास और हरियावास में लिंगानुपात में सुधार लाने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान आयुष्मान आरोग्य केंद्र गोपालवास की टीम एवं स्थानीय स्वास्थ्य व महिला कार्यकर्ताओं की सहभागिता से आयोजित किया गया।
अभियान में राकेश कुमार (बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता–पुरुष) तथा रमेश कुमारी (बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता–महिला) ने जागरूकता संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा आशा कार्यकर्ताओं किरण, बबली, चंद्रपति, अनीता, जशवंती और सोनू ने भी घर-घर जाकर लोगों को बेटियों के महत्व, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया।
आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं उर्मिला और चमेली ने भी अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और महिलाओं व युवा माताओं को पोषण, स्वास्थ्य जांच और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया।
अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को सामाजिक संतुलन, बालिकाओं के अधिकारों और लिंगानुपात सुधार के लिए प्रेरित करना रहा। इस अभियान में आयुष्मान आरोग्य केंद्र गोपालवास से राकेश कुमार बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष), रमेश कुमारी बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) शामिल हुए। आशा कार्यकर्ताओं में किरण , बबली, चंद्रपति, अनीता, जशवंति व सोनू आशा शामिल हुई।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में उर्मिला व चमेली शामिल हुई।

# धर्मशाला की टूटी चारदीवारी बनाई नहीं, सरपंच ने किया चारदीवारी बनाने का प्रचार प्रसार

## धानक समाज के लोगों ने एकत्रित होकर रोष जताया, कहा सरपंच की नेम प्लेट कैसे लगाए पूरे गांव का मिला है सहयोग

**समाज जागरण ,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-भिवानी। बहल कस्बे की धानक धर्मशाला में चारदीवारी बनाए बिना उसको बनाने का सार्वजनिक प्रचार प्रसार किए जाने पर धानक समाज के लोगों में रोष फैल गया। समाज के लोगों ने कहा कि उन्होंने बार बार ग्राम पंचायत के सरपंच से चारदीवारी बनाए जाने का अनुरोध किया, पर चारदीवारी तो बनाई नहीं लेकिन इसका समाचार पत्रों में प्रचार किया गया है। लोगों ने कहा कि सरपंच ने चारदीवारी बनाए जाने का प्रचार कर समाज के लोगों के साथ अन्याय किया है, जो सहन करने योग्य नहीं है।
वीरवार को धानक समाज के दर्जनभर लोग धर्मशाला परिसर में एकत्रित हुए। लोगों ने कहा कि उनके समाज की धर्मशाला करीब तीस साल पहले बनाई गई थी। धर्मशाला के निर्माण


साधूराम पनिहार, सरपंच, बहल।

में पूरे बहल कस्बे के लोगों ने अपना सहयोग दिया था। पिछले करीब दो साल से धर्मशाला की चारदीवारी पुरानी होने के कारण कई जगहों से गिर गई है। इसको लेकर वे सरपंच से मिले और चहारदीवारी का निर्माण किए जाने की मांग की। लेकिन, चहारदीवारी की हालत दिन प्रतिदिन क्षतिग्रस्त होती गई। ग्राम पंचायत ने चारदीवारी तो बनाई नहीं लेकिन समाचार पत्रों में ग्राम पंचायत के विज्ञापन में उसे बनाई दिखाई है जिससे समाज के लोगों में भारी रोष है।
लोगों ने कहा कि जब उन्होंने सरपंच से बात की तो सरपंच ने कहा कि वे चारदीवारी बनाने पर उस पर अपना बोर्ड लगाएंगे। जबकि, समाज के लोग इस पक्ष में नहीं है। क्योंकि, धर्मशाला का निर्माण ग्राम पंचायत ने नहीं करवाया है वरन पूरे बहल गांव के लोगों से सहयोग लिया गया है। ऐसे में वे ग्राम पंचायत का नाम कैसे अंकित करवा सकते है। लोगों ने कहा कि जिस दिन ग्राम पंचायत उनकी चारदीवारी का निर्माण करवा दें उस दिन ही समाचार पत्रों में ऐसे विज्ञापन जारी करें। बिना चारदीवारी बनाए विज्ञापन देकर पूरे समाज के साथ एक तरह से अन्याय किया है जिससे पूरे समाज में इस बात को लेकर भारी रोष बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वे मामले को अधिकारियों के संज्ञान में लाएंगे ताकि उनको न्याय मिल सकें।

**ये रहे मौजूद**
वीरवार को धर्मशाला में चारदीवारी को सही करवाने की मांग को लेकर प्यारे लाल नागर, आनंद भाबर, पवन बागड़ी, मुकेश बागड़ी, विक्की बागड़ी, दरियासिंह, महाबीर, मेवासिंह, विजय बागड़ी, सीताराम, शिव नागर, पंच राजबीर बागड़ी, पृथ्वी सिंह,धनसिंह, जगदीश, सतीश नागर, सत्यनारायण, मुकेश, सुरेश, राजकुमार ने एकत्रित होकर रोष जताया।
वर्ष 2024 के बजट में धर्मशाला के पीछे की चहारदीवारी निकाली गई थी। उस वक्त आगे की चहारदीवारी सही थी इसलिए आगे की नहीं बनाई गई थी। बजट नहीं होने के कारण आगे की चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ था। चहारदीवारी पर नाम अंकित किए जाने जैसी कोई बात नहीं है।

# बेटे ने मां और उसके प्रेमी की हत्या की : घर में दोनों पकड़े

**समाज जागरण,**



सिरसा, 28 नवम्बर (सुरेश जोरासिया): सिरसा में बेटे ने मां और उसके प्रेमी की हत्या कर दी। देर रात प्रेमी महिला के घर आया था। जहां बेटे ने दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद उसने दोनों का चुत्री से गला दवा दिया। इसके बाद बेटा मां के शव को गाड़ी में डालकर थाने पहुंचा। इस पर पुलिस हैरान रह गई। पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। अभी पुलिस और सीन ऑफ क्राइम की टीम मौके पर जा रही है। महिला की पहचान अंगूरी देवी (55) और प्रेमी की पहचान लेखराज के रूप में हुई है। यह मामला गांव मिकंदरपुर में गुरुवार रात करीब 2 बजे सामने आया। महिला की मां सुगरी ने कहा कि उनकी बेटी अंगूरी के पड़ोसी लेखराज के साथ पिल्ले 15 साल से अवैध संबंध थे। कई बार परिवार ने दोनों को समझाया और रिश्ते को सखत्म करने की कोशिश की। लेकिन अंगूरी नहीं मानी। सुगरी ने बताया कि जमीई पाला और उनका बेटा राजकुमार अकसर कहते थे कि अंगूरी को समड़ा लो, घर बर्बाद हो रहा है। अंगूरी हमेशा कहती थी कि वह लेखराज के बिना नहीं रह सकती। परिवार के समझाने के बावजूद वह इस रिश्ते को छोड़ने के लिए तैयार ही नहीं हुई। रात को घर आया प्रेमी, बेटे ने पकड़ लिया गुरुवार रात को पड़ोसी लेखराज महिला के घर आया। इसका पता महिला के बेटे को चल गया। उसने दोनों को पकड़ लिया। स दौरान बेटे राजकुमार ने अपनी मां और लेखराज का गला दबा दिया, जिससे दोनों को मौत हो गई।

**टीम मौके से जुटा रही जानकारी**
सदर थाना के सब इंस्पेक्टर लेखराज का कहना है कि राजकुमार विवाहित ने है। वह पिकअप गाड़ी चलाता है। उसके 3 बच्चे हैं। घटना के वक्त उसकी पत्ती सुनीता और बच्चे घर में थे। इस बीच पड़ोसी उसके घर पहुंचा। जहां उनका झगड़ा हो गया।

# मेधावी छात्रों व समाजसेवी श्याम सुंदर गुप्ता को सम्मानित किया गया

**समाज जागरण,**




कालांवाली (सुरेश जोरासिया) राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालांवाली में 'विद्यार्थी सम्मान समारोह' का आयोजन किया गयो इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में श्री श्याम सुंदर गुप्ता रिटायर्ड वरिष्ठ अधीक्षक बीएसएनएल सिरसा अपने परिवार सहित पहुंचेविद्यालय पहुँचने पर प्राचार्य श्री जगदेव सिंह गिल और समस्त स्टाफ द्वारा विद्यालय मुख्य प्रवेश द्वार पर उनका स्वागत किया गयोकार्यक्रम का शुभारम्भ शेड के अनावरण से हुओउन्होंने अपनी माताश्री और पिताश्री की स्मृति मे विद्यालय को शेड दान स्वरूप भेंट कियोजो ऑफिस के पास लगाया गयो इस अवसर पर बोर्ड/नॉन बोर्ड कक्षाओं मे 6ठी से 12वीं कक्षा में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यातिथि द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट और सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गयोइस अवसर पर खेल, संगीत, विज्ञान प्रतियोगिता में खंड,जिला और राज्य स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गयोआर्मी मे चयनित विद्यार्थी महकप्रीत सिंह को भी सम्मानित किया गयोप्राचार्य जगदेव सिंह ने उनका परिचय देते हुए उनके द्वारा विद्यालय को दान स्वरूप दिए गए शेड के लिए विद्यालय परिवार की तरफ से आभार व्यक्त किया तथा कहा कि इस शेड का विद्यार्थियों को बरसात और गर्मी मे पूरा लाभ मिलेगो यह जानकारी देते हुए खंड मीडिया प्रभारी मनोहर खनगवाल ने बताया कि समाज सेवी श्याम सुंदर गुप्ता ने विद्यार्थियों को समाज सेवा कार्य मे बढ़-चढ़कर भाग लेने,नशे से दूर रहने के लिए तथा विद्यार्थी जीवन को अनुशासन मे जीने के लिए प्रेरित कियोइस अवसर पर समाजसेवी को विद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उनके द्वारा किए गए इस नेक और उत्कृष्ट कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त कियो इस अवसर पर उनके साथ सुभाष चंद्र वर्मा, मांगे राम वशिष्ट, अर्जुन शर्मा,शिवशंकर,डॉ.एमएस ढिल्लों, सुपुत्र संजय कुमार,पुत्रवधू बबिता रानी,सावित्री जी मौजूद रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में गगन दीप,गुरदीप सिंह देवेंद्र फौजी,रेनू बाला सोनिया, हरपालसिंह, जगसीर सिंह,मंजू रानी का विशेष योगदान रहा

# पंजाब में जिला परिषद व पंचायत समिति के चुनाव का ऐलान,14 दिसंबर को मतदान

**(पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,28 नवंबर :आज पंजाब में जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा हो गई है। राज्य चुनाव आयोग, पंजाब के अनुसार मतदान 14 दिसंबर, 2025 को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। जबकि मतगणना 17 दिसंबर, 2025 को होगी।नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होकर 4 दिसंबर, 2025 तक चलेगी।नामांकन पत्रों की जाँच 5 दिसंबर को की जाएगी, और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 6 दिसंबर है.। इन चुनावों के लिए आचार संहिता लागू कर दी गई है और मतदान मतपत्रों (बैलेट पेपर) के माध्यम से होगा।सूत्रों के अनुसार पंजाब में कुल 23 जिला परिषदें और 13,241 ग्राम पंचायतें हैं।

# फिरोजपुर रेल मंडल में 1494 बिना टिकट यात्रियों से 10 लाख रुपए जुमार्ना वसूला

**समाज जागरण,**

जैतो 28 नवंबर : फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में आज कहा कि मुख्यालय विशेष टिकट चेकिंग अभियान के निदेर्शानुसार, मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य श्री परमदीप सिंह सैनी के अगुआई में फिरोजपुर मंडल में टिकट खिड़की पर बिक्री को बढ़ाने हेतु टिकट जांच कर्मचारियों की उचित तैनाती की योजना बनाकर दिनांक 28.11.2025 से 07.12.2025 तक स्पेशल टिकट चेकिंग ड्राइव चलाया जा रहा है। इस स्पेशल टिकट चेकिंग ड्राइव के दौरान फिरोजपुर मंडल में संचालित ट्रेनों में तथा रेलवे स्टेशनों पर अनियमित और बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जाएगा। विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान प्रतिदिन विभिन्न अधिकारियों / पर्यवेक्षकों के अगुआई में टीम बनाकर आकस्मिक जाँच किया जाएगा। इस दौरान, टिकट किस कोटे से और कैसे बनाया गया, तत्काल एजेंट से टिकट कैसे बनाया, सीनियर सिटीजन कोटा, वीआईपी कोटे से जिनका टिकट कन्फर्म हुआ उनसे भी पूछताछ कर जाँच की जाएगी।



फिरोजपुर मंडल के जालंधर-अमृतसर, फिरोजपुर-बठिंडा, लुधियाना-पठानकोट कैंट, लुधियाना-जालंधर कैंट, फिरोजपुर-लुधियाना आदि सेक्शनों पर स्पेशल टिकट चेकिंग ड्राइव चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, टिकट चेकिंग ड्राइव के पहले दिन आज दिनांक 28.11.2025 को सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री राजकुमार की अगुआई में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करते हुए 1494 रेलयात्रियों से लगभग 10 लाख रूपए जुमार्ना वसूल किया गया।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने रेलयात्रियों से अपील किया है कि वे रेल यात्रा के दौरान हमेशा मान्य/वैध टिकट के साथ यात्रा करें तथा सम्बन्धित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें। बिना टिकट यात्रा करना दंडनीय अपराध है। रेल प्रशासन रेलयात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं राजस्व संरक्षण हेतु ऐसे टिकट चेकिंग अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से चलाता रहेगा।

# केंद्र सरकार द्वारा एससीएल मोहाली के आधुनिकीकरण के लिए 4,500 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा

**(पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

चंडीगढ़,28 नवंबर :केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री रवीनीत सिंह ने आज मोहाली के सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल) का दौरा किया ताकि कार्य प्रगति एवं चल रही आधुनिकीकरण गतिविधियों की समीक्षा की जा सके।यात्रा के दौरान, श्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा किया कि भारत सरकार एससीएल के उन्नयन एवं विस्तार के लिए 4,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। मंत्री ने आश्वासन दिया, "इसमें कोई संदेह नहीं है कि एससीएल मोहाली का आधुनिकीकरण होगा और इसका निजीकरण नहीं किया जाएगा। आगे एक लंबी यात्रा है और भारत इसके लिए तैयार है।" मंत्री एससीएल मोहाली में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां 17 शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों द्वारा डिजाइन की गई 28 चिप्स सौंपी गईं।इन चिप्स को चिप्स टू स्टार्ट-अप (सी2एस) कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को प्रदान किए गए इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) टूल्स का उपयोग करके डिजाइन किया गया है। इसके साथ ही, इस कार्यक्रम के अंतर्गत एससीएल में छात्रों द्वारा डिजाइन की गई कुल 56 चिप्स का निर्माण किया गया है।मंत्री ने सेमिकंडक्टर प्रोसेस गैलरी और अभ्युत्थान प्रशिक्षण ब्लॉक का भी उद्घाटन किया। सेमिकंडक्टर प्रोसेस गैलरी में पुरानी पीढ़ी के बनावट उपकरणों से युक्त एक क्लीन रूम लैब प्रदर्शित की गई है। यह छात्रों को एक सेमिकंडक्टर फैब और एटीएमपी सुविधा का वास्तविक अनुभव प्रदान करती है। अभ्युत्थान प्रशिक्षण ब्लॉक में ऑनलाइन और ऑफलाइन सेमिकंडक्टर प्रशिक्षण मॉड्यूल और व्यावहारिक फायर एवं सुरक्षा प्रशिक्षण शामिल हैं एससीएल मोहाली के लिए कार्य योजना
श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एससीएल मोहाली के लिए एक स्पष्ट कार्य योजना तैयार किया है और उन्होंने प्रमुख दृष्टि क्षेत्रों को रेखांकित किया है।एससीएल को आधुनिक तकनीक से अपग्रेड किया जाएगा और सरकार 4,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसमें उत्पादन क्षमता में व्यापक वृद्धि शामिल होगी, जिसका लक्ष्य मौजूदा स्तर से 100 गुना ज्यादा वेफर्स का उत्पादन करना है।एससीएल मोहाली छात्रों, शोधकताओं एवं स्टार्ट-अप्स को निर्माण सुविधाएं प्रदान करके समर्थन देना जारी रखेगा, जिससे उनके चिप डिजाइन को वास्तविक सिलिकॉन में परिवर्तित करेगी।
विश्व स्तरीय ईडीए उपकरण
भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां लगभग 300 विश्वविद्यालयों के छात्र सरकारी सहायता से उपलब्ध कराए गए विश्व स्तरीय ईडीए उपकरणों का उपयोग करके सेमीकंडक्टर चिप्स डिजाइन कर रहे हैं। श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह पारिस्थितिकी तंत्र विश्व में अद्वितीय है।उन्होंने बल देते हुए कहा कि एससीएल प्रतिभा विकास, नवाचार और स्टार्टअप्स के लिए एक मंच बना रहेगा। अब तक एससीएल द्वारा प्रदान किया गया यह निर्माण समर्थन भविष्य में और बढ़ेगा।भविष्य में एससीएल के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए, भारत सरकार ने पंजाब सरकार से 25 एकड़ भूमि आवंटित करने का आग्रह किया है।रणनीतिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भरताकेंद्रीय मंत्री ने कहा कि रणनीतिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता आवश्यक है और भारत स्वदेशी चिप विकास के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनेगा। सी-डैक, डीआरडीओ एवं अन्य संगठनों का एक मजबूत संघ स्वदेशी चिप के डिजाइन, उत्पाद विकास एवं विनिर्माण में संयुक्त रूप से काम करेगा।

# शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आरंभ 'सीस मार्ग नगर कीर्तन 'जीरकपुर से गुरुद्वारा श्री बिबानगढ़ साहिब कीरतपुर साहिब के लिए रवाना

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 28 नवंबर :नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत की 350वीं शताब्दी के मौके पर, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भाई जैता जी द्वारा दिल्ली से श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का सीस श्री आनंदपुर साहिब लाने की याद में दिल्ली से सीस मार्ग नगर कीर्तन शुरू किया है।नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले गुरुद्वारा साहिब में एक धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें रागी जत्थों ने गुरबानी कीर्तन के जरिए हिस्सा लिया और धर्म प्रचार कमेटी के कथावाचक ने संगत को शहादत के इतिहास से जोड़ा। उद्घाटन के मौके पर आयोजकों ने पंज प्यारे साहिबान निशानची सिंहों और जानी-मानी हस्तियों को सिरोपा देकर सम्मानित किया। नगर कीर्तन का संगत ने अलग-अलग पड़ावों पर गर्मजोशी से स्वागत किया। कल 29 नवंबर को यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री बिबांगढ़ साहिब कीरतपुर साहिब से शुरू होकर गुरुद्वारा सीस गंज साहिब श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगा। इस मौके पर शिरोमणि अकाली दल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉ. दलजीत सिंह चीमा, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अंतरिम मेंबर सुरजीत सिंह गढ़ी, डेरा बस्सी के हलका इंचार्ज एन.के. शर्मा, धर्म प्रचार कमेटी के एडिशनल सेक्रेटरी बिजय सिंह, इंचार्ज मलकीत सिंह, सुपरवाइजर हरभजन सिंह, गुरसाहिब सिंह, अवतार सिंह, डिप्टी मैनेजर सतनाम सिंह, सुपरवाइजर गुरनाम सिंह, प्रचारक और सुपरवाइजर भाई बलवंत सिंह इनोकोट, सिख मिशन दिल्ली के इंचार्ज मनमीत सिंह, जसबीर सिंह लोंगोवाल और हरियाणा सिख मिशन के इंचार्ज सुखविंदर सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।
शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आरंभ सीस मार्ग नगर कीर्तन जीरकपुर से गुरुद्वारा श्री बीबानगड साहिब कीरतपुर साहिब के लिए रवाना होने का दृश्य।

# अग्रसेन पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'विबग्योर' की रंगारंग छटा

**समाज जागरण अश्विनी वालिया**




अग्रसेन पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग में आज वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह विबग्योर बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे स्कूल परिसर में बच्चों की खिलखिलाहट, रंगों की चमक और संगीत की गूंज से माहौल उत्सवमय हो उठा।
समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल समिति के चेयरमैन श्री मूलचंद गुप्ता जी उपस्थित रहे। साथ ही स्कूल अध्यक्ष श्री नितिन गोयल जी, स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य श्री राजेश अग्रवाल जी, श्री मानिक गोयल जी, डॉ. आर. एन. बंसल जी, श्री अमित गोयल जी एवं श्री रवि अग्रवाल जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।
अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत बड़े आत्मीय भाव से किया गया। स्कूल के बैंड की मधुर धुनों के बीच एन.सी.सी. कैडेट्स की शानदार परेड ने सभी का दिल जीत लिया। इसके बाद गणमान्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से हुई । पाँचवीं कक्षा के बच्चों की इस प्रस्तुति ने माहौल को भक्ति से सराबोर कर दिया। इसके बाद पहली कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जानवरों की रंग-बिरंगी वेशभूषा पहनकर एक प्यारी-सी नृत्य-नाटिका पेश की, जिसमें उन्होंने मिलजुल कर रहने और खुशियाँ बाँटने का सुंदर संदेश दिया। दर्शकों ने तालियों से बच्चों का हौसला बढ़ाया।
स्कूल अध्यक्ष श्री नितिन गोयल जी ने अपने संबोधन में स्कूल की सुविधाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रेरणादायक गीत की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी के मन को छू लिया। तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने आजकल मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग और उसके दुष्प्रभावों पर एक जागरूकता से भरपूर प्रस्तुति दी । उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम इसके कारण अपनों से ही दूर हो रहे हैं, साथ ही मोबाइल के सही उपयोग का संदेश भी दिया।
पर्यावरण संरक्षण पर कक्षा तीसरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत एनेक्टमेंट ने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया कि पेड़-पौधों, जल और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण प्रयोग करना और उन्हें स्वच्छ रखना समय की जरूरत है। स्कूल प्राचार्या श्रीमती रीटा गोयल जी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से गत वर्ष के परीक्षा परिणाम और अन्य गतिविधियों में बच्चों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का विवरण दिया।चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने एरोबिक्स, योग और खेलों की ऊजार्वान प्रस्तुति देकर यह समझाया कि स्वस्थ शरीर ही खुशहाल जीवन की नींव है।
दूसरी कक्षा के बच्चों ने उम्मीद और सपनों पर आधारित अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रेरित किया कि निरंतर आगे बढ़ते रहना ही सफलता का मार्ग है। उनकी मासूमियत भरी प्रभावशाली अभिव्यक्ति ने पूरे सभागार में ऊर्जा भर दी।
मुख्य अतिथि श्री मूलचंद गुप्ता जी बच्चों की प्रतिभा देखकर बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास और परिश्रम के बल पर बच्चे जीवन की हर मंज़िल पा सकते हैं। उन्होंने सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।
इसके बाद प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं गणमान्य सदस्योंद्वारा कक्षा 1 से 5 तक के मेधावी छात्रों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। मंच पर जब पाँचवीं कक्षा के बच्चों ने भांगड़ा और गिद्दा की उमंग भरी प्रस्तुति दी, तो पूरा माहौल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने इस दिन को यादगार बना दिया।
सौहार्द्र पूर्ण माहौल में जलपान का आयोजन भी किया गया। अंत में वंदे मातरम की सामूहिक गूँज के साथ समारोह का भावपूर्ण समापन हुआ।

# दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में ओपीडी का लिफ्ट खराब मरीज परेशान

**समाज जागरण बादल हुसैन**



नई दिल्ली यमुनापार के सबसे बड़े अस्पतालों में से एक गुरु तेग बहादुर जीटीवी अस्पताल इन दिनों बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। यहां अस्पताल के गेट नंबर 7 के ठीक सामने ओपीडी की लिस्ट पिछले कई दिनों से खराब पड़ी है। जिसके कारण मरीजो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां रोजाना हजारों मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के चलते मरीजों को इलाज से ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। ओपीडी की लिफ्ट पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है। मरीज हों या उनके तीमारदार सभी को कई मंजिल सीढियां चढनी पड़ रही है। बीमार मरीजों को रैम्प पर पैदल ले जाना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि लिफ्ट में बार बार खराबी आती है और हर बार मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। अस्पताल प्रशासन की नींद अब तक नहीं खुली है।न कोई स्थायी समाधान निकाला गया है। और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई जवाबदेही दिखाई। एक मरीज के परिजन ने बताया कि यहां इलाज कराने तो आते हैं, लेकिन मुसीबत झेलनी पड़ती है। गुरु तेग बहादुर जीटीबी अस्पताल में हो रही इस लापरवाही ने स्वस्थ्य विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागता है और मरीज को राहत कब मिलती है।
इस संदर्भ में जीटीबी अस्पताल के एमडी डॉ विनोद कुमार से बात करने की कोशिश की गई तो उनका नंबर बंद बताया गया।

# संविधान में निहित, न्याय, समानता और मानव गरिमा के सिद्धांतों की रक्षा के लिए समर्पित है मानव अधिकार आयोग:जस्टिस ललित बत्रा

**हरियाणा मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा ने महोत्सव में स्थापित स्टॉल का किया अवलोकन, स्टॉल के माध्यम से लोगों को किया जाएगा अधिकारों के प्रति जागरूक**

**समाज जागरण अश्विनी वालिया**




कुरुक्षेत्र 28 नवंबर हरियाणा मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा ने कहा कि यह संस्था संविधान में निहित, न्याय, समानता और मानव गरिमा के सिद्धांतों की रक्षा के लिए समर्पित है। राज्य स्तर पर हरियाणा मानव अधिकार आयोग को वे सभी शक्तियां प्राप्त है, तो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को प्रदान की गई हैं। राष्ट्रीय आयोग, अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, अपने समक्ष लंबित कुछ शिकायतों को राज्य आयोग को भी प्रेषित कर सकता है। राज्य मानव अधिकार आयोग की मुख्य जिम्मेदारियां मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित मामलों का संज्ञान लेना, उनकी जांच करना तथा आवश्यक कार्रवाई करना है।
आयोग के चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में स्टॉल नंबर 54 पर हरियाणा मानव अधिकार आयोग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर बातचीत कर रहे थे। इससे पहले आयोग के चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा ने स्टॉल का अवलोकन किया और अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ महोत्सव में घूमने आए पर्यटकों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हरियाणा मानवाधिकार आयोग का मुख्य उद्देश्य है कि एक ऐसे समाज की संरचना, जहां से व्यक्ति के अधिकारों का सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के अंतर्गत सुनिश्चित हो। गीता महोत्सव में स्टॉल को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि भारत में मानव अधिकारों की रक्षा और प्रोत्साहन के लिए संसद और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा कई महत्वपूर्ण अधिनियम लागू किए गए हैं, जिनमें बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, दहेज निषेध अधिनियम 1961, समान वेतन अधिनियम 1976 आदि कई अधिनियम शामिल है। आयोग हिंदी या अंग्रेजी भाषा में पीड़ित द्वारा या उसकी ओर से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अथवा किसी न्यायालय के निर्देश या आदेश पर शिकायत प्राप्त कर सकता है या फिर पीड़ित व्यक्ति स्वयं आयोग के कार्यालय में आकर अपनी शिकायत दे सकता है या पोस्ट, फैक्स अथवा अपनी शिकायत आयोग के ई-मेल पर निःशुल्क भेज सकता है।

# जोड़ियाँ स्वर्ग में बनती हैं उन्हें धरती पर मिलाकर हम पुण्य के भागी बनते हैं: पूनम मौर्य( जिला पंचायत अध्यक्ष )

## *53 जोड़ें एक दूजे के लिए बंधे, लिया संकल्प।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। जोड़ियाँ स्वर्ग में बनती हैं पर उन्हें धरती पर मिलाकर हम पुण्य के भागी बनते हैं।

उक्त बातें हरहुआ ब्लाक मुख्यालय परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 53 जोड़ों जो एक दूजे के होकर दाम्पत्य जीवन शुरू करने जा रहे वर-वधु को आशीर्वाद देने के बाद बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।सभी जोड़ो को अपने हाथों उपहार सामग्री व प्रमाण पत्र प्रदान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य का बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने बुके भेंटकर स्वागत किया और पगड़ी बांधकर मंगल गणेश पूजन का कार्य कराया। साथ ही प्रांगण में स्थित सरदार पटेल,अम्बेडकर व पं0 दीन दयाल के मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम में शामिल 52 जोड़े हिन्दू रीति रिवाज से वैदिक मंत्रोच्चार हवन के बाद एक दूजे के गले मे जयमाला डालकर संकल्प लिया वहीं महिलाओं ने मंगलगीत गाकर परम्परा को जीवंत बना दिया। वहीं एक सभईपुर के मुस्लिम जोड़े का मौलबी ने निकाह पढ़ाया।



अध्यक्षता करते हुए बीडीओ हरहुआ श्री वर्मा ने कहा कि आज असहाय,गरीबों के लिए महंगी हो गई है तो सामूहिक विवाह योजना से उनके लिए वरदान साबित हुई है।

सामूहिक शादी में सरकार प्रति शादी एक लाख रुपये खर्च कर रही है जिसमें साठ हजार लड़की के खाते में तथा 25000/ का सामान एवं 15000/ रुपए टेंट खाने पीने आदि के खर्चे पर व्यय किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव जयप्रकाश भारती ने किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि रामू उपाध्याय ,एडीओ देवेंद्र कुमार पांडेय, शैलेन्द्र सिंह, एडीओ पंचायत रवि सिंह , शशांक सिन्हा , निर्मला देवी, सचिव संजय सोनकर , गणेश पटेल, गौरव कुमार विश्वकर्मा, सौरभ कुमार श्रीवास्तव, बीरेंद्र कुमार, आनंद कुमार, तथा ग्राम प्रधान रवींद्र कुमार यादव, प्रतिनिधि औरा संजय कुमार, बिपिन कुमार, शशिकला सहित वर -वधु परिजन उपस्थित रहे।

# मानक के विपरीत धान खरीदने पर क्षति की पूर्ति सचिव से की जाएगी: देवेंद्र कुमार सिंह

## सहायक आयुक्त ने शिवपुर, खलियारी , वैनी और आमडीह धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण।

वाराणसी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता देवेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को शिवपुर,वैनी, खलियारी और आमडीह धान क्रय केंद्रो का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उनके साथ एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेश सिंह तथा एडीओ चतरा श्रीचंद उपस्थित रहे।

आमडीह बीपैक्स मे छः किसानो से 600 कुंटल खरीद पाई गयी।समिति परिसर मे यत्र तत्र फर्श पर धान के भंडारण पर सहायक आयुक्त ने सचिव विजयशंकर को जमकर फटकार लगाई।



सहायक आयुक्त ने कहा की मानक के अनुरूप धान नही क्रय किये गए और क्रय नीति का उल्लंघन पाया गया तो किसी भी क्षति की वसूली केन्द्र प्रभारी से की जाएगी।

शिवपुर बीपैक्स मे सात किसानो से 630.40 कुंटल धान खरीद पाई गई। केन्द्र प्रभारी सौरभ सिंह को नियमित रूप से क्रय केंद्र खोलकर अधिक से अधिक किसानो को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए।

बीपैक्स खलियारी पर सचिव/ केन्द्र प्रभारी अंतिमा भारती ने बताया कि ईपोप मशीन मे दिक्कत के कारण आनलाईन खरीद मे समस्या है ।मौके पर अनिल कुमार के लगभग 20 कुंटल धान की तौल हो रही थी। सहायक आयुक्त ने मौके पर तकनीकी विशेषज्ञो से बात करके समस्या का समाधान कराया

वैनी बीपैक्स मे मात्र एक किसान से 100 कुंटल खरीद पाई गई। सहायक आयुक्त ने केन्द्र प्रभारी को खरीद मे तेजी लाने के निर्देश दिए।

# बिजली बिल राहत योजना से उपभोक्ताओं में भारी उत्साह, कर रहे हैं बेसब्री से इंतजार

**समाज जागरण**

वाराणसी। अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड बरईपुर, वाराणसी ने आज शुक्रवार को राहत की जानकारी उपभोक्ताओं को देते हुए कहा किसम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि० द्वारा 1 दिसम्बर से विद्युत बिल बकायेदारों के लिए बिजली बिल राहत योजना 2025-26 प्रारम्भ की जा रही है। जो 03 चरणों (प्रथम चरण दिनांक 01दिसम्बर से 31दिसम्बर तक, द्वितीय चरण-दिनांक 01जनवरी से 31जनवरी तक एवं तृतीय चरण 01 फरवरी से 28 फरवरी तक में होगी।

जिसमें 01 कि०वा० एवं 02 कि०वा० के समस्त घरेलू एवं 01 कि०वा० के वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ताओं जिनका अंतिम भुगतान 31मार्च 25 के पूर्व हुआ है या जिनका भुगतान कभी नहीं हुआ है, के विलम्बतम भुगतान अधिभार में शत-प्रतिशत छूट के साथ मूलधन में भी 25 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है।

विद्युत चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में भी 50 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान है। इस योजना से खण्ड के अन्तर्गत 29 हजार नेवरपेड उपभोक्ता जिन्होंने संयोजन पश्चात कभी भुगतान नहीं किया है तथा 43 हजार लान्ग अनपेड उपभोक्ता जिन्होंने 31मार्च 2025 के बाद से एक बार भी भुगतान नहीं किया है, इस योजना से लाभान्वित होंगे। विद्युत चोरी के 1210 प्रकरणों में भी उपभोक्ताओं को प्रथम चरण में 50 प्रतिशत तक का लाभ प्राप्त कर सकेगें।

जिन उपभोक्ताओं को पूर्व में विद्युत बिल बकाये / चोरी के प्रकरणों में आर०सी० प्रेषित किया गया है अथवा जो प्रकरण न्यायालय में लंबित है वैसे उपभोक्ताओं के लिए भी यह योजना लागू है। समस्त उपभोक्ता अपने निकटतम विद्युत उपकेन्द्र कैश काउन्टर, जनसेवा केन्द्र, विद्युत सखी एवं मीटर रीडर के माध्यम से पंजीकरण करवाकर अपने विद्युत बिल का भुगतान कर सकते हैं। साथ ही यदि उपभोक्ता चाहें तो आनलाइन वेबसाइट www.uppcl.org पर भी अपने विद्युत बिल का भुगतान कर सकते हैं। विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिल राहत योजना 2025-26 को सफल बनाने एवं अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ पहुँचाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। खण्ड द्वारा जगह-जगह बैनर व पोस्टर लगाये गये है एवं प्रचार गाड़ी से प्रचार किया जा रहा है।

योजना के दौरान प्रत्येक दिन उपकेन्द्र के काउन्टर के अतिरिक्त प्रत्येक उपकेन्द्र से लगायत 02-02 गांवों में कुल 44 कैम्प आयोजित किये जायेंगे। योजना के दौरान कैम्प में उपभोक्ताओं के बिलिंग सम्बन्धित समस्याओं एवं अन्य समस्याओं का भी निस्तारण किया जायेगा। खण्ड का उद्देश्य है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में एक-एक ग्रामीण उपभोक्ताओं से सम्पर्क करके उनको योजना का लाभ पहुँचाना है। साथ ही उपभोक्ताओं में बिजली बिल राहत योजना 2025-26 को लेकर काफी उत्साह देखा गया है। सभी सम्मानित उपभोक्ता भीड़ से बचने एवं योजना का अधिक से अधिक लाभ पाने के लिए 'जल्दी आयें एवं ज्यादा लाभ पायें एवं अपना नाम बकायेदारों की सूची से हटायें'। बिजली बिल राहत योजना 2025-26 में विद्युत बकाया जमा नहीं करने वालेउपभोक्ताओं के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही जैसे विद्युत विच्छेदन, आर०सी० जारी कर दी जायेगी।

# जमीनी विवाद खूनी संघर्ष में बदला दोनों पक्षों के 37 नामजद व 50-60 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज, कई घायल

**समाज जागरण**

कासगंज। थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के ग्राम बरौना की गंगापार कटरी में गुरुवार शाम जमीन पर कब्जे को लेकर शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में भयावह रूप ले बैठा। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों, पथराव और फायरिंग तक की नौबत आ गई। अचानक भड़के इस संघर्ष से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी फैल गई।

सूचना मिलते ही कादरगंज चौकी प्रभारी धीरज कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात पर काबू पाया। संघर्ष में आठ से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें पुलिस ने तत्काल अस्पताल भेजा। घटना को गंभीर मानते हुए देर रात स्वयं चौकी प्रभारी धीरज कुमार ने तहरीर दी, जिसके आधार पर दोनों पक्षों के 37 नामजद तथा 50-60 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध स्वेच्छा से चोट पहुँचाना, अचानक उकसावे में हमला करना, साक्ष्य नष्ट करना, झूठा साक्ष्य तैयार करना तथा अपराधियों को संरक्षण देने जैसी बीएनएस की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

# इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट में बांसुरी तबले की बोल पर हुआ भरतनाट्यम

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी तथा संस्कार भारती काशी महानगर एवं संस्कार भारती विश्वविद्यालय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मासिक श्रृंखला ह्लनाद यात्राह्व का आयोजन इंस्टिट्यूट ऑफ फाईन आर्ट्स, घमाहापुर, गंगापुर में हुआ। कार्यक्रम में संगीत के विद्वानों ने सुर संगीत की सरिता बहाई।

कार्यक्रम कीशुरूआत सुश्री कनिष्का अग्रहरि का भरतनाट्यम से हुआ। कनिष्का ने भरतनाट्यम के दो कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसकी दर्शकों ने काफी सराहना की। रूपम बसाक ने राग भीमपलासी राग छेड़कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। आकाशवाणी वाराणसी के पूर्व निदेशक पं. राजेश गौतम ने राग पूरिया में बाँसुरी वादन कर दर्शकों का मन मोह लिया। यहां आयोजित कार्यक्रम में संगत कलाकारों के रूप में तबले पर पं. ललित कुमार, हारमोनियम पर हर्षित उपाध्याय ने संगत की।



कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रो ऋचा कुमार, संगीत विभाग, महिला महाविद्यालय, बीएचयू ने कहा कि इस तरह का आयोजन होने से लोगों में भारतीय कला के प्रति समझ बढ़ रही है। संस्कार भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री श्री दीपक शर्मा जी ने इस आयोजन के लिए इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट की सराहना की।

संचालन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, निदेशक, इंस्टिट्यूट ऑफ फाईन आर्ट्स, वाराणसी ने किया। सभी कलाकारों एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ द्वारा किया गया। अंत में डॉ. अनिल कुमार सिंह ने सभी कलाकारों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट ऑफ फाईन आर्ट्स के विद्यार्थी और ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थिति रहे।

# राजगढ़ अस्पताल के शौचालय में मिली नवजात बालिका बालिका मिलने से अस्पताल में मचा हड़कंप

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ के शौचालय में नव जाट रोती हुई एक नवजात बालिका मिली। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 6:00 बजे के आसपास अस्पताल के शौचालय में एक नवजात रोती हुई बालिका मिली। अस्पताल की साफ सफाई में लगे राम सकल ने शौचालय में जाकर देखा एक नजर शिशु विद्यालय में पड़ी रो रही थी उन्होंने तुरंत इसकी सूचना आकस्मिक ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सर्वेश कुमार पांडे को दी। मौके डॉक्टर सर्वेश पांडे ने स्टाफ नर्स सिवा देवी के साथ मौके पर पहुंचे स्टाफ नर्स ने बच्ची को गोद में उठाया और प्रसव कक्ष में ले गई बच्ची के शरीर में लगे नाड़े को काटकर उसका इलाज किया गया। स्टाफ नर्स ने बताया कि नवजात बच्ची स्वस्थ है। इसकी सूचना उन्होंने राजगढ़ थाने और चाइल्ड केयर सेंटर को दे दी है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पाताल में जुड़ गई। अभी दो दिन पूर्व ही किसान इंटर कॉलेज के पास रेलवे अंडरपास के बगल में एक नवजात बच्चों की मौत हुई थी जहां पर किसी ने फेंक दिया था अभी उसका पता चला ही नहीं की दूसरी घटना हो गई पुलिस सही तरीके से जांच नहीं कर रही है। इस संबंध में जब डॉक्टर पवन कश्यप से बात हुई तो उन्होंने कहा कि छुट्टी पर है और कार्यवाहक प्रभारी डॉक्टर संतलाल से बात हुई तो उन्होंने कहा कि शौचालय में मिली नवजात बालिका का इलाज किया गया है और वह पूरी तरह से स्वस्थ है। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज किया जा रहा है। चाइल्ड केयर को इसकी सूचना दे दी गई है।



# एसआईआर सर्वे हर मतदाता के हित में: देवेंद्र कुमार सिंह

## *सर का सर्वे फार्म भरकर रविवार तक बीएलओ के पास जमा करें।

**समाज जागरण**

वाराणसी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को नगवा विकासखंड क्षेत्र मे एसआईआर सर्वे का निरीक्षण किया।

सहायक आयुक्त ने आमडीह कंपोजिट विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय सेमरिया, प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा, और प्राथमिक विद्यालय सरायगढ़ बूथो पर बीएलओ के कार्यो का अवलोकन किया।

बूथ नंबर 232 के बीएलओ राजेश कुमार कै 72 फार्म फीडिंग हेतु अवशेष पाए गए ।इसी तरह प्राथमिक विद्यालय कुरवल की बीएलओ पार्वती देवी के सिर्फ 56 फार्म अवशेष पाए गए।

सहायक आयुक्त ने दोनो बीएलओ को दो घंटे के भीतर शतप्रतिशत फार्म फीडिंग कराने के निर्देश दिए।

प्राथमिक विद्यालय सरायगढ़ मे तीनो बीएलओ की प्रगति अत्यंत खराब रही। क्षेत्रीय पर्यवेक्षक लेखपाल प्रवीण कुमार का बीएलओ के साथ कोई तालमेल नही दिखा।



सहायक आयुक्त ने दूरभाष पर लेखपाल को बीएलओ से सामंजस्य स्थापित करके रविवार तक हर हाल मे शतप्रतिशत फार्म फीडिंग कराने के लिए आगाह किया।

सहायक आयुक्त ने कहा कि एसआईआर सर्वे प्रपत्र भरना हर मतदाता के लिए अनिवार्य है तथा यह हर मतदाता के हित मे है।

सहायक आयुक्त के साथ निरीक्षण के दौरान एडीसीओ सदर अवधेशसिंह, एडीओ सहकारिता नगवा श्रीचंद, एडीओ पंचायत कौशलेंद्र विक्रम सिंह, प्रधानअध्यापक आमडीह अनिल कुमार देव, प्रधान अध्यापक सरईगढ़ रामजतन सिंह,रामसुधाकर चौबै समेत सभी बीएलओ और क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह ने आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## कासगंज के 48 युवा होंगे एसडीआरएफ से प्रशिक्षित

**समाज जागरण**

कासगंज। मा. राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के अनुपालन में जनपद कासगंज से चयनित युवाओं को आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु लखनऊ भेजा गया। गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दिग्विजय प्रताप सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी प्रणय सिंह के पर्यवेक्षण में आयोजित हुआ।

आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए जनपद से कुल 48 युवा चयनित किए गए हैं, जो एनसीसी, एनएसएस या विभिन्न एनजीओ से जुड़े स्वयंसेवी सदस्य हैं। इन युवाओं को एसडीआरएफ टीम के साथ भेजा गया है, जहाँ उन्हें 29 नवंबर 2025 से 10 दिसंबर 2025 तक 12 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जाएगा।




प्रशिक्षण अवधि में युवाओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने की तकनीकें, रेस्क्यू ऑपरेशन, आपदा के समय राहत कार्य, प्राथमिक उपचार आदि का विस्तृत अभ्यास कराया जाएगा।

प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों को आपदा मित्र प्रमाणपत्र, आवश्यक उपकरण किट तथा परिचय पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले युवाओं को होमगार्ड्स भर्ती में 03 अतिरिक्त अंक का लाभ भी प्राप्त होगा।

# युवती की अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवती की अश्लील व निजी तस्वीरों को इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर उसकी छवि खराब किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार पिछले कुछ महीनों से उसकी कुछ अंतरंग तस्वीरों को व्हाट्सऐप के माध्यम से कई लोगों तक भेजकर वायरल किया जा रहा है। उसके मोबाइल नंबरों पर भी ये फोटो भेजकर उसे बदनाम किया जा रहा है। युवती ने आरोप लगाया कि इन तस्वीरों को वायरल करने के पीछे भदोही जनपद के पश्चिम मोहाल, नगर पालिका परिषद गोपीगंज वार्ड नं. 24 निवासी शिवम कुमार गुप्ता तथा वाराणसी जनपद के चौबेपुर थाना अंतर्गत लूठा निवासी नीरज पांडेय का हाथ है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ 66E धारा में मुकदमा दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बनवासी परिवारों को टी शर्ट किया का वितरण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणासी।। बड़ागांव विकासखंड के अकोढ़ा गांव में शुक्रवार को एक सादेड्डसंतरे समारोह के दौरान लगभग 500 बनवासी परिवारों को टिशर्ट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में डॉ. गुलाब सिंह, कमलेश सिंह, नागेश्वर सिंह प्रदेश सचिव ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सतेंद्र सिंह, तारकेश्वर सिंह, भोजपुरी अभिनेता सुशील सिंह तथा नवीन सिंह ने भाग लिया।



समारोह की शुरूआत में डॉ. गुलाब सिंह ने कहा, सर्दी के इस मौसम में गरीब परिवारों को गरम कपड़े देना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। इसके बाद सभी अतिथियों ने मिलकर टिशर्टों को बाँटना शुरू किया।

टिशर्ट वितरण के दौरान नवीन सिंह पिंटू, रवि सिंह तथा उनके परिजनों ने भी सक्रिय रूप से सहयोग दिया और मानव सेवा के इस कार्य में अपना योगदान दिया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सामुदायिक कार्यों से ग्रामीण क्षेत्र में एकता और सहयोग की भावना मजबूत होती है।

पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। सभी टिशर्ट वितरण के बाद उपस्थित लोगों को हल्का जलपान भी कराया गया।

# चालीस बीघा वन भूमि से वन्यजीव प्रतिपालक ने हटवाया अतिक्रमण

**समाज जागरण**

मीरजापुर हलिया रेंज अंतर्गत परसिया बीट के कम्पार्टमेंट नंबर पांच सिलहटा वन क्षेत्र में पूर्व में अतिक्रमण वन भूमि से अतिक्रमण को गुरुवार की देर शाम वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क भास्कर प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में हलिया रेंज के कर्मचारियो वन दरोगा सूरज पांडेय, सनी सिंह , वन्यजीव रक्षक नीटू शर्मा, रामदास आदिवासी वनरक्षक शीतला बख्श सिंह, अंकुर शुक्ला



ब्रह्मदेव पांडेय आदि वनकर्मियों के साथ चालीस बीघा वन भूमि के अतिक्रमण को खाली कराया गया है जिसमें मकान व झोपड़ी झूग्गी को गिराते हुए बोई गई सरसो की फसल को जेसीबी के द्वारा फसल को नष्ट कराकर वनभूमि से अबैध अतिक्रमण को खाली करवाते हुए वृक्षरोपण 2026 हेतु सुरक्षा खाई व बोनानाली का खुदान कार्य करा दिया गया इस संबंध में वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने बताया की हलिया रेंज के अंतर्गत परसिया बीट के कम्पार्टमेंट नंबर पांच सिलहटा वनभूमि पर किये गए चालीस बीघा अतिक्रमण को खाली कराकर वनभूमि पर वृक्षारोपण के लिए बोननाली व सुरक्षा खाई की खुदाई जेसीबी मशीन से करा दिया गया है

# जैविक खेती किसान मेले का हुआ आयोजन

## किसान मेले में उमड़ी किसानों की भीड़,दी गई जैविक खेती की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर नमामि गंगे योजना द्वारा संचालित बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जमालपुर विकास खंड के धुरिया गांव में किसान मेले का आयोजन किया गया।जिसमे किसानों को आधुनिक कृषि के बाबत नई जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को जैविक खेती



से कम लागत में अच्छी उपज की जानकारी देते हुए, खेत में हो रही कार्बन की कमी को बढ़ाने के लिए विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया। डॉ सुरेश ने किसानों को बीजामृत और जीवामृत बनाने और उसके प्रयोग के बारे में जानकारी दी।मेले में किसानों को जैविक खेती पर जोर देते हुए कम लागत से अधिक उपज की बारे में बताया।किसानों को शासन द्वारा किसानों के कल्याण हेतु चल रही योजनाओं, कृषि विविधीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कमलेश सिंह, मुकेश सिंह, विपुल सिंह, रमेश सिंह सहित गांव के अन्य किसान उपस्थित रहे।

# भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान का संकल्प, साल भर में बनाएंगे बाल विवाह मुक्त

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान ने कहा कि वह बलरामपुर को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करेगा। ह्य100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियानह्न जिसे बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर पूरे देश में शुरू किया गया है, ने एक लक्षित रणनीति तय की है। इसमें स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेषध्यान दिया जाएगा, ताकि बच्चों के खिलाफ इस सदियों पुराने अपराध का अंत सुनिश्चित किया जा सके। भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान देश में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़ेनेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है ।इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश के 451 जिलों में बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं।

ह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्न अभियान के 27 नवंबर को एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान ने स्कूलों, ग्रामीण समुदायों और अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम और पूरे जिले में जगह-जगह बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह आयोजित किए। संगठन ने जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया और उन्हें समझाया कि कानून के अनुसार बाल विवाह में किसी भी तरह से शामिल होने या सहायता करने वालों जिसमें शादी में आए मेहमान, कैटरर्स, टेंट वाले, बैंड वाले, सजावट




वाले या बाल विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहित, सभी को इस अपराध को बढ़ावा देने के जुर्म में सजा हो सकती है। पिछले कुछ वर्षों से कानून लागू करने वाली एजेंसियों व जिला प्रशासन के साथ करीबी समन्वय से काम करते हुए भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान ने पिछले एक वर्ष में ही 300 बाल विवाह रुकवाए हैं।

बाल विवाह के खिलाफ जारी अभियान को और गति व मजबूती देने वाली सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते हुए देवतादीन पाण्डेय ने कहा, ह्लयह 100 दिवसीय गहन अभियान देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा और हमें प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य के करीब लाएगा ।सदियों से हमारी बेटियों को अवसरों से वंचित किया गया है और विवाह के नाम पर उन्हें अत्याचार, शोषण और बलात्कार की ओर धकेला गया है। जन प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और समुदायों का अभूतपूर्व तरीके से एक साथ आना, बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों को नई ऊर्जा व रफ्तार देगा। इस समन्वय और सामूहिक संकल्प से हम जिले को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रति आश्वस्त हैं और अब इस अपराध को छिपने के लिए कहीं भी जगह नहीं मिलेगी ।ह्व

सौ दिन के इस गहन जागरूकता अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है और इसका आखिरी चरण 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर समाप्त होगा। इसका पहला चरण 31 दिसंबर तक चलेगा जिसमें स्कूलों, कालेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के प्रसार पर जोर रहेगा। एक जनवरी से 31 जनवरी के बीच दूसरे चरण में मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे जैसे धार्मिक स्थलों पर जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, बैंक्वेट हाल, और बैंड वालों जैसे विवाह में सेवाएं देने वालों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। तीसरा और आखिरी चरण 8 मार्चतक चलेगा। इसमें बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों, नगरपालिका के वार्डों और समुदाय स्तरीय भागीदारी पर प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगा।

# वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चुरियानी के समीप गुरुवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 35 वर्षीय स्कूटी सवार की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के रामाअग्रहरी गली नीम भवानी निवासी स्व0 अनिल कुमार द्विवेदी का पुत्र चन्द्रशेखर गुरूवार की रात लगभग 8 बजे रिश्तेदारी से वापस आ तभी चुरियानी गांव के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# मां ने डाटा तो खाया जहर

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम ललापुर में मां डाट से क्षुब्ध 14 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार लालपुर गांव निवासी स्व0 केशन लाल की पुत्री प्रिंशी ने मां द्वारा डाट देने पर गुस्से में आकर जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे ई-रिक्शा द्वारा ईलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने किशोरी की हालत चिन्ता जनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी धरमराज मौर्या का 18 वर्षीय पुत्र छोटू गांव के ही फूल सिंह मौर्या का 22 वर्षीय पुत्र विपिन मौर्या के साथ बाइक से कौशाम्बी जनपद किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह लोग अजुहा के समीप पहुंचे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गये। उधर जानकारी मिलने पर परिजन दोनो घायलों को निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के इदरीशपुर उर्फ नाथूपुर गांव में संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां शकुंतला देवी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 26 नवंबर की रात लगभग आठ बजे उसका लड़का नरेंद्र सड़क किनारे खड़ा था जिसको गांव के कमलेश और उसकी पत्नी फूलमती ने मिलकर मारा पीटा। घर जाकर कमलेश को नरेंद्र ने बताया कि उन लोगों ने उसको मारा है। उसके बाद उसके दर्द हो रहा था। दूसरे दिन 27 की रात अचानक लगभग 12 बजे उसको दर्द हुआ तो नरेंद्र को लेकर पारिवारिक जन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथगाम ले आए। यहां इलाज के बाद उसको वापस घर लाया गया जहां नरेंद्र की मौत हो गई। सुबह थाने में सूचना दी गई। बताया जाता है कि छब्बीस वर्षीय नरेंद्र पुत्र स्वर्गीय राम मनोहर लोधी नशे का आदी था। दारू पीकर वह लोगों को अक्सर गाली दिया करता था। नरेंद्र अपने दो भाइयों में छोटा भाई था तथा नरेंद्र अविवाहित था।लगभग एक साल पहले दुर्घटना में नरेंद्र का एक पैर टूट गया था। इंस्पेक्टर दुर्गेश कुमार गुप्ता ने बताया कि संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत हो गई शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# निशुल्क महा स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने कराया उपचार

**समाज जागरण**

शिकोहाबाद। हैवतपुर कर्खा में श्री महाराज सिंह इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को निःशुल्क महास्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह



शिविर सेवा हैल्थ फाउंडेशन व द मिनी फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कराया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने पहुंच कर अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ शिवम देवेंद्र यादव ने किया। उन्होंने कहा कि सेवा वहीं जो दर्द को समझे। और मदद वहीं जो बिना शर्त मिले। हम सिर्फ आंखें नहीं आपके सपनों की रोशनी बचाने आए हैं। शिविर का संचालन हिमांशू यादव और मिनी कुलश्रेष्ठ ने किया। शिविर में मुख्य रूप से आंखों की जांच, सैनिटरी पैड वितरण और आंखों में समस्याओं का व विरण और जागरूकता जैसी सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गई।

# ट्रक ट्रेलर की भिडन्त दोनो वाहन पलटे, दो चालक घायल

## कानपुर की तरफ से दोनों आ रहे थे ट्रेलर ट्रक

**समाज जागरण**

फतेहपुर चौडगरा। शुक्रवार सुबह कानपुर की ओर से आ रहे दो ट्रेलर ट्रक आपस में टकराकर पलट गये। कानपुर प्रयागराज हाइवे पर मुरादीपुर ओवरब्रिज के पास कानपुर से फतेहपुर की ओर साइड पर शुक्रवार सुबह ट्रेलर ट्रक कानपुर की ओर से आ रहे थे। तभी आगे चल रहा धान लदा ट्रेलर ट्रक सर्विस की ओर मोड़ दिया। जिससे पीछे आ रहा ट्रेलर ट्रक जिसमें नगर निगम का कूड़ा लोड था वह पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रक मौके पर पलट गये। ट्रक पलटते ही अफरा तफरी मच गई। और मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस के पहुंचते ही दोनों ट्रकों के चालकों को केबिन से निकाला गया। चालकों में हिमांशू उम्र 25 निवासी रसूलाबाद कानपुर देहात, हरिशंकर उम्र 45 निवासी सातनपुर लालगंज बैसवारा राय बरेली, श्याम सिंह उम्र 42 निवासी ग्राम पतारा थाना हुसेनगंज को पी.एच.सी. गोपालगंज में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने तीनों घायलों को सदर रेफर कर दिया।

सर्वोदय इंटर कालेज गोपालगंज में एन.सी.सी. कैडिटों की परेड होने के कारण सभी एन.सी.सी. कैडिट मदद के लिए पहुंचे और ट्रक में लदे बोरों को हटाया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनो को हाइवे से हटवाया और सुचारू रूप से आवागमन चालू कराया।

थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि घटना में चालकों को छोड़कर और कोई घायल नहीं हुआ है। बड़ा हादसा टल गया। वरना ट्रक पलटने की चपेट में आने से कोई बड़ी घटना हो सकती थी।

गोपालगंज के एन.सी.सी. कैडिटों की मदद से ट्रक खाली कराए गए। इस बीच कुछ देर के लिए हाइवे बाधित रहा। पुलिस ने दोनों ट्रकों के तीन चालकों को पी.एच.सी. गोपालगंज में भर्ती कराया। जिन्हें डाक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

# ब्रह्माकुमारीज युवा प्रभाग द्वारा परीक्षा मित्र कार्यक्रम, विद्यार्थियों में बढ़ रहा आत्मबल और सकारात्मकता

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। ब्रह्माकुमारीज युवा प्रभाग द्वारा शहर के विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा मित्र कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 9-10 एवं 11-12 के विद्यार्थियों में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर उत्पन्न भय और तनाव को दूर कर उनके भीतर सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और एकाग्रता विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ वक्ता विद्यार्थियों को समझा रहे हैं कि डर वास्तविक नहीं बल्कि मन की कल्पना है, जिसे सही विचारों और दृष्टिकोण से बदला जा सकता है। बच्चों को क्रोध, मोबाइल, टीवी और सोशल मीडिया जैसी आदतों के दुष्प्रभावों से भी सचेत किया जा रहा है। साथ ही राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मानसिक दृढ़ता, आत्म नियंत्रण और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय प्रबंधन, सात्त्विक भोजन और जीवनशैली सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। अब तक शहर के 10 से अधिक विद्यालयों में यह कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि बच्चों में स्पष्ट रूप से तनाव में कमी, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा पढ़ाई के प्रति सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। फिरोजाबाद केंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बी.के. सरिता दीदी ने बताया कि इस अभियान के आयोजन से पूर्व ब्रह्माकुमारीज युवा प्रभाग द्वारा कानपुर में कई जनपदों के बी.के. भाई-बहनों को गहन प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण प्राप्त ये स्वयंसेवी अब विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा मित्र कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क सेवाएं दे रहे हैं। शहर के सभी विद्यालयों में इस कार्यक्रम को फरवरी 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजन के इच्छुक विद्यालयों के प्रधानाचार्य या प्रबंधक अपने निकटतम ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

# भारतीय संविधान की पोस्टर प्रतियोगिता में मोनिका ने प्रथम, इरम ने द्वितीय एवं साधना ने पाया तृतीय स्थान

**समाज जागरण**

सिरसागंज !नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज जैन एवं विद्यालय के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में कक्षा 11 एवं 12 के नागरिक शास्त्र विषय की छात्राओं के मध्य भारतीय संविधान पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नीरज कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों के पोस्टरों का अवलोकन करते हुए उनके द्वारा बनाए पोस्टरों की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों के पोस्टरों की प्रशंसा करते हुए बताया कि भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है। भारत का संविधान संविधान सभा



द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ था। इसलिए 26 नवम्बर को प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में सम्पूर्ण देश में मनाया जाता है। संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा, स्थायी अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद एवं प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर थे। इस संविधान को बनने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे। 26 नवम्बर 1949 को पारित होने के पश्चात भारत में संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसलिये प्रतिवर्ष 26 जनवरी को देश में गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु मोनिका, द्वितीय स्थान कु इरम एवं तृतीय स्थान कु साधना ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन संदीप जैन ने किया। इस प्रतियोगिता में कु रुचि यादव, अपूर्वा, साक्षी, तान्या पाटकर, बबिता, खुशबू, तबस्सुम, कीर्ति, काजल, संध्या, तन्वी, डॉली एवं विशाल की सहभागिता रही। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कन्नौज: वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराएं, एसआईआर को सफल बनाएं

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) अभियान के तहत जन-जागरूकता रैलियों का हुआ भव्य आयोजन

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता हेतु भव्य रैलियों का आयोजन किया गया। लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज मढ़पुरा, सेठ वासुदेव सहाय इंटरमीडिएट कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज तिर्वा, भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर, जगदीश्वर दयाल इंटर कॉलेज छिबरामऊ तथा राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने शामिल होकर मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। बच्चों ने हाथों में आकर्षक बैनर व पोस्टर लिए हुए सही वोटर सूची मजबूत लोकतंत्र, मत बनो लापरवाह, वोटर सूची में कराओ नाम शामिल जैसे प्रभावी नारों के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया है कि इस जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने, त्रुटियों को सुधारने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों की ऊर्जा, उमंग और जागरूकता ने पूरे अभियान को एक नई गति प्रदान की। यह जन-जागरूकता रैली लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर अभियुक्त पकड़ा

**समाज जागरण**



फि रोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस ने एक चोर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। अभियुक्त के कब्जे असलाह व सामान बरामद किया है। पुलिस को उसके बारे में पता चला था। पुलिस बल हाइवे पर चेकिंग शुरू कर दी। उसी दौरान एक बाइक आती दिखाई दी। पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार को रूकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। मोटरसाइकिल मोड़कर भागने के प्रयास में मोटर साइकिल गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस ने जबावी फायरिंग की। पुलिस कार्यवाही में संदिग्ध के पैर में गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने घायल अभियुक्त की पहचान अर्जुन उर्फ पुतला पुत्र जाहर सिंह निवासी कुरावली जनपद मैनपुरी के रुप में की। पुलिस ने पकड़े अभियुक्त से एक तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, चोरी की 01 मोटर साइकिल, चोरी के 04 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है। अर्जुन धारा 303(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त था। घायल अभियुक्तगण को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ट्रामा सेंटर में महिला स्वास्थ्य कर्मी और तीमारदारो के बीच हुई हाथापाई जमकर हुआ हंगामा!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! स्वशासीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित सरकारी ट्रामा सेंटर में उस समय अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया! जब एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ तीमारदारो ने हाथापाई करने के साथ अभद्रता की जिसको लेकर स्वास्थ्य कर्मियों में असंतोष पैदा हो गया! पुलिस लाइन में तैनात एक सब इंस्पेक्टर सड़क दुर्घटना में घायल हुए अपने पिता उदयवीर सिंह पुत्र हरविलास को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए जहां चिकित्सक ने भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया परंतु सब इंस्पेक्टर ने महिला स्वास्थ्य कर्मी से कहा के पिताजी को पेशाब की तकलीफ है! इनको नली लगा दो तब महिला स्वास्थ्य कर्मी ने कहा डॉक्टर साहब लिखेंगे तभी लगाई जाएगी इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी हो गई वहीं सब इंस्पेक्टर के साथ आए लोगों महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ हाथापाई के साथ अभद्रता की जिसको लेकर कर्मचारियों में असंतोष फैल गया ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने सब इंस्पेक्टर को काफी समझाया उसके बाद मामला शांत हुआ चिकित्सक ने सब इंस्पेक्टर के कहने पर उनके पिताजी को आगरा रेफर कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और उन्होंने घटना के संबंध में जानकारी हासिल की उसके बाद उन्होंने स्टाफ को ही दोषी माना गलती बता दी जिससे चिकित्सकों और सीएमएस के बीच हॉट टॉक भी हुई इस व्यवहार से चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों में असंतोष व्याप्त है!

# कन्नौज: डीएम-एसपी ने किया कारागार का मासिक निरीक्षण

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा पुलिस अधी क्षक विनोद कुमार द्वारा जिला कारागार अनोगी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभी बैरकों का भ्रमण कर बन्दियों की स्थिति, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल परिसर की नियमित जांच एवं निगरानी उनके तथा स्टाफ द्वारा प्रतिदिन की जाती है। निरीक्षण के समय समस्त व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने निर्देश दिए कि कारागार में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश न कर सके, इसके लिए उच्चस्तरीय सतर्कता बरती जाए। साथ ही, नए बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से जेल चिकित्सकों द्वारा कराया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कारागार की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था तथा चिकित्सा सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का समय-समय पर निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें, निरुद्ध बन्दियों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें, तथा आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार की स्थिति एवं बन्दियों की जानकारी उच्चाधिकारियों को प्रेषित करें।इस दौरान जेल अधीक्षक भीमसेन सहित अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित रहे '

# थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, 5 पशु तस्करों के साथ 17 गोवंश बरामद

**समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रामपुर बरकोनिया थाना पुलिस ने 17 गोवंश बरामद करते हुए कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस टीम ने 27 नवंबर 2025 को सुबह 11:10 बजे 17 गोवंश बरामद किए और मौके से एक अभियुक्त शौकत अली (पुत्र स्व. सहाबुद्दीन, निवासी हरभोग, थाना अधौरा, जनपद भभुआ, बिहार, उम्र करीब 40 वर्ष) को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना रामपुर बरकोनिया में मु0अ0सं0 93/2025, धारा 3/5A/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसी मुकदमे से संबंधित चार अन्य वांछित अभियुक्तों को 28 नवंबर 2025 को सुबह 07:40 बजे गिरफ्तार किया गया। इनमें इलियास (पुत्र हबीब, निवासी खुरमाबाद, थाना चेनारी, जिला रोहतास, बिहार, उम्र 42 वर्ष), वीरू उर्फ गनेश (पुत्र बुद्धि, निवासी ग्राम सिलथम, थाना रामपुर बरकोनिया; हाल पता ग्राम दरमा टोला धर्मपुरवा, उम्र 40 वर्ष), धुरेंद्र उर्फ धीरेन्द्र (पुत्र रामवृक्ष, निवासी ग्राम सिलथम; हाल पता ग्राम दरमा टोला धर्मपुरवा, उम्र 38 वर्ष) और रामजियावन (पुत्र गुलाब धांगर, निवासी ग्राम पटना, थाना रामपुर बरकोनिया, उम्र 40 वर्ष) शामिल हैं। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक सियाराम सिंह, उपनिरीक्षक मनोज सिंह, हेड कांस्टेबल श्यामनारायण चौहान, कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल धर्मेन्द्र यादव और कांस्टेबल दीपक मिश्रा शामिल थे।

# कन्नौज: अखिलेश ने एस आई आर में सफाईकर्मी की ड्यूटी पर उठाए सवाल: बोले- यह लोकतंत्र से धोखाधड़ी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**





कन्नौज। भाजपाई सत्ता के इशारे पर चुनाव आयोग क्या क्या कर रहा है जनता खुद देख ले पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कन्नौज के एक मतदान केंद्र पर सफाई कर्मियों को स्पेशल समरी रिवीजन ड्यूटी पर तैनात किए जाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने (पूर्व में ट्विटर) पर एक तस्वीर साझा करते हुए इसे लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी बताया। यादव ने अपनी पोस्ट में कहा, "यह लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी है। जनता जागरूक हो, आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत-जमीन-मकान-राशन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा। फिर बात खातों और मध्यवर्ग के लॉकर तक पहुँच जाएगी। ये देशवासियों के खिलाफ एक बहुत बड़ी साज़िश है जो अंग्रेजों की गुलामी से भी खराब स्थिति में ले जाएगी। ये समय जागने का है और एक-एक वोट बचाने का है। हमारी सभी विपक्षी दलों और यहाँ तक कि एनडीए के सभी सहयोगी दलों से ये अपील है कि एकजुट हों और भाजपा के इस महा-षड्यंत्र का पदार्फाश करें। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि यह देशवासियों के खिलाफ एक बड़ी साजिश है, जो उन्हें अंग्रेजों की गुलामी से भी बदतर स्थिति में ले जाएगी।" उन्होंने सभी विपक्षी दलों और एनडीए के सहयोगी दलों से एकजुट होकर भाजपा के इस "महा-षड्यंत्र" का पदार्फाश करने की अपील की। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा, उसके सहयोगी और सरकार की तिकड़ी व चुनाव आयोग के कुछ भ्रष्ट लोग मिलकर पूरी चुनावी व्यवस्था का अपहरण कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने देशवासियों से अपील की कि वे इस "लूट" से देश को बचाएं और वोट के रूप में अपनी पहचान को भी सुरक्षित रखें, अन्यथा भविष्य में उन्हें ही पराया साबित कर दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल ने भी इसी तस्वीर को पर साझा किया। उन्होंने लिखा कि सफाई कर्मचारियों को बिना किसी मापदंड, मानक या प्रशिक्षण के एस आई आर ड्यूटी पर तैनात कर दिया गया है, जिससे वे अपना मूल कार्य छोड़कर एस आई आर करवा रहे हैं।

# कन्नौज: फतेहपुर के लेखपाल सुधीर की मौत पर भड़का लेखपाल संघ हड़ताल पर गया, दिया ज्ञापन

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौजः तहसील व जनपदों में अधिकारियों के बदलते व्यवहार एवं संवेदनहीनता व संवाद हीनता के परिणाम स्वरूप जनपद फतेहपुर में सुधीर कुमार लेखपाल की हदय विदारक मौत को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश के लेखपाल आज आंदोलित हो उठे और सारा कामकाज छोड़कर धरने पर बैठ गए। दिन भर चले धरने और जोरदार प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन में लेखपाल संघ ने कई महत्वपूर्ण विंदु उठाये है। संघ का कहना है कि जनपद फतेहपुर में कार्यरत 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की शादी 26 नवंबर 2025 को नियत थी। बह छुटटी के लिए अधिकारियों से लगातार निवेदन कर रहा था किन्तु तहसील अधिकारियों द्वारा एस०आई०आर डयूटी के नाम पर उसे छुटटी नहीं दी गई। शादी की व्यवस्ता के कारण दिनांक 22 नवंबर 2025 को सुधीर लेखपाल के एस०आई०आर० की बैठक में उपस्थित न होने के कारण, ई०आर०ओ० संजय कुमार सक्सेना द्वारा निलंबित करवा दिया गया था। 25 नवंबर की सुबह 6.30 बजे डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार सक्सेना एवं नायब तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक शिवराम लेखपाल सुधीर कुमार के घर पहुंचे और कहा कि एस०डी०एम साहब ने कहा है कि एसआईआर एव अन्य कार्य पूरा कर दे अथवा पैसे देकर किसी अन्य से करवा दे नहीं तो अभी तो निलम्वन हुआ है फिर सेवा समाप्त कर दी जाएगी। आए दिन की फटकार, शादी के लिए छुटटी न मिलने और निलम्बन के कारण पहले से ही तनाव/डिप्रेशन में चल रहा सुधीर लेखपाल वर्खास्तगी की धमकी सुन कर अधिक डिप्रेशन/तनाव में आत्म हत्या जैसा आवंछित / अनपेक्षित कदम उठा बैठा और एक साथ दो घर उजड गये।

उक्त घटना आत्म हत्या नही अपितु असंवेदनशीलता द्वारा कारित हत्या प्रतीत होती है। मृतक लेखपाल की बहन द्वारा एफ आई आर दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिए जाने एवं तहसील जनपद के लेखपालों के अनुरोध के बावजूद 30 घण्टे तक एफ०आई०आर० दर्ज नहीं की गयी। परिजनो द्वारा सम्बन्धित एस० डी०एम० व अन्य आरोपियों के विरूद्ध एफ०आई०आर० दर्ज न करने पर शव का अन्तिम संस्कार करने से मना कर दिया गया। 26 नवम्बर को शव उठाने के लिये प्रशासन द्वारा षडयंत्र पूर्वक परिजनों की तहरीर बदलवाकर एफ० आई०आर० दर्ज करा दी गयी। एफ०आई०आर० में मुख्य आरोपी संजय कुमार सक्सेना, पी०सी०एस० का नाम शामिल न करके केवल राजस्व निरीक्षक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट लिखवा दी गयी। प्रशासन द्वारा कपट पूर्वक कैस को कमजोर करने का खेल किया जा रहा है।

इस घटनाक्रम से प्रदेश भर के समस्त लेखपालों में आक्रोश एवं भय का महौल है तथा मृतक परिवार के परिजन आहत हैं। संघ ने कहा है लेखपाल अनुशासित एवं आज्ञाकारी कर्मठ कर्मचारी होने के कारण तहसील एवं जनपद के अधिकारियों द्वारा लेखपाल के विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों / अन्य कर्मचारियों से संबंधित कार्य भी आज ही और अभी सम्पन्न कराने का अव्यवहारिक दवाव लेखपालों पर डालने की प्रवृति वढ़ती जा रही है। अन्य विभाग /कर्मचारियों से सम्वन्धित कार्य पूरा कराने हेतु जिला अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी अथवा सम्बंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा संवधित विभाग / जिम्मेदार कर्मचारियों की समीक्षा नही की जाती अपितु जब बहुत कम समय रहता है तब लेखपालों पर उसे पूरा करने का दबाव बनाया जाता है, जिसके लिये अधिकारी लेखपालों के साथ सार्वजनिक रूप से डांट, फटकार, दुर्व्यवहार से लेकर वेतन रोक, निलम्बन, प्रतिकूल प्रविष्टि, एफ०आई०आर० तक उत्पीडनात्मक कारवायी करते हैं। अधिकारियों में व्यवहारिक अथवा तकनीकी समस्या सुनने की आदत समाप्त होती जा रही है, केवल डन्डे के बल पर प्रथम रैकिंग पाने की अंधी दौड मची है। अधिकांश लेखपालगण बी०पी० शुगर, एंजाइटी, डिप्रेशन, हार्ट अटैक जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे है। संघ ने मांग की है कि मुख्य आरोपी संजय कुमार सक्सैना, पी०सी०एस० अधिकारी का नाम अज्ञात के स्थान पर एफ०आई०आर० में नामजद किया जाये। मृतक की माता को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की कृपा

मृतक के परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

एस०आई०आर० की अन्तिम तिथि आगे बढ़ाई जाए। कम समय में काम पूरा करने का दबाव कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं जीवन को खतरे में डाल रहा है।अधीनस्थ कर्मचारियों/लेखपालों के साथ सदव्यवहार, संवेदनशीलता एवं संवाद स्थापित करने तथा उ०प्र० लेखपाल संघ पदाधिकारियों के साथ शासन के निदेर्शानुसार नियमित बैठक करने के निर्देश समस्त जिला अधिकारियों एवं उपजिलाधिकारियों को निर्गत किये जायें। लेखपालों को सामान्य/उपनिर्वाचन तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान अपरिभाषित डयूटी (मौखिक / लिखित) हेतु प्रोत्साहन राशि के रूप में एक माह के वेतन के बरावर मानदेय भुगतान हेतु निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों के साथ सूचीवद्ध करवाया जाए।

# कन्नौज: सीडीओ, डीडीओ ने ग्राम चौपालों में की विकास योजनाओं की समीक्षा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी की अध्यक्षता में विकाख खंड छिबरामऊ के ग्राम पालिया बूच पुर तथा जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव देवेदी द्वारा विकास खंड सौरिख के ग्राम न्यामतपुर में ग्राम चौपाल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुँचे, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चौपाल में मौजूद ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ लेने में किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर प्रशासन को अवगत कराएं। चौपाल में विकास कार्यों की प्रगति, स्वच्छता, पेयजल, आवास, विद्युत आपूर्ति, पेंशन योजनाओं, राशन वितरण सहित अन्य जनसुविधाओं की विस्तृत समीक्षा भी की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें और जनता को समयबद्ध समाधान प्रदान करें।इस अवसर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कोटमी क्षेत्र में में खाकी के सह पर खुलेआम शराब की तस्करी

सट्टे का कारोबार एवं वामन परी का खेल भी जोरो पर

**समाज जागरण विजय तिवारी**

मरवाही। जीपीएम जिले के कोटमी क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध कारोबार किए जा रहे हैं किंतु चौकी प्रभारी द्वारा ठोस पहल नहीं किए जाने के कारण अवैध कारोबारी के हौसले बुलंद हैं सूत्र बताते हैं कि पड़ोसी राज मध्य प्रदेश से शराब की तस्करी कराई जा रही है और कोटमी क्षेत्र में मध्य प्रदेश की शराब पहुंच रही है शराब की पैकारी कर गांव की जनता को नशे की लत लगाकर उनका और उनके परिवार का जीवन बर्बाद करने में लगे हुये है। पुलिस प्रशासन की खुली छूट की वजह से खुले आम चल रहे अवैध शराब बिक्री को देखकर प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खडा होता है।

**गांव गांव बेची जा रही अवैध शराब**

जीपीएम जिले के कोटमी चौकी अंतर्गत आने वाले गांव में अवैध शराब बेचने का ठीहा बनाकर खुले तौर पर शराब की बिक्री की जा रही है जिसकी जानकारी उपर तक होने पर भी न तो कोई सही ढंग से कार्यवाही होती है न ही जांच पडताल होती है। पुलिस कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है यह तो पता नहीं लेकिन हां शराब बिक्री के कारण कई घरों को बर्बाद जरूर कर रहे हैं।

**किसकी शह पर बिक रही गाजे की पुड़िया**

ग्राम पंचायतों में प्रतिबंधित गंजे बेचने का कोई प्रावधान नहीं है और प्रतिबंध भी है इसके बावजूद भी गांव गांव में खुले तौर पर मादक पदार्थ बेचा जा रहा है। सबसे बडा सवालिया निशान है कि आखिर किसकी शह पर मादक पदार्थ की बिक्री खुले तौर पर हो रही है।

**सार्वजनिक स्थल बन चुका है मयखाना**

अवैध रूप से अहाता के साथ-साथ खुले में शराब खेत व खुले मैदाने में पी जा रही है चाहे वह खेल मैदान या फिर बाजार परिसर शराबियों का मयखाना बना हुआ है। शाम ढलते ही बाजार एवं खेल मैदान परिसर में शराबी अवैध शराब अहाते से शराब खरीदकर अपने मन पंसदीदा जगहों पर ठिकाना बनाकर शराब पीते हैं जिससे यहां का माहौल खराब कर रहे हैं।

**52 परी एवं ओपन क्लोज का खेल भी जोरों पर**

क्षेत्र के अनेक अड्डों में दिवाली से ही बदल बदल कर वामन परी का खेल चल रहा है कभी मंडी खोली तो कभी पांच नंबर तो कभी छादा अन्य स्थानों में फड का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा अवैध रूप से ओपन क्लोज का धंधा भी कोटमी चौकी क्षेत्र अंतर्गत संचालित किया जा रहा है और इस अवैध खेल में किसान वर्ग एवं मजदूर वर्ग अपनी पूरी दैनिक मजदूरी इस सट्टे के धंधे में लगा देते हैं जिसके कारण प्रतिदिन उनके परिवार में कलह की स्थिति भी उत्पन्न होती है।

# लाउडस्पीकर से गूँजी मतदाता जागरूकता,अनूपपुर में SIR पुनरीक्षण अभियान को मिली रफ्तार

**समाज जागरण**

अनूपपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालितSIR (Special Intensive Revision) मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिलेभर में जागरूकता व सत्यापन अभियान तेजी से जारी है। इसी क्रम में अनूपपुर नगर के वार्ड क्रमांक 14, मतदान केंद्र 85 में BLO टीम ने लाउडस्पीकर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं से निर्धारित समय सीमा में गणना पत्रक भरकर सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। बीएलओ सुपरवाइजर रामकुमार राठौर के मार्गदर्शन में BLO मंजूर खान, सहायक BLO एवं प्राथमिक शिक्षक नम्रता तिवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोषी मिश्रा तथा नगर पालिका कर्मी



रानी सिंह ने समन्वित टीम बनाकर घर -घर जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने बताया कि सही एवं अद्यतन जानकारी प्राप्त कर मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना समाज के प्रत्येक मतदाता का दायित्व है। विशेष रूप से सहायक बीएलओ नम्रता तिवारी का योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने वार्ड में बाहर से आकर बसे नए मतदाताओं से लगातार संपर्क कर गणना पत्रक प्राप्त किए और सही जानकारी मिलते ही उसे डिजिटाइज कर पुनरीक्षण कार्य में महत्वपूर्ण प्रगति सुनिश्चित की। सुबह से लेकर देर शाम तक सक्रिय रहकर उन्होंने अभियान को गति प्रदान की।इस जागरूकता प्रयास में नगर एवं वार्ड क्रमांक 14 के सामाजिक कार्यकर्ता गजेंद्र सिंह भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे, जिन्होंने मतदाताओं से अधिकाधिक सहयोग करने की अपील की।लाउडस्पीकर आधारित प्रचार और टीम के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र में मतदाता सूची शुद्धिकरण के प्रति उल्लेखनीय जागरूकता देखने को मिली है।

# कड़कड़ाती ठंड में पार्षद पवन चीनी बने सहारा, नगर परिषद बरगवां अमलाई के अनेक वार्डों में अलाव की व्यवस्था से राहगीरों को बड़ी राहत

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अमलाई । नगर परिषद बरगवां अमलाई में इस समय कड़ाके की ठंड अपने चरम पर है, रात में तापमान लगातार गिर रहा है और सुबह-शाम ठंडी हवाओं के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच लोगों को ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से पार्षद पवन कुमार चीनी ने एक बार फिर सराहनीय एवं मानवता भरी पहल करते हुए शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन मार्ग, कॉलोनियों और तंग गलियों सहित कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई है। इससे रात के समय काम से लौटने वाले मजदूरों, रिक्शा चालकों, राहगीरों, बुजुर्गों तथा बेघर लोगों को काफी राहत मिली है। इसके पूर्व पार्षद पवन कुमार ने नगर परिषद के अधिकांश वार्ड में साफ सफाई व्यवस्था भी अपने खर्चे से कराई थी।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अचानक बढ़ी ठिठुरन के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई थी, लेकिन पार्षद पवन कुमार चीनी द्वारा किए गए इस कदम ने समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सेवा भाव को एक बार फिर प्रमाणित कर दिया है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि पवन कुमार चीनी अपने पद को दिखावे



के लिए नहीं, बल्कि लोगों की सेवा के लिए इस्तेमाल करते हैं। वे वर्षों से समाजसेवा को प्राथमिकता देते आए हैं और किसी व्यक्ति की परेशानी को अपनी जिम्मेदारी मानकर मदद करने के लिए सदैव आगे रहते हैं। कड़ाके की ठंड के कारण स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है, ऐसे में देर रात तथा सुबह काम पर निकलने वाले लोगों के लिए अलाव एक बड़ी राहत का साधन साबित हो रहा है। कई स्थानों पर नागरिकों ने स्वयं बताया कि रात के समय अलाव जलते रहने के कारण उन्हें ठंड से बचाव मिला और उन्होंने पार्षद के इस प्रयास को बेहद सराहनीय बताया। खास बात यह है कि यह पहल केवल एक बार नहीं, बल्कि हर वर्ष लगातार की जाती है। पिछली सर्दियों की तरह इस वर्ष भी पार्षद द्वारा समय से पहले अलाव की व्यवस्था कराने से गरीब तबके के लोग ठंड का सामना करने में सक्षम हो पाए हैं।लोगों का कहना है कि पार्षद पवन कुमार चीनी जनता के दुख-सुख में हमेशा साथ खड़े मिलते हैं और समाजसेवा को अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी मानते हुए बिना प्रचार-प्रसार के मैदान में उतरते हैं। उनके द्वारा की गई यह पहल न सिर्फ राहत देने वाली है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देती है कि इंसानियत सबसे बड़ा कर्तव्य है। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह सामाजिक कार्यों के माध्यम से आमजन की सहायता जारी रहेगी।

# एयरलिफ्ट कर एम्स भोपाल पहुंचाया गया लकवा पीड़ित मरीज, पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा बनी नई उम्मीद

**समाज जागरण अनूपपुर।**

आपातकालीन चिकित्सा स्थितियों में त्वरित और सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराने वाली पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा जिले के मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध हो रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह 10:30 बजे विवेकनगर, अनूपपुर निवासी 55 वर्षीय रविन्द्र साहू को लकवा की गंभीर स्थिति के कारण जिला चिकित्सालय से एयरलिफ्ट कर एम्स भोपाल रेफर किया गया। रविन्द्र साहू को जिला मुख्यालय स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हैलीपैड से एयर एम्बुलेंस द्वारा रवाना किया गया। उनके साथ उनके पुत्र संतोष साहू भी भोपाल गए। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में संचालित यह सेवा गंभीर रोगियों के लिए त्वरित चिकित्सा ट्रांसपोर्ट की बड़ी सुविधा साबित हो रही है। मरीज के परिजनों ने आपातकालीन स्थिति में मिली त्वरित मदद के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार जताया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी ने बताया कि रविन्द्र साहू लकवा से पीड़ित थे और उनकी स्थिति गंभीर थी। बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के लिए उन्हें एम्स भोपाल भेजा गया है, जहां उन्नत उपचार उपलब्ध है। एयरलिफ्ट की प्रक्रिया में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. परस्ते, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप लोरिया, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, विद्यालय प्राचार्य मुलायम सिंह परिहार, डॉक्टरों की टीम सहित प्रशासन, नगरपालिका एवं स्वास्थ्य विभाग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा ने एक बार फिर यह साबित किया है कि आपातकालीन स्थितियों में यह मरीजों के लिए जीवन की नई उम्मीद बनकर उभर रही है।

# बिजुरी पुलिस द्वारा चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

चोर सहित 1 लाख 75 हजार का मशरूखा पुलिस ने किया जप्त

**समाज जागरण**

बिजुरी -पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं चोरी के प्रकरणो में पतारसी आदेशित किया गया । जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के निर्देशन में बिजुरी पुलिस द्वारा दिनांक 27 नवंबर को कपिलधारा कालोनी बिजुरी विष्णु कुमार सोनी की ज्वेलरी की दुकान में हुई चोरी का खुलासा किया है एवं चोरी का मशरुका आरोपीगणो से जप्त किया है।

**यह रही घटना**

18 नवम्बर को फरियादी विष्णु कुमार सोनी पिता स्व. भीमसेन सोनी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम पूर्वा थाना गुढ जिला रीवा हाल क्वा.न. एमक्यूयूः। कपिलधारा कालोनी बिजुरी धाना बिजुरी जिला अनूपपुर




का इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 नवम्बर को रात 09.00 बजे से दिनांक 17 नवम्बर के सुबह 10.00 बजे के बीच कोई अज्ञात चोर कपिलधारा कालोनी के गेट के पास टीन शेड की बनी दुकान सीमेंट का शेड तोडकर दुकान में रखे बैंटेक्स सामान एवं नगदी 2000 रुपये कुल कीमती 1.5000 रुपये का चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर अपराध क्र. 367/25 धारा 331 (4), 305(a) बीएनएस का पाए जाने से अपराध सदर कायम कर अनुसंधान मे लिया गया।

**पुलिस की सूझबूझ से चोरी का हुआ खुलासा**

अनुसंधान के दौरान दिनांक 27 नवंबर की रात्री में कुछ व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में कपिलधारा कालोनी तरफ घूमते हुए मिले जिन्हे अभिरक्षा में लेकर नाम पता पूछने पर अपना नाम सेनसाय बंसल पिता छोटोलाल बंसल, गणेश बंसल पिता राजकुमार बंसल, अनिल बंसल पिता रामप्रसाद बंसल तीनो निवासी रोकडा थाना केल्हारी जिला एमसीबी छ.ग. का होना बताया जिनके अपराधिक रिकार्ड खगांलने पर उक्त संदेहियों के विरुद्ध थाना बिजुरी में संपति चोरी के पूर्व प्रकरण होने पाए गए अतः संदेहियों से हिकमत अमली से बारिकी से पूछताछ की गई जिन्होने दिनांक 17 नवंबर की दरमियानी रात में कपिलधारा कालोनी में एक सुनार की दुकान में सीमेंट की शीट तोडकर चोरी करना कबुल किए और चोरी का मशरुका लक्ष्मी गणेश की चांदी की मुर्ति, दो नग गोल्डन कलर के बैटेक्स के हार, चोरी गई नगदी रकम 2000 रुपये तथा एक अदद चोरी करने के लिए उपयोग में आने वाला औजार बरामद कराया दौरान पूछताछ आरोपी गणेश बंसल में मोटर सायकल चोरी के प्रकरणो का खुलासा भी किया जिसमें बताया कि उसके द्वारा अपने साथी अतुल केवट पिता रामदास केवट निवासी पकरिहा के साथ मिलकर मोटर सायकल चोरी की घटना करना स्वीकार किया जिसकी तस्दीक पर आरोपी अतुल केवट पिता रामदास केवट निवासी पकरिहा के कब्जे से तीन मोटर सायकल बरामद हुई है जिनके दस्तावेज न होने के कारण बरामद मोटर सायकल बीएनएसएस की धारा 35 (1), 303(2) बीएनएस में जप्त किया जाकर इस्तगासा क्र. 02/25 तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है।

**1लाख 75 हजार का जप्त किया मशरूका**

बिजुरी पुलिस द्वारा शातिर चोरो से चोरी के संपत्ति कीमती करीब 175000 रुपये की जप्त की गई है और आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपी शातिर चोर है जिनमें सोनसाय बंसल के विरुद्ध थाना बिजुरी में 04, थाना कोतमा में 0.3, थाना मरवाही छ.ग. में 01, अनिल बंसल के विरुद्ध थाना बिजुरी में 02, थाना कोतमा में 01, अतुल केवट के विरुद्ध थाना बिजुरी में 01 अपराध पंजीबद्ध है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, उपनिरी मानिम टोप्पो, सउनि उदय प्रजापति, सउनि प्रभाकर पटेल, आर, मनोज उपाध्याय, लक्ष्मण डांगी, विश्वजीत मिश्रा, करमजीत सिंह, रवि सिंह, अभिषेक शर्मा, रामनिवास गुर्जर की विशेष उल्लेखनीय भूमिका रहीं।

# आचार्य सदाशिव संस्थान में ब्यूटी पार्लर/ब्यूटी थेरेपिस्ट की महिलाओं के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। समाज कल्याण विभागान्तर्गत अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की रोजगार और अनुदानपरक ग्रांट इन एड योजना के अन्तर्गत आचार्य सदाशिव शिक्षण संस्थान पृथ्वीगंज में ब्यूटी पार्लर/ ब्यूटी थेरेपिस्ट की 50 महिलाओं के प्रशिक्षण सत्र कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) डा0 आकांक्षा दीक्षित ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसका प्रशिक्षण कार्यदायी संस्था यूपीकान द्वारा आरम्भ किया गया। यूपीकान के कुलदीप ने पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षिका सीमा मिश्रा ने प्रशिक्षु महिलाओं को प्रशिक्षण की जानकारी दी। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) डॉ. आकांक्षा दीक्षित ने कहा कि सशक्त महिला न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए आई महिलाओं का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर समाज कल्याण के लेखाकार मुन्नीलाल, सहायक लेखाकार विवेक श्रीवास्तव, अधीक्षक अजीत, सहायक विकास अधिकारी प्रशान्त श्रीवास्तव, ज्योति यादव, मोनी गुप्ता भी उपस्थित रही। उपस्थित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जिससे आभास होता है यह प्रशिक्षण महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध होगा।

# सांसद खेल महोत्सव में सांसद और भाजपा जिलाध्यक्ष ने की रस्साकसी,हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**समाज जागरण**

उमरिया।। सांसद खेल महोत्सव के तहत आज शुक्रवार को स्थानीय अमर शहीद स्टेडियम में देश के परंपरागत खेल रस्साकशी, कबड्डी, खो खो, दौड़, योगा, लाठी और कराटे का शुभारंभ किया गया। इस दौरान शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने हरी झंडी दिखाकर खेलों का शुभारंभ किया है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मिथलेश पयासी, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुज पटेल उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार, दीपक छतवानी, धनुषधारी सिंह, सुमित गौतम, सुश्री ज्ञानवती सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला प्रधान, विष्णु भारती,पूजा बैगा, रामनारायण पयासी मंच पर मौजूद रहे। खेल के शुभारंभ में सांसद



हिमाद्री सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल की टीम ने रस्सा कशी में जमकर जोर आजमाइश की, लेकिन तीन मौके में तीनों बार सांसद हिमाद्री सिंह की टीम रस्साकसी में विजय रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि देश की यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी जी को की जिनका एक विजन है कि हमारे जो बच्चे हैं उनमें हर बच्चों में अलग-अलग क्षमता और कला होती है। कोई पढ़ाई में अच्छा होता है कोई खेल में अच्छा होता है और जिस तरह से आज के इस आधुनिक युग में हमारे देश के कई खिलाड़ियों ने न केवल राष्ट्रीय पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारे भारत के खिलाड़ियों ने भारत का नाम रोशन किया है। इसलिए यहां पर उपस्थित सभी खिलाड़ी
खेल भावना के साथ खेलें और हम सभी जानते हैं कि खेल से न केवल हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं बल्कि मानसिक रूप से भी हम स्वस्थ रहते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि आजकल के बच्चे मोबाइल गेम ज्यादा खेलते हैं इसलिए वह शारीरिक श्रम नहीं कर पाते और कहीं ना कहीं वह कमजोर साबित होते हैं। देश के परंपरागत खेल विलुप्त की कगार पर हैं। तब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परंपरागत खेलों के आयोजन को लेकर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया है। यह लगातार एक महीना सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हर विधा नसभा में हर गांव में हर क्षेत्र में होने वाला है। निश्चित रूप से जब हमारा देश का युवा मैदान में खेलेगा तो देश मजबूत होगा। उपस्थित प्यारे बच्चों एक बात आप बताओ, अगर हमारे देश का युवा मजबूत नहीं होगा और हमारे देश का युवा शरीर से बलशाली नहीं होगा तो देश की फौज में कौन काम करेगा। इस देश को कौन बचाएगा। हम भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में इस देश को मजबूत बनाने के लिए आगे बढ़ेंगे और मैं एक बात कहता हूं इस संसद खेल महोत्सव ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस राष्ट्र को मजबूत बनाएं। क्रीडा भारती के प्रभारी डॉ राकेश त्रिपाठी ने बताया कि सांसद महोत्सव खेल का आयोजन 23 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक चलेगा यह परंपरागत खेल हर विधानसभा के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में आयोजित होगा। इस खेल का मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चों और युवाओं में परंपरागत खेल के माध्यम से शारीरिक श्रम कराना है जिससे उनका शरीर तो मजबूत बनेगा ही इसके अलावा स्वस्थ भी रहेगा। देश के प्रधानमंत्री की यही सोच है कि स्वस्थ समाज बनेगा तभी देश आगे बढ़ेगा।

# निगोहां सड़क किनारे बछड़ा बांधने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष,

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ,निगोहां थाना क्षेत्र के रामदासपुर गांव में सड़क किनारे बछड़ा बांधने के विवाद ने शुक्रवार दोपहर बड़ा रूप ले लिया, जहां कहासुनी के बाद एक पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर दंपति सहित तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।रामदासपुर निवासी रोशनी (25) ने बताया कि उसके पति होरीलाल (35) ने अपने खेत के पास सड़क



किनारे बछड़ा बांध रखा था। इसी दौरान गांव के संतलाल वहां से गुजरे और सड़क किनारे बछड़ा बांधने को लेकर आपत्ति जताते हुए गाली-गलौज करने लगे। जब रोशनी के पति ने विरोध किया तो संतलाल ने अपनी पत्नी और परिवार के अनित करन, अर्जुन, विकास, छोटू समेत लगभग सात लोगों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पर धावा बोल दिया।आरोप है कि आरोपियों ने पहले होरीलाल की पिटाई की, और जब रोशनी तथा उसके ससुर छेदालाल बचाने पहुंचे तो उन्हें भी पीटकर लहूलुहान कर दिया। हमले में तीनों के सिर फट गए और गंभीर चोटें आईं। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर पहुंची 112 पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहाँ एक की हालत नाजुक देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।निगोहां पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# IAS संतोष वर्मा के अभद्र बयान पर अनूपपुर में भारी विरोध, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण अनूपपुर।**

मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज, विशेषकर ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी पर पूरे प्रदेश में व्याप्त आक्रोश की लहर अब अनूपपुर जिले तक पहुंच गई है। जिले के कई स्थानों से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग एकजुट हुए और उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें आईएएस अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के लिए जुटे विभिन्न स्थानों के लोग
प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनूपपुर जिले के चचाई,अमलाई,राजेंद्रग्राम, जैतहरी, और कोतमा बिजुरी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से ब्राह्मण समाज के सदस्य, एवम मातृशक्तियां बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए। इसी तारतम्य में कोतमा




नगर में भी ब्राह्मण समाज में विशाल संख्या के साथ कोतमा थाने पहुंचकर संतोष वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग की एवं कड़ी प्रक्रिया जारी करते हुए ब्राह्मण समाज के द्वारा यह कहा गया है कि इस तरीके की बयान बाजी समाज में विद्वेष फैलाने एवं सामाजिक सौहार्द की भावना को बिगड़ने का जानबूझकर लोक सेवा आयोग का अधिकारी के द्वारा इस तरह के वक्तव्य जारी किए गए हैं जो की समाज में पूरी तरीके से इस तरीके के बयान अस्वीकार हैं अनुपपुर एवम कोतमा के ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध जनों की मुख्य मांग आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को तत्काल बर्खास्त कर उनके खिलाफ एफ आईआर दर्ज की जाए। एवं ऐसे अधिकारी को पद मुक्त कर जेल में डाला जाए जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो एवं समाज में जहर घोलने का कार्य ऐसे अधिकारी को अशोभनीय है जिसके कारण जिले भर के संपूर्ण ब्राह्मण समाज में रोष एवं आक्रोश व्याप्त है !
आरोपः अधिकारी के बयान को नारी सम्मान और सामाजिक समरसता पर सीधा आघात बताया गया है।
प्रदर्शनः समाज के लोगों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि ऐसे अमर्यादित बयान देने वाले अधिकारी को उच्च पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।
संतोष वर्मा पर गिरी गाज, जारी हुआ नोटिस आईएएस संतोष वर्मा के इस विवादित बयान, जो उन्होंने आरक्षण के संदर्भ में दिया था, के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने भी कड़ा रुख अपनाया है। सरकारी कार्रवाईः सामान्य प्रशासन विभाग (GAD) ने आईएएस संतोष वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।
उल्लंघनः इस टिप्पणी को अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियमावली का गंभीर उल्लंघन माना गया है।
माफीः विवाद बढ़ने पर, अधिकारी संतोष वर्मा ने अपने बयान पर खेद व्यक्त करते हुए माफी भी मांगी है। हालांकि, ब्राह्मण समाज ने उनकी माफी को अस्वीकार करते हुए अपनी कार्रवाई की मांग पर अडिग रहने का फैसला किया है।
इस घटना ने एक बार फिर सार्वजनिक सेवकों के आचरण और सामाजिक न्याय से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर चल रही बहस को गरमा दिया है। जिला प्रशासन ने समाज के प्रतिनिधियों से ज्ञापन लेकर उच्चा धिकारियों को भेज दिया है।

# नगराम में जनाती बराती में मारपीट, दो घायल

**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**

लखनऊ नगराम थानां क्षेत्र के अमजादपुर गाव आई एक बरात में डीजे के दौरान जनाती और बाराती में मारपीट हो गई। विवाद बढ़ने पर दूल्हे के भाई से मारपीट भी कर डाली। आरोप है कि इस दौरान बचाने दौड़े रिश्तेदारों की भी पिटाई हो गई।आरोप है कि मारपीट के दौरान दूल्हे की चेन व बड़े भाई की जेब में रखी नगदी किसी ने छीन लिया। घटना दो दो।लोगों के चोटिल होने की बात सामने आई है पुलिस का कहना है कि घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजकर जांच शुरू कर दी।

**निगोहां थानां क्षेत्र के हरिहर पुर पटसा**

गांव निवासी रामचंद्र का विवाह नगराम के अमजादपुर निवासी फूलचंद की लड़की नयना से हुई गुरुवार रात करीब 10 बजे बारात लेकर अमजाद पुर पंहुचा। दरवाजे पर तिलक व द्वार पूजा का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद जयमाल की तैयारी चल रही थी इस बीच करीब एक बजे डीजे डांस के दौरान जनाती और बराती में किसी बात को लेकर कहासुनी होने के बाद मारपीट हो गई इस दौरान रिश्तेदार सोनू व बछरावां के चुरुआ निवासी इंद्रजीत की पिटाई कर दी आरोप है कि पैजामा कुर्ता फट गया व जेब में रखी नगदी करीब डेढ़ लाख व दूल्हे के गले की सोने की चेन गायब हो गई। थाना अध्यक्ष नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और चोटिल रिंकू व अन्य को इलाज कराने नगराम सी एच सी भेजा गया है। उसके बाद पुलिस की मौजूदगी में विवाह संपन्न कराया गया।

# शौचालय टैंक की सफाई को लेकर विवाद मारपीट में तीन घायल

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां थाना क्षेत्र के हुलासखेड़ा मजरा गढ़ी मेहंदोली गांव में शौचालय के टैंक की सफाई को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि मामला गाली-गलौज से होते हुए मारपीट में बदल गया। जिसकी सूचना दोनों पक्षों ने पुलिस को दी। एक पक्ष के पीड़ित धर्मेंद्र कुमार पुत्र संकटा प्रसाद निवासी हुलासखेड़ा मजरा गढ़ी मेहंदोली ने निगोहां पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शौचालय के टैंक की सफाई कर रहा था, तभी विपक्षी पक्ष के लोग देशराज पुत्र स्व. बैजनाथ, पूर्णवासी पुत्र स्व. बैजनाथ, सर्वजीत पुत्र शीतला और उनका छोटा पुत्र झंगड़ी उक्त कार्य का विरोध करते हुए मौके पर पहुंच गए और आपत्ति जताने लगे।आरोप है कि विरोध करने पर विपक्षियों ने धर्मेंद्र को गंदी-गंदी गालियां देते हुए लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारना-पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित ने बताया कि शोर सुनकर उसका भाई और बड़े भाई के ससुर बचाव के लिए पहुंचे, तो विपक्षियों ने उन्हें भी अपशब्द कहते हुए ईंट व डंडों से पीटा, जिससे सभी को गंभीर चोटें आईं। इसी दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई।घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।गांव वालों का कहना है कि गांव में लंबे समय से शौचालय व तालाब की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, जिसे लेकर आए दिन तनाव की स्थिति बनी रहती है। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# खलियारी में आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, दो दिन से नहीं आ रहा पानी

## नगवां ब्लाक क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पानी पीने का हाहाकार , पोखरा, तालाब से ले रहे पानी

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। (खलियारी)। जल जीवन मिशन से दो दिन से गांव में पानी सप्लाई नहीं किया जा रहा है ग्रामीणों को पीने का भी पानी नहीं है, आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है और तत्काल पानी सप्लाई चालू करवाने की मांग किया है। क्षेत्र के खलियारी, पनिकप खुर्द, पंडरी, रायपुर, सहपुरवा, पचफेडीया आदि गांवों में दो दिन से पानी सप्लाई बंद है, प्रदर्शन कर रहे फूलमती देवी, शकुंतला देवी ने कहा कि दो दिन से



पानी सप्लाई नहीं हो रहा है, और कोई दूसरा विकल्प नहीं है कि पानी कहां से लाया जाय। गांव में लगे हेडपंप भी खराब हो गया है अब हेडपंप का भी मरम्मत नहीं किया जाता है ऐसे में हम लोग खलियारी पोखरा से पानी लाकर पी रहे हैं। ओमप्रकाश पासवान, सुरेश कुमार गोड़ ने कहा कि अधिकारी दो टाइम सुबह-शाम पानी सप्लाई होने का दावा करते हैं लेकिन एक टाइम भी सही से सप्लाई नहीं हो रहा है दो दिन से पानी नहीं आ रहा है पोखरा का पानी सहारा बन रहा है। प्रदर्शन कर रहे राजमती देवी, मीना देवी, निर्मला देवी संदीप कुमार, रामजग गोड़, राजाराम मौर्य, संजय कुमार मौर्य, रामाकांत, महेंद्र कुमार,झुरु पासवान, शुक्रवार को सुबह गांव के सामुदायिक शौचालय के पास प्रदर्शन कर उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है और तत्काल पानी सप्लाई शुरू कराए, जाने की मांग किया है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के बोर्ड पर गांव में दो टाइम सुबह-शाम दो -दो घंटे पानी सप्लाई करने का प्राविधान किया गया है लेकिन सब कागजी कोरम ही है। मौके पर एक टाइम भी सही से सप्लाई नहीं किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जल निगम के अवर अभियंता विवेक कुमार ने कहा कि पानी सप्लाई किया जा रहा है किसी दिक्कत है तो हम सम्बंधित कर्मचारियों से तत्काल बात कर पानी सप्लाई शुरू करने हेतु बात करते हैं।

# पतंजलि योग परिवार द्वारा नियमित योग साधकों का माल्यार्पण कर किया गया सम्मान

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार, रॉबर्ट्सगंज इकाई सोनभद्र के प्रमुख संरक्षक रमेश राम पाठक के निर्देशन व भारत स्वाभिमान नगर संरक्षक शेषमणी तिवारी की उपस्थिति में शुक्रवार को सोनभद्र बार सभागार सोनभद्र के नियमित योग साधकों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया।संरक्षक रमेश राम पाठक



ने कहा कि प्रत्येक नियमित योग कक्षाओं में समय-समय पर योग साधकों का सम्मान करना, संगठन को मजबूती प्रदान करता है। यह कार्यक्रम बीच-बीच में निरंतर चलते रहना चाहिए।जिसकी शुरूआत नियमित योग कक्षा सोनभद्र बार सभागार से शुरू की गई है। जल्द ही नगर में सभी कक्षाओं के प्रमुख योग गुरुओं के साथ साथ उपस्थित सभी योग साधकों का सम्मान कार्यक्रम चलता रहेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, पतंजलि किसान सेवा समिति जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय, तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, नगर संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ योग साधक चंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता/योग साधक अमरेश चंद्र त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, गोविंद नारायण सिंह, नागेंद्र नाथ चौबे,राजू प्रसाद सोनी, पुरुषोत्तम प्रजापति मौजूद रहे।

# खतरनाक पालतू कुत्ते ने बालक को काटकर किया गंभीर रूप से घायल

**ब्यूरो समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। स्थानीय चौकी क्षेत्र के गुरमा कॉलोनी स्थित लंका टोला वार्ड नंबर 2 निवासी तथा पूर्व सभासद नेत्रपाल के 10 वर्षीय प्रपौत्र आदर्श कुमार पुत्र स्व.सूरज भारती को शुक्रवार की दोपहर तकरीबन 12.30 बजे धर्मेंद्र पुत्र गोरखनाथ का खतरनाक पालतू कुत्ते ने काटकर लहूलुहान करते




हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया है। मामले की सूचना चौकी पुलिस को देते हुए गंभीर रूप से घायल बालक को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रावट्र्सगंज भर्ती कराया गया है जहां पर चिकित्सकों की देखरेख में बालक का इलाज जारी है। बताते हैं कि बालक बिस्कुट लेने दुकान पर जा रहा था कि बीच रास्ते में कुत्ते ने धर दबोचा और काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। खतरनाक पालतू कुत्ते ने अब तक कई लोगों को काट चुका है। कुत्ते के डर से लोग आने जाने से भी डरने लगे हैं तथा बच्चे स्कूल भी नहीं जा पा रहे हैं। लोगों ने उचित कार्रवाई की मांग की है।

# युवक की सर्प दंश से मौत, धान के खेत में काम करते समय हुआ हादसा, झाड़-फूंक में गंवाई जान

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र में सर्प दंश से एक युवक की मौत हो गई। देवनाटोला गांव निवासी 24 वर्षीय राम सिंह को धान के खेत में काम करते समय सांप ने काट लिया था। परिजनों ने उसे अस्पताल ले जाने के बजाय



झाड़-फूंक के लिए ले गए, जिसके कारण उसकी जान चली गई।

जानकारी के अनुसार, यह घटना गुरुवार को हुई। राम सिंह अपने परिवार के साथ धान के खेत में फसल के बोझे बना रहा था। खेत में रखे धान के ढेर में छिपे एक सांप ने उसे काट लिया। राम सिंह ने तुरंत अपने भाई रघुनाथ को इस बारे में बताया। सांप काटने के बाद परिवार के सदस्यों ने राम सिंह को किसी चिकित्सक के पास ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने का निर्णय लिया। पांच से छह घंटे तक झाड़-फूंक के बाद गुरुवार शाम को राम सिंह की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बभनी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवा दिया। उप निरीक्षक मक्खन लाल ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अल्ट्राटेक के सम्बद्ध सीलडमोर कंपनी द्वारा मजदूरों का भुगतान न होने से मजदूरों में बढ़ा आक्रोश

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। मजदूरों का भुगतान न होने से आक्रोशित होकर परेशान आफहा दर्जन मजदूरों ने किया विरोध, बताया की हम सभी दूर दराज से काम करने आये है। भुगतान न होने से घर परिवार चलाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। डाला स्थित अल्ट्राटेक कंपनी से गार्डों से सम्बंधित कंपनी सील्डमोर द्वारा मजदूरों का एक माह का भुगतान न होने से परेशानियां बढ़ने लगी। वही मजदूरों से बताया कि सेक्टर सी स्थित सोलर प्लांट में हम सभी शिफ्ट वार ड्यूटी किया करते है। जो अच्छी तरह संचालित हो रहा था। हमेशा हर महीने की 7 तारीख से 15 तारीख तक भुगतान हो जाया



करता था। लेकिन कंपनी बदलने की वजह जो भी रहा है। पूर्व में कांटेक्ट में रही सील्डमोर कंपनी द्वारा हम सभी कई कर्मचारियों का भुगतान रोक दिया गया। एक दिन की दिहाड़ी लगभग 378 रुपये के करीब मिलता था। पूरे एक माह का भुगतान सभी कर्मचारीयों का रोक दिया गया। बताया गया कि 15 नवंबर तक हो जाएगा। लेकिन 25 नवंबर तक न मिलने से हम सभी परेशान है। बाजार में कर्जे बढ़ गए है। फोन लगा कर पूछने पर बताया गया गया कि भुगतान अब नही मिलेगा। अब हम गरीब असहाय मजदूर दाने दाने को परेशान है।

# म्योरपुर बाजार में पुलिस ने जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**

म्योरपुर/ सोनभद्र। स्थानीय बाजार में मंगलवार को पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगे अतिक्रमणों को जेसीबी की मदद से हटवाया। साथ ही सड़क किनारे पड़े मिट्टी और कचरों को भी हटाया गया।थाना प्रभारी के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान दुकानदारों को व्यवस्थित तरीके से दुकानें लगाने और सड़क पर कब्जा न करने की कड़ी हिदायत दी गई।
पुलिस टीम ने बाजार में जगह-जगह फैले अवैध ठेलों, खोमचों और अतिक्रमित हिस्सों को हटवाते हुए यातायात व्यवस्था सुधारने पर जोर दिया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने और बाजार



में सुचारु आवाजाही बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक था।बता दें कि बीते शनिवार को म्योरपुर थाने के पास हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी। हादसे के बाद प्रशासन सख्त हुआ और मुख्य सड़क पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार को रामलीला रोड पर शिफ्ट कर दिया। अब साप्ताहिक हर शनिवार को रामलीला रोड पर लगेगा। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस कार्रवाई का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि आगे भी बाजार में अतिक्रमण न होने पाए, ताकि भीड़भाड़ और दुर्घटना की स्थिति से बचा जा सके।

# संदिग्ध अवस्था में घर से 500 मीटर दूर अरहर के खेत में मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के पइका टोला पथरहा गांव में शुक्रवार दोपहर अजीत उर्फ रुपम पाठक (38) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। उनका शव घर से महज 500 मीटर की दूरी पर एक तालाब के बगल में अरहर के खेत में पाया गया, जिससे आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर चोपन पुलिस, क्षेत्राधिकारी (सीओ) और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।




परिजनों ने बताया कि मृतक युवक पुणे में रहकर काम करता था और चार-पांच दिन पहले ही घर लौटा था। वह बुधवार सुबह 9 बजे घर से निकला था, जिसके बाद से वह वापस नहीं आया। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार दोपहर बाद जब उसका शव संदिग्ध हालत में मिला, तो इलाके में हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# जिलाधिकारी ने केकराही स्कूल का किया औचक निरीक्षण, शिक्षण कार्य का जायजा लेकर बेहतर पठन-पाठन के दिए निर्देश

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने आज उच्च प्राथमिक विद्यालय केकराही का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को पठन-पाठन कार्य करते पाया। जिलाधिकारी ने छात्रों से बातचीत कर उनके बौद्धिक स्तर का आकलन किया और बेहतर शिक्षण कार्य के लिए शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय विद्यालय में कुल 135 पंजीकृत छात्रों में से 89 छात्र उपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को भी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने बच्चों से मध्याह्न भोजन के संबंध में जानकारी ली



और निर्देश दिया कि निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन तैयार कर बच्चों को समय पर दिया जाए। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने विद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालयों (सामान्य और दिव्यांग), और रसोईघर में खाद्यान्न की स्थिति का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, डी.सी. मनरेगा रवींद्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य और अन्य अध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा चोपन मंडल का आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन सम्पन्न

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। भारतीय जनता युवा मोर्चा चोपन मंडल द्वारा आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन का आयोजन श्यामलॉज चोपन में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। चोपन मंडल के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत ही देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भारत ने अपनी वैक्सीन बनाकर न केवल अपने नागरिकों को सुरक्षा दी बल्कि पूरे विश्व को वैक्सीन उपलब्ध कराते हुए आत्मनिर्भर भारत की शक्ति को सिद्ध किया। आगे कहा



कि आत्मनिर्भर भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाया गया है, जिसे देशवासी एकजुट होकर अवश्य पूरा करेंगे। जिस दिन भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होगा, उस दिन भारत विश्व गुरु की श्रेणी में अग्रणी स्थान पर खड़ा होगा। आज अनेक देश भारत के विकास मॉडल से प्रेरित होकर अपने देशों में नकल कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप गिरी ने की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष चोपन संजय केसरी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, प्रदीप अग्रवाल, संदीप सिंह, अनिल पाठक, धर्मेंद्र जायसवाल, संतोष साहनी, अशोक मौर्य, अमर भारती, विनय तिवारी, अंकित गुप्ता, आर्यन दुबे, पम्मी केसरी सहित युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की ईलाज के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

कोन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के बागेसोती निवासी अनिल सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्र स्व. महेंद्र सिंह खरवार बीते सोमवार को चांचीकला के लौंगा घाटी में स्थानीय थाना क्षेत्र के नकतवार निवासी मनीष कनौजिया पुत्र रमाशंकर कनौजिया बाईक सवार से आमने सामने टक्कर लगभग 4.00 बजे हो गयी थी जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से कोन निजी अस्पताल में ले जाया गया था जहाँ मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने जिला स्थित निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। बतातें चलें कि मृतक अपने पीछे तीन नाबालिक बच्चों को छोड़ गया। जानकारी के अनुसार मृतक अपने



पिता की तेरहवीं संस्कार के लिए तरिया क्षेत्र से कार्ड बाँटकर अपने घर बागेसोती आ रहा था कि चढाई चढ़ते ही सामने से आ रही बाईक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। जहाँ जिला स्थित निजी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा स्थिति को भांपते हुए उसे वाराणसी स्थित निजी अस्पताल डीएनए मेमोरियल रेफर किया गया जहाँ गुरुवार देर रात युवक की मौत हो गयी। जिसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया।

# "आकांक्षी जिला सोनभद्र में स्वास्थ्य विभाग का हाल बेहाल", डीएम के निर्देश के बावजूद भगवान भरोसे चल रही स्वास्थ्य सेवाएं

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। आकांक्षी जिला जनपद सोनभद्र में स्वास्थ्य विभाग का हाल बेहाल रहते हुए बेपटरी है। जहां स्वास्थ्य विभाग मुखिया के अभाव में प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहारे संचालित हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत नौडीहा के राजस्व गांव नाको में पचास वर्ष पूर्व बना ए.एन.एम सेंटर अपने विकास की राह का इंतजार कर रहा है। गुप्त काशी विकास परिषद के अध्यक्ष पंडित आलोक कुमार चतुवेर्दी ने कहा कि सरकार के इस विकास की बयार में उक्त ए.एन.एम सेंटर पर ना ही बिजली के खंभे पहुंच पाए और ना ही सुरक्षा के दृष्टि से बाउंड्रीवॉल




का निर्माण हो पाया है। जिसके कारण यहां तैनात कर्मचारी न रहने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि उक्त समस्या को कुछ माह पहले जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह के संज्ञान में लाया गया तो उनके द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल प्रभाव से उचित कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए थे, किंतु कुछ माह बीत जाने के बाद कार्यवाही ज्यों के त्यों ठंडे बस्ते में चली गई। श्री चतुवेर्दी ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# दोषी विनोद कुमार जायसवाल को 20 वर्ष की कठोर कैद

## 8 वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला.

**समाज जागरण/ अभय कुमार पटेल**

सोनभद्र। करीब साढ़े 8 वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने व उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी विनोद कुमार जायसवाल को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 65 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 50 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रायपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 28 जनवरी 2017 को 9 बजे विनोद कुमार जायसवाल पुत्र रामेश्वर प्रसाद जायसवाल निवासी डोमरिया, थाना



रामपुर बरकोनिया, जिला सोनभद्र उसकी 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया। बेटी की काफी तलाश किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने विनोद कुमार जायसवाल के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 10 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी विनोद कुमार जायसवाल (35) वर्ष को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 65 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

वही अर्थदंड की धनराशि में से 50 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण , स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद सक्रिय रहे भाजपा जिला महामंत्री

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत भाजपा जिला महामंत्री राम सुंदर निषाद ने आज विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद उन्होंने पार्टी कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए पुनरीक्षण कार्य की प्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुनरीक्षण प्रक्रिया में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और नाम जुड़वाने तथा त्रुटियों को सुधारने की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। तो वहीं निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ स्तर के पदाधिकारियों से पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिला महामंत्री ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल हो यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे निर्धारित तिथि के भीतर अपने नाम की जांच कर आवश्यक संशोधन अवश्य करवाएँ। इसलिए पार्टी कार्यकताओं को पूरी निष्ठा से काम करना चाहिए।

जिला महामंत्री राम सुंदर निषाद के इस सक्रियता और समर्पण की प्रशंसा स्थानीय कार्यकताओं ने भी की, जिन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व से संगठन को लगातार ऊर्जा मिलती रहती है।

# साधन सहकारी समिति खलियारी पर धान की खरीद चालू

**आज से धान खरीद का हुआ उद्घाटन, ब्लॉक प्रमुख ने धान खरीदी के लिए किया था निरीक्षण।**

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र (खलियारी)। नगवां ब्लॉक के खलियारी साधन सहकारी समिति पर आज से किसानों के धान की खरीद चालू हो गई है किसानों का धान आज से खरीद होने लगी है



धान खरीदी का उद्घाटन साधन सहकारी समिति की सचिव द्वारा किया गया। पहली खरीद सुअर सोत के पूर्व प्रधान अनिल के धान की खरीद के साथ हुई आप को बता दें कि धान की खरीद में हो रही देरी की वजह से किसान परेशान होकर अपनी फसल साहूकारों को कम दामों पर बेचने को मजबूर थे पहले ही प्रकृति की मार झेल रहे किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा था अब सरकारी धान की खरीद होने से किसानों में खुशी का माहौल है। कल सहकारी समितियों पर धान खरीद नहीं होने और किसानों की चिंता को देखते हुए नगवा ब्लॉक प्रमुख आलोक कुमार सिंह ने सभी क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर धान की खरीद जल्द से जल्द शुरू करने और खरीद में पूरी पारदर्शिता बरतने की हिदायत दी थी ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि किसी भी केंद्र पर धान खरीद में किसानों को परेशान करने और अनियमितता पाई गई तो उन केंद्रों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कराई जाएगी।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लाभार्थी के खाते में राशि भेजी गई

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत, मेची सभागार जिला परिषद में शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के दस लाख लाभार्थी के खाते में कुल एक हजार करोड़ की राशि भेजी. लाभार्थी के बैंक खाते में राशि अंतरण की गई. महिलाएं, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ीं. इस मौके पर जिलाधिकारी विशाल राज ने महिलाओं को इस योजना से मिली राशि से स्वरोजगार के साधन विकसित करने को कहा। उन्होंने महिलाओं को पूँजी का उपयोग कर, उद्यमिता से आर्थिक स्वावलंबन की राह अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार और अपना आय का साधन होने से, महिलाओं को सम्मान के साथ जीवन जीने में मदद मिलेगी. इस मौके पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा भी उपस्थित थे। प्रत्येक परिवार के एक महिला सदस्य को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ दिया जा रहा है. दस हजार रुपये की राशि लाभार्थी के बैंक खाते में अंतरण किया जा रहा है. जिससे वे किराना, मनिहारा, सब्जी, कपड़ा सिलाई, चाय - नाश्ता जैसे सूक्ष्म उद्यम, पशुपालन इत्यादि क्षेत्रों में रुचि अनुसार स्वरोजगार शुरू कर रही हैं। जीविका की डीपीएम अनुराधा चंद्रा ने बताया कि किशनगंज में इस योजना के तहत लगभग तीन लाख बाईस हजार से अधिक आवेदन फॉर्म भरे गए हैं। जिनमें से तीन लाख सोलह हजार आवेदकों की ऑनलाइन प्रविष्टि पूर्ण कर ली गई है। महिलाएँ इस योजना से प्राप्त राशि से स्वरोजगार शुरू कर रही हैं. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से प्राप्त राशि से कोचाधामन प्रखंड के बगलबाड़ी पंचायत की सोनी देवी ने कपड़ा सिलाई मशीन खरीदा है। वे कहती हैं कि कपड़ा सिलाई के काम करने से उन्हें नियमित आमदनी होने लगी है। घर में दो पैसा आने लगा है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ लेकर वे खुश हैं। उन्हें अपना स्वरोजगार शुरू करने के लिए पूँजी प्राप्त हुआ है। वहीं, इस योजना का लाभ लेकर पोठिया प्रखंड के परलाबाड़ी पंचायत की हीना बेगम ने फल बिक्री का कारोबार शुरू किया है। ऐसे ही अन्य महिलाएँ भी इस योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार का साधन विकसित कर रही हैं। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से पूरा परिवार खुशहाल होता है। सभी सात प्रखंड मुख्यालय, संकुल संघ, ग्राम संगठन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. जहाँ जीविका दीदियाँ एवं अन्य महिलाएँ प्रोजेक्टर, टेलीविजन, टैब इत्यादि माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ी।

# किशनगंज, बिहार - मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अंचल कार्यालय में चढ़ावा चढ़ाने के लिए नई योजना का करना चाहिए शुभारंभ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




28नवंबर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नई सरकार को अंचल कार्यालयों में चढ़ावा चढ़ाने के लिए नई योजना का शुभारंभ करना चाहिए। यह मांग अंचल कार्यालय सदर में दाखिल-खारिज,भू मापी,परिमार्जन सहित अन्य मामले में अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारियों की मनमानी से पीड़ित लोगों ने की है। यह मांग जायज भी है, क्यों मनमानी अंचल कार्यालय में चरम पर है। चढ़ावा चढ़ाने में असमर्थ गरीब वर्ग परेशान है।विधानसभा चुनाव 2025 में विपक्ष इस मुद्दे पर चुनाव लड़ा और हार गया, क्यों कि आवाम को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा था। इसी भरोसे के बल पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से लोगों ने मांग कि है अंचलकर्मियों को घूस देने के लिए गरीबों को अनुदान राशि मिलनी चाहिए।

**अंचल कार्यालय जाने वालों की पीड़ा व प्रतिक्रिया:**

सीओ सदर राहुल कुमार से पूछा गया कि अगस्त महीने में भूमि मापी के लिए दिए गए आवेदनों में से कितने आवेदनों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया हैं? इस सवाल का जवाब उनके पास नहीं है। उन्होंने कहाः देखकर बताएंगे। सीओ सदर का यह उत्तर स्पष्ट करता है कि भूमि मापी के लिए दिए आवेदनों को को देखने वाला अंचल में कोई नहीं है। पीड़ितों ने कहाः

"हालत यह है कि भूमि मापी के लिए कोई नियम कानून नहीं है। भूमि का दाखिल खारिज, परिमार्जन, भू-मापी जैसे आवेदन ऑनलाइन करने एवं राशि जमा करने के बावजूद अंचल अधिकारी के मन में जो आ गया, वही नियम कानून है।"

लोगों ने यह भी कहा :

"परिमार्जन, दाखिल-खारिज एवं भू-मापी आदि के मामलों में चढ़ावा दिए बिना काम नहीं हो रहा है। अंचल अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी सारे मामलों को अपने आईडी में रखते हैं जो अवैध राशि देता है उनका काम हो जाता है जो नहीं देता,उसका मामला लंबित रहता है या कोई त्रुटि लगाकर अस्वीकृत कर दिया जाता हैं"। बताते चलें कि रैयतगण न्यायालय का चक्कर लगा रहे हैं।जिसका असर अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारियों पर नहीं पड़ रहा है। सीओ और अंचल कर्मचारियों को घूस चाहिए।

पीड़ितों ने कहाः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अंचलकर्मियों से पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए घूस की राशि की व्यवस्था कानून में करनी चाहिए। यह राशि बतौर अनुदान एक महीने से अधिक समय से सीओ कार्यालय चक्कर लगा रहे पीड़ितों को 30दिन की मजदूरी के बराबर दिया जाना चाहिए। वहीं एक विधायक प्रतिनिधि ने कहाः 10-10हजार रुपये सरकार ने विधानसभा चुनाव के समय दिया था, वहीं राशि घूस में देकर सदर सीओ से काम पीड़ितों को करवा लेना चाहिए।

एक और विधायक प्रतिनिधि ने कहा- "सरकार ने निर्देश दिया है कि दाखिल- खारिज एवं परिमार्जन से संबंधित मामले को 35 दिनों के अंदर या फिर अंतिम रूप से 75 दिनों के अंदर निष्पादन करना है। ताकि लोगों को सुविधा हो सके और परेशानी ना हो,पर ऐसा नहीं किया जा रहा है"।

फिलहाल अंचल अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी से जिसका भी पाला पड़ा है, उनकी प्रतिक्रिया हैः"किसी अधिकारी को कार्रवाई का भय नहीं है। इसलिए परेशानी दूर होने की जगह बढ़ती जा रही है। अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अमीन द्वारा दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं भु-मापी के मामले पर कोई कार्रवाई घूस नहीं देने वालों की फाइल निष्पादित नहीं की जा रही है। उन्हें ठंढ़े बस्ते में रखा जा रहा है।

# वृद्ध महिला को मोहिनी मंत्र के जाल में फंसा कर लाखों के जेवरात की लूट

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज शहर के मुख्य बाजार फल चौक के बीचों-बीच घटी अनोखी घटना। वृद्ध महिला को मोहिनी मंत्र के जाल में फंसा कर लाखों के जेवरात की हुई लूट। घटना गुदरी बाजार में स्टाइल बाजार के समीप दो युवक ने बातों के जाल में फंसा कर बेहोश कर दिया और वृद्ध महिला से जेवरात ले कर फरार हो गए। वहीं महिला गीता देवी का कहना है कि बदमाशों के जाने के बाद मुझे होश आया, जिसके बाद मैंने वहां लोगों को बताया। जिसके बाद मौके पर पुलिस ने पहुंच कर स्टाइल बाजार के कार्यालय का सीसीटीवी फुटेज खंगाला। किशनगंज टाउन थाना क्षेत्र के सोनार पट्टी की रहने वाली वृद्ध महिला गीता देवी ने बताया कि वह बाजार कुछ जरूरत का सामान लेने आईं थी। इसी दौरान दो युवक उसके पास आकर वृद्ध महिला से भगवान का नाम लिया और कहा कि आपके घर में कलह चल रहा है। आपके घर में कुछ कारणों से पारिवारिक कलह चल रहा है। जिसका हमलोग मंत्र से समाधान कर देंगे। उसके बाद दोनों बदमाशों ने उसे मोहित कर लिया और अपने हिसाब से उसे चलाने लगे। वहीं वृद्ध महिला भी सब कुछ भूल कर दोनों युवक जैसे-जैसे बोलते गए वैसे वैसे महिला करते गई। देखने वाली बात यह है कि ये सारा घटना शहर के मुख्य बाजार फल चौक के बीचों बीच सैकड़ों लोगों के सामने हो रहा था पर किसी का ध्यान इसपर नहीं गया। जब घटना को अंजाम देकर दोनों युवक वहां से चले गए तब वृद्ध महिला को होश आया कि उसके साथ अनहोनी घट चुकी है। जिसके बाद महिला ने वहां मौजूद लोगों को घटना के बारे में बताया। जिसके बाद लोगों ने वृद्ध महिला के परिजनों को सूचना दी। वहीं महिलाओं के परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर टाउन थाना पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस ने 112 की टीम पहुंचकर फल चौक स्थित स्टाइल बाजार के समीप जहां घटना हुई लोगों से पूछताछ की। जिसके बाद वहीं स्टाइल बाजार के सीसीटीवी फुटेज को देखा और फुटेज अपने कब्जे में लिया। वहीं वृद्ध महिला ने परिजनों के साथ टाऊन थाना जाकर प्राथमिकी दर्ज कराई। वहीं टाउन थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों युवक की तलाश में जुट गई है।

# सड़क किनारे युवक का शव एवं क्षतिग्रस्त बाइक मिलने से मचा हड़कंप जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के माली नबीनगर मुख्य पथ के झरहा मोड़ के समीप सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव एवं क्षतिग्रस्त बाइक पाए जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।युवक की पहचान माली थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी सुनील सिंह के 20 वर्षीय पुत्र सूर्यमणि सिंह के रूप में हुई है । सुबह जब ग्रामीणों की नजर पड़ी तब इसकी सूचना माली थाना को दी गई । पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। शव की पहचान होते ही परिजनों को सूचना दी गई।परिजनों ने बताया कि सूर्यमणि की चचेरी बहन की शादी शनिवार को थी।सूर्यमणि गुरुवार की रात को औरंगाबाद कुछ सामान लेने गया था । घटनास्थल और बाइक को देखने पर पुलिस प्रथम दृष्टि में इसे सड़क दुर्घटना मान रही है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि रात में कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारी होगी।वहीं परिजन इसे हत्या बता रहे है उनका कहना है कि हत्या कर दुर्घटना का रूप दिया गया है।उनलोगों का कहना है कि युवक गले में सोने का चैन पहना हुआ था जो गायब है जिससे हत्या की आशंका बढ़ गई है।थानाध्यक्ष के प्रभार में रहे एस आई सुबोध कुमार मंडल ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगा।इधर घर में शादी की खुशियां मातम मे बदल गया।

# पटना में महिला से दिन दहाड़े चैन छीना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के कंकड़बाग इलाके में शुक्रवार की सुबह एक गृहिणी के साथ हुई छिनतई की घटना ने स्थानीय नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ा दी है। बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। यह घटना तब हुई जब महिला अपने बेटे को पैदल स्कूल छोड़ने जा रही थी। मामला कंकड़बाग के द्वारिका कॉलेज वाली गली का है। सुबह करीब 8 बजे दीप शिखा सिन्हा नामक महिला अपने छोटे बच्चे को स्कूल छोड़ने गई थीं। जैसे ही वह पूर्व विधायक उषा विद्यार्थी के घर के पास पहुंचीं, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आती



एक बाइक ने उन्हें साइड किया। बाइक पर दो युवक सवार थे। बाइक को पास लाकर एक युवक ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और तुरंत भागने लगा। बदमाशों ने हेलमेट तो पहन रखा था, लेकिन चेहरे पर मास्क नहीं था। महिला के अनुसार दोनों बदमाश भागते समय बार-बार पीछे मुड़कर देख रहे थे। चेन छिन जाने के बाद महिला घबराकर जोर-जोर से चिल्लाने लगीं और रोते-बिलखते अपने परिजनों के साथ कंकड़बाग थाने पहुंचीं। उन्होंने पुलिस को पूरी घटना के बारे में विस्तार से बताया। चेन की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। पीड़िता एक गृहिणी हैं और उनके पति एक एनजीओ में कार्यरत हैं। इस घटना ने परिवार को मानसिक रूप से आहत कर दिया है। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस उस लोकेशन पर पहुंची, जिसे महिला ने बताया था। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी गई है।

# पटना के पालीगंज में बाइक सवार दो सगे भाइयों को हाइवा ने रौंदा, एक भाई की हुई मौत, दूसरा गम्भीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र से गुजरनेवाली के पटना औरंगाबाद मुख्य पथ (एनएच-139) पर अंकुरी गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार अंकुरी गांव निवासी सतेंद्र राम के 16 वर्षीय पुत्र चुन्नू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक चुन्नू अपीने सगे भाई के साथ बाइक पर सवार होकर महाबलीपुर बाजार जा रहा था। जैसे ही वह पेट्रोल पंप के पास पहुंचा की विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार हाइवा रौंद दिया। हाइवा के पहिए से सिर कुचल जाने के कारण चुन्नू की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वही चुन्नू का भाई मंगल कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज पीएमसीएच में चल रहा है। हादसे के बाद हाइवा चालक सड़क किनारे हाइवा छोड़कर फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने एनएच 139 तथा नहर रोड को जाम कर दिया। जाम के कारण पटना औरंगाबाद मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों का आरोप था कि इस रोड पर ट्रकों की बेलगाम रफ्तार के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण की मांग की। सूचना मिलते ही पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर जाम हटवाने का बहुत प्रयास किया लेकिन ग्रामीण नहीं मान रहे थे। प्रशासन की ओर से परिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपए की सहायता राशि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ब्लॉक नाजीर के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई जिसके बाद जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो चुका है।

# पटना पुलिस ने किया सड़क निर्माण कंपनी के मजदूरों से लूट में शामिल दो बदमाशो को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण कंपनी के मजदूरों से लूटपाट करने वाले दो बदमाश कल्लू और सन्नी को पुलिस ने कराय परशुराय, सलेमपुर नालंदा इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि लूट का सामान उनके भाई सुजीत के पास है। पुलिस सुजीत की तलाश में छापेमारी कर रही है। फिलहाल गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना 19.11 को हुई थी, जब काजी बीघा गौरीचक इलाके में सड़क निर्माण का काम चल रहा था और मजदूरों के ठहरने वाले स्थान पर दोनों बदमाशों ने धावा बोलकर 5 मोबाइल फोन और 12,000 रुपये लूट लिए थे। लूटपाट के बाद वहां पहुंची पुलिस में मजदूरों से पूछताछ की और मामला और मामला दर्ज कर आगे कार्रवाई शुरू कर दी।गौरीचक थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि लूटपाट में शामिल दोनों बदमाशों को पकड़ा गया है। दोनों सलेमपुर कराए परशुराय नालंदा इलाके के रहने वाले हैं दोनों ने लूटपाट में संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि लूट का माल उनके भाई सुजीत के पास है। अब सुजीत को गिरफ्तार करने के लिए टीम को लगाया गया है।

# उत्तर कोयल नहर नबीनगर के रिमॉडलिंग कार्य में कई जगह आयी दरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) उत्तर कोयल नहर के नबीनगर एवं अंबा डिवीजन क्षेत्र में चल रहे रिमॉडलिंग कार्य में कई जगह दरार आने लगी है।नवीनगर क्षेत्र में पेटी कांटेक्ट के माध्यम से त्रिवेणी कंपनी के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। नवीनगर के साया गांव के सामने नहर में दरार उभर आया है वहीं कांडी गांव के सामने पुल के समीप एवं कांडी गांव फाटक के समीप नहर लाइनिगं मे जगह जगह दरार उभरने के साथ कंक्रीट जमीन से उखड़ चुका है। कांडी पुल के पास लाइनिंग उखड़ गई है। तो फाटक के समीप करीब बीस फिट से अधिक दुरी में पुरी तरह छतीग्रस हो गया है।किसानों ने बताया कि इससे जहां जल प्रवाह बाधित होता है वहीं क्षमता के अनुरूप पानी आगे नहीं पहुंच पाता है। और नहर टुटने की आशंका बढ जाती है।उत्तर कोयल मुख्य नहर के रिमॉडलिंग कार्य नवीनगर एवं अंबा डिवीजन के तहत कई हिस्सों में लाइनिंग टूट कर उखड़ने एवं दरार उभर आने से पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता सवालों के घेरे में खड़ा है।त्रिवेणी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अजीत कुमार ने बताया कि रिमॉडलिंग कार्य में कुछ स्थानों पर दिक्कत आई है। इसका मुख्य कारण लाइनिंग कार्य के कुछ दिनों बाद ही खरीफ सीजन को देखते हुए नहर में पानी छोड़ दिया गया। जहां लाइनिंग क्षतिग्रस्त हुई है, वहां नहर के बेड लेवल पर भूजल का दबाव अधिक हो गया था। इसी भूजल प्रेशर की वजह से दो-तीन जगह लाइनिंग प्रभावित हुई है। जिसका स्थायी समाधान के लिए विभाग तकनीकी विकल्प तलाश चुका है और क्षतिग्रस्त हिस्सों को मजबूत बनाने का काम जल्द शुरू किया जाएगा।

# पटना पुलिस व एसटीएफ कार्रवाई करते हुए 58 किलो गांजा, 15.66 लाख नकद व हजारों गोगो के साथ छह तस्करो को दबोचा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ पटना पुलिस और बिहार एस टी एफ की संयुक्त टीम ने रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित चांगर मोड़ के पास अवैध मादक पदार्थ कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित तस्करी गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से 58 किलो गांजा, 15,66,900 रुपये नकद, 6,340 पीस गोगो और छह मोबाइल फोन बरामद किए। जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चांगर मोड़ स्थित एक घर में बाहरी जिलों से लाई गई बड़ी खेप की डील होने वाली है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पटना पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गुरुवार की देर शाम रणनीति बनाकर त्वरित छापेमारी की। जैसे ही टीम ने घर को घेरा, अंदर मौजूद तस्कर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। जांच के दौरान कमरे से भारी मात्रा में गांजा के पैकेट, तस्करी में इस्तेमाल होने वाला कैश और गोगो की खेप मिली। पुलिस का कहना है कि यह गोगो शहर के युवाओं, खासकर कॉलेजों में सप्लाई किया जाता था। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने गिरोह की कई परतें खोलते हुए बताया कि यह नेटवर्क पटना, नालंदा, आरा और झारखंड के कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों तक फैला है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड और कुछ प्रमुख सप्लायर अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में छापेमारी जारी है। टीम तस्करों के बैंकिंग लेन-देन, मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स की जांच कर रही है ताकि सप्लाई चैन को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। बरामद कैश को लेकर पुलिस जांच कर रही है कि यह हालिया बिक्री का पैसा है या अगली खेप की एडवांस राशि। नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर पटना पुलिस की नजर लगातार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए ऐसी कार्रवाइयों को और तेज किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े और चेहरों का पदार्फाश किया जाएगा। गिरफ्तार तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की निगरानी खुद वरिष्ठ स्तर से कर रही है।

# पटना में हुए अग्निकांड में जला लाखो का सामान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत दरियापुर गांव में गुरुवार की देर रात एक फर्नीचर दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। तेज लपटों और धुएं ने पूरे इलाके में दहशत पैदा कर दी। इस हादसे में दुकान का लगभग पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया और करीब 20 से 30 लाख रुपये की क्षति होने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, यह दुकान अब्दुल अहद की है, जो सोफा और सीट रिपेयरिंग का काम करते हैं। अब्दुल अहद ने बताया कि रात में दुकान बंद होने के बाद सभी लोग घर जा चुके थे। रात करीब डेढ़ बजे जब वह खुद सोने जा रहे थे, तभी उन्हें जलने की तेज गंध आई। संदेह होने पर जब वे बाहर आए तो देखा कि दुकान के अंदर आग की लपटें उठ रही थीं। उन्होंने तुरंत फायर स्ट्रिंगर की मदद से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान आग की चपेट में आ गई। आग लगने के समय दुकान के अंदर रेहान नाम का एक युवक सो रहा था। आग फैलते ही



वह अंदर फंस गया, लेकिन मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। दुकान में तैयार सोफा, सीट, महंगे फर्नीचर, कच्चा माल, मशीनें और ग्राहकों का रखा हुआ सामान मौजूद था। कुछ ही समय में आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि एक भी सामान सुरक्षित नहीं बच सका। मोहम्मद रिजवान ने बताया कि दुकान में रखे सामान का बड़ा हिस्सा ग्राहकों का था और अब उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि वे नुकसान की भरपाई कैसे करेंगे। स्थानीय लोग लगातार पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उस पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और अग्निशमन विभाग सक्रिय हो गए। आग इतनी भयानक थी कि बाढ़, हाथीदह, मरांची और मोकामा में तैनात दमकल वाहनों को बुलाना पड़ा। कुल मिलाकर चार एमटी फायर टेंडर और एक बड़ी गाड़ी की मदद से करीब ढाई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दुकानदार अब्दुल अहद ने आशंका जताई है कि आग किसी दुर्घटना से नहीं लगी, बल्कि जानबूझकर लगाई गई है। उन्होंने बताया कि पास में एक शादी समारोह चल रहा था, और कुछ युवकों ने मस्ती-मजाक के दौरान दुकान के पास आतिशबाजी की थी। दुकानदार का कहना है कि इन्हीं युवकों ने आग लगाने में भूमिका निभाई होगी, क्योंकि दुकान के बाहर आतिशबाजी के अवशेष भी मिले हैं। हालांकि पुलिस इस मामले में जांच कर रही है और अब तक किसी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# पटना में हर्ष फायरिंग के दौरान बच्चा को लगी गोली

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के चित्रगुप्त नगर इलाके में गुरुवार देर रात शादी के रिसेप्शन में चल रहे जश्न के दौरान हर्ष फायरिंग की गई। जिसके कारण एक छह वर्षीय मासूम बच्चा गोली का शिकार हो गया। यह घटना मुन्नाचक स्थित एक सामुदायिक स्थल पर आयोजित रिसेप्शन पार्टी में हुई। गुलशन नामक युवक का विवाह समारोह चल रहा था और बड़ी संख्या में मित्र, परिजन और स्थानीय लोग समारोह में शामिल हुए थे। देर रात जैसे-जैसे डीजे और संगीत का माहौल तेज होता गया, भीड़ में मौजूद एक युवक ने अचानक हवाई फायरिंग करना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह युवक शराब के नशे में था और मनोरंजन तथा माहौल बनाने के लिए हथियार लहराते हुए झूम रहा था।युवक ने करीब छह से सात राउंड तक गोलियां चलाईं। शुरूआत में लोगों को लगा कि यह भी विवाह समारोहों में होने वाली सामान्य पटाखेबाजी जैसी आवाजें हैं, लेकिन कुछ ही देर में स्थिति भयावह हो गई। अचानक एक गोली भीड़ में खड़े छह वर्षीय बच्चे को जा लगी। गोली बच्चे के पैर में घुस गई, जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत बच्चे को गोद में उठाकर अस्पताल की ओर दौड़ लगा दी। पार्टी में मौजूद लोग जो कुछ देर पहले तक जश्न में मशगूल थे, हादसे के बाद भागते-दौड़ते नजर आए।घायल मासूम को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। परिजन और स्थानीय लोगों के अनुसार बच्चा पार्टी में अपने रिश्तेदारों के साथ शामिल हुआ था और मंच के पास खड़ा था। नशे में धुत युवक की लापरवाही ने उसे गंभीर चोट पहुँचा दी। डॉक्टरों का कहना है कि गोली पैर में फंसी थी, जिसे निकालने के लिए तुरंत सर्जरी की गई।

# पटना में जब्त अवैध बालू हुआ गायब, डीएसपी 2 को मिली जांच का आदेश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के रानीतलाब और बिक्रम थाना क्षेत्र में जब्त बालू को माफियाओं द्वारा कथित रूप से बेच दिए जाने के खुलासे के बाद सिटी एसपी पश्चिम ममता कल्याणी ने मामले को संज्ञान लेते हुए डीएसपी 2, बिक्रम को जांच का जिम्मा सौंप दिया है। साथ ही दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।जिला खनन पदाधिकारी कार्तिक कुमार के निर्देश पर खनन निरीक्षक उत्तम मणि ने रानीतलाब और बिक्रम थाना क्षेत्रों में अज्ञात के खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज कराई हैं। बताया गया कि चोरी हुए बालू से सरकार को 5 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। जब्त बालू को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी संबंधित थाना पुलिस को दी गई थी। लेकिन जांच पूरी होने तथा नीलामी प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही पूरा स्टॉक गायब हो गया।मामले को द अधिकार फाउंडेशन ने प्रमुखता से उठाते हुए शुक्रवार को संगठन के अध्यक्ष मुकुंद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिटी एसपी पश्चिम से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आवेदन देकर आरोप लगाया कि रानीतलाब और बिक्रम थाना के केस आईओ की मिलीभगत और घोर लापरवाही से करोड़ों का सरकारी बालू माफियाओं के हाथों बेच दिया गया। फाउंडेशन का कहना है कि यह न सिर्फ सरकारी संपत्ति की क्षति है, बल्कि कानून व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। फाउंडेशन ने मांग की है कि संबंधित थानों के केस आईओ, पुलिसकर्मियों और बालू माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा पूरे नुकसान की राजस्व वसूली की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि जिस बालू पर पुलिस पहरा था उसकी चोरी स्पष्ट रूप से पुलिस की नाकामी और मिलीभगत को दर्शाती है। बालू माफियाओं को जमानत मिलने के तुरंत बाद बालू स्टॉक का गायब होना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। सिटी एसपी पश्चिम ममता कल्याणी ने संगठन द्वारा उठाए गए बिंदुओं को गंभीर मानते हुए तुरंत डीएसपी 2 को जांच सौंपते हुए कहा है कि मामले में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई तय है। जांच टीम अब मामले से जुड़े पुलिस अधिकारियों, केस आईओ, खनन विभाग से जुड़े कर्मचारियों और संभावित बालू माफियाओं की भूमिका की विस्तृत जांच कर रही है। जल्द ही पूरे प्रकरण पर बड़ा कदम उठाए जाने की संभावना जताई जा रही है।

# मंईयां सम्मान योजना में 500 अधिक से आवेदन पड़े।

## आपकी योजना - आपकी सरकार- आपके द्वार का था अंतिम दिन।

**समाज जागरण**

हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत चुटियारो पंचायत भवन में अंचलाधिकारी सदर हजारीबाग- आशुतोष कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संवाददाता समाज जागरण हजारीबाग।



28 नवंबर 2025 को झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वारा का आज अंतिम दिन था। ग्रामीण महिलाओं की इस अवसर पर भारी भीड़ देखी गई । महिलाएं मंइया सम्मान योजना और अबुआ आवास के लिए आवेदन करने आई थीं। वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जाति प्रमाण पत्र ,आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी विद्यार्थी और उसके गार्जियन देखे गए। कई महिलाएं यह शिकायत लेकर आई कि हमें मैंया योजना का लाभ एक बार मिला और अब बंद हो गया है। पुनः चालू करवा दें ऐसा कहते सुने गए । सिर्फ जमीन संबंधी आवेदनों में रिसीविंग दिया जा रहा था बाकी आवेदनों को यूं ही जमा करने को कह दिया जा रहा था । मैंइया सम्मान योजना में लगभग 500 महिलाओं ने 3:00 बजे दिन तक आवेदन जमा कर दिया था। बाकी जमा करने के लिए लाइन में थीं । मैंइया सम्मान योजना में यह कहा जा रहा था कि पोर्टल बंद है। सिर्फ फॉर्म जमा करिए। अधिकारियों द्वारा कहा जा रहा था पोर्टल खुलने पर सबका आवेदन ऑनलाइन कर दिया जाएगा, परंतु रिसीविंग नहीं मिलेगी । इस अवसर पर सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से कई पदाधिकारी, अंचल कार्यालय से पदाधिकारी। समेत उद्घाटन के मौके पर पंचायत की मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य सतीश राम, सहित उप मुखिया रामचंद्र प्रसाद सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ सम्पन्न

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।प्रखंड के पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ ।बताते है प्रखंड वासियों ने कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में आवेदन दिए जिसमें आय,जाति,आवासीय प्रमाण पत्रों का त्वरित निष्पादन किया गया तो कुछ योजनाओं का अभी तक कोई खबर नहीं ।शिविर के दौरान सबसे अधिक अबुआ आवास, माइयां सम्मान योजना और आय,जाति, आवासीय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन मिले ।बीडीओ अखिलेश कुमार ने बताया प्रखंड वासियों से प्राप्त पंचायतवार आवेदनों को त्वरित निष्पादन कर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कहा सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से योग्य लाभुकों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है ।जल्द ही प्राप्त आवेदनों को निष्पादित कर योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। बेड़ाहरियारा,खरना एवं गैंडा पंचायत के ग्रामीणों में आयोजित शिविर में योजनाओं का लाभ लेने के लिए उत्साहित दिखे ।मौके पर बीडीओ अखिलेश कुमार, सीओ नित्यानंद दास, बीपीओ राजमोहन वर्मा, बीपीआरओ सह पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद,देवनन्दन प्रसाद, बसंत कुमार,महेश प्रसाद, सुनील सिंह, मनोज श्रीवास्तव,मदन यादव, प्रियंका कुमारी, मुखिया रामचंद्र यादव, उपमुखिया राहुल कुमार गुप्ता समेत पंचायत के जनप्रतिनिधि समेत ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित थे।

# सांसद प्रतिनिधि ने किया नाली का शिलान्यास, ग्रामीणों ने जताया आभार

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नावाडीह प्रखंड स्थित चिरुडीह गाँव में सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने सांसद निधि से स्वीकृत नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। नाली का निर्माण कार्य अकलु रविदास के घर से लेकर अंबेडकर क्लब तक किया जाएगा। जिससे जल निकासी की समस्या



दूर होगी। सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने कहा कि इस नाली का निर्माण उनके चुनावी वादे का एक हिस्सा है, जिसे आज पूरा किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। विकास की गति निरंतर बनी रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके प्रयासों की सराहना की। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष गोबिंद महतो,उपमुखिया बिशुन रविदास,पूर्व मुखिया रणविजय सिंह, पूर्व पंचायत समिति भाकरू रविदास,मीडिया प्रभारी दीपक कुमार ,भोला रविदास, बालेश्वर नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक संजीव सरदार की ऐतिहासिक पहल: 12 करोड़ की लागत से कुलियाना घाट में बनेगा पूल

**एनएच 33 से सीधे जुड़ सकेगा पोटका, घाटशिला और पोटका के लाखो लोगो को होगा फायदा - संजीव सरदार**

**समाज जागरण 28.11.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर : पोटका के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ रहा हैं जहाँ पोटका प्रखंड अंतर्गत आसनबनी पंचायत के तिलामुड़ा मौजा स्थित स्वर्णरेखा नदी के कुलियाना घाट पर ग्रामीणों की वर्षों पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार पूरी हो रही है. यहाँ मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास शुक्रवार को पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार द्वारा पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ।

यह पुलिया क्षेत्र की बहुउद्देशीय आवश्यकताओं को पूरा करेगा तथा स्थानीय जनता को जमशेदपुर, घाटशिला और पश्चिम बंगाल आने-जाने में अत्यधिक सुगमता प्रदान करेगा। आने वाले समय में यह मार्ग न केवल सुविधाजनक होगा बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए विकास की नई राह साबित होगा।

यह पूल विकसित पोटका के निर्माण की निंव, इससे स्वास्थ, रोजगार और शिक्षा आसानी से उपलब्ध होगा - संजीव सरदार

हेमंत सोरेन सरकार में ऐतिहासिक विकास कार्य हो रहे हैं। वर्षों से लंबित यह पुलिया अब पूरा होने जा रहा है, जिससे पोटका और एनएच 33 की दूरी कुछ मिनटो में पूरी हो सकेगी, यही नहीं यहाँ दो महत्वपूर्ण प्रखंड–पोटका और घाटशिला–सीधे जुड़ जाएंगे और लाखों लोगों को लाभ होगा।

पहले यहाँ के लोगों को गलूडीह होकर 100 किमी का लंबा चक्कर लगाना पड़ता था, अब यह दूरी बहुत कम हो जाएगी। राजनगर, आदित्यपुर, टेल्को, पोटका सहित आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह पूल विकसित पोटका के निर्माण की निंव है और इसके बन जाने से क्षेत्र वासियो को स्वास्थ, रोजगार और शिक्षा आसानी से उपलब्ध होगाह्न.

**12 करोड़ की लागत से बनेगा पूल, 16 माह में बन कर होगा तैयार**

स्वर्णरेखा नदी के कुलियाना घाट पर बन रहे इस पूल की लंबाई 230 मीटर होगी और इसकी लागत 12 करोड़ रुपये होगी. यह पूल मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत सत्यम कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 16 माह में इसका निर्माण किया जाएगा.

**2 दर्जन गांवों को मिलेगा लाभ**

पोटका प्रखंड के कई गांव इस पूल निर्माण से सीधे ठल्र-33 से जुड़ जाएंगे और उड़ीसाझ्रपश्चिम बंगाल से आसान संपर्क मिलेगा. गाँव जैसे तिलमुड़ा, चातरो, आसनबनी, बीरग्राम, दोड़कासाई, बनगोड़ा, कुलडीहा समेत पोटका और आस पास के लोगो को इससे लाभ मिलेगा वही दूसरी तरफ घाटशिला प्रखंड के कई ऐसे गांव है जो जमशेदपुर से आसान कनेक्टिविटी पाएंगे जिनमे कुलियाना, बीरीगोड़ा, पैरागुड़ी, दारीसाई, बड़ा खुर्सी, आमचूड़िया शामिल है.

इस शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के पोटका प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, झारखंड आंदोलनकारी सुनील महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य चन्द्रावती महतो, हितेश भगत, चक्रधर महतो, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पटना पुलिस ने किया यस बैंक के एटीएम के साथ छेड़छाड़ व लूट की प्रयास मामले में एक को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के अनीसाबाद में स्थित येस बैंक के एटीएम में 4 से 5 बदमाश घुस गए और मशीन से रुपए निकालने का प्रयास करने लगे। उनकी यह कोशिश सफल होने से पहले ही बैंक की निगरानी प्रणाली ने गतिविधि को पकड़ लिया और पुलिस को समय रहते सूचना दे दी गई। इस तेजी से हुई कार्रवाई के कारण एक आरोपी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे। घटना शुक्रवार की सुबह लगभग तीन बजे की बताई जाती है जब बदमाशों ने एटीएम के भीतर घुसकर मशीन को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की। इन लोगों ने मशीन के पैनल और सीसीटीवी को नुकसान पहुँचाया ताकि उनकी गतिविधि रिकॉर्ड न हो सके। येस बैंक की निगरानी टीम ने एटीएम से असामान्य गतिविधि का इनपुट मिलते ही तुरंत ब्रांच मैनेजर और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुँची। जब पुलिस एटीएम के पास पहुंची, तब बदमाश भागने की फिराक में थे। पुलिस को देखते ही उनमें अफरातफरी मच गई। एक आरोपी को तो पुलिस ने वहीं पकड़ लिया, लेकिन बाकी चार साथी तेजी से भाग निकले। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी की पहचान महुआबाग निवासी विकास कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार होने के बाद उसने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि इस घटना में उसके साथ ब्रजेश गोप, हॉर्लिक्स गोप, रंगदार गोप, कुंदन यादव, मोनू राय और राजत सरकार शामिल थे। विकास का कहना है कि इन सभी ने उसे खोजा इमली के पास शराब पिलाई और फिर योजना बनाकर एटीएम लूटने के लिए उसे साथ ले गए। उसके अनुसार पूरी योजना बड़े समूह ने मिलकर बनाई थी। आरोप यह भी है कि साथी बदमाशों ने विकास को सबसे पहले एटीएम के अंदर भेजा और बाहर से निगरानी करते रहे। जब पुलिस की गाड़ी वहां पहुंची, तो सभी साथी बाहर से दरवाजा बंद कर भाग निकले, जिसके कारण वह मशीन के भीतर ही फंस गया और पकड़ा गया। घटना के बाद ब्रांच मैनेजर भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि



एटीएम के अंदर स्पष्ट रूप से तोड़फोड़ की गई है। मशीन के कई हिस्से क्षतिग्रस्त मिले हैं और सीसीटीवी कैमरों के तार काटे गए हैं। हालांकि, कितने का नुकसान हुआ है, इसका मूल्यांकन फिलहाल किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज को पुनः प्राप्त करने की कोशिशें भी जारी हैं ताकि फरार बदमाशों की पहचान स्पष्ट रूप से हो सके। पुलिस ने मौके से मिले कई तकनीकी साक्ष्य जब्त किए हैं और आरोपी विकास के बयान के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने महुआबाग सहित आसपास के इलाकों में छापेमारी तेज कर दी है। चूंकि सभी आरोपी एक ही इलाके के हैं, इसलिए पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही सभी की गिरफ्तारी संभव होगी। विकास ने अपने बयान में यह भी दावा किया है कि भागने के दौरान उसके साथियों ने उस पर चाकू से हमला किया, जिसके कारण उसका हाथ घायल हो गया। इसका उद्देश्य शायद पुलिस की पकड़ से बचना और पूरी जिम्मेदारी विकास पर डाल देना था। पुलिस इस दावे की भी जांच कर रही है कि हमला वास्तव में हुआ या आरोपी द्वारा बचाव में दिया गया बयान है।

# हेमंत सरकार के आने से बच्चों का भविष्य खतरे में : दीपू अग्रवाल

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो/ डुमरी : डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नावाडीह सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ने सरकार पर लगाया गंभीर आरोप। उन्होंने कहा कि झारखंड में दूसरी बार हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद भी यहां के छात्र-छात्राओ को छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिल पा रही है। नए सत्र को आठ माह गुजरने को चला और अबतक स्कूली छात्र/छात्राओ को पोशाक की राशि नहीं मिली है। वही बच्चे पुराने फटे स्कूल ड्रेस पहन व ठंड में बगैर स्वेटर पहने स्कूल जाने को वेवश है। अग्रवाल ने यह भी बताया की बीते दो सालों से छात्र-छात्राओ को छात्रवृत्ति नहीं मिलना विद्याथीयों के समक्ष आर्थिक संकट नहीं बल्कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। छात्र-छात्राएं गांव से शहर जाकर भाड़े के कमरा में रहकर पढ़ाई करते है। अंतिम सेमेस्टर में पढ़ रहे छात्रों के पास फीस नहीं रहने पर उन्हें रजिस्टेशन से वंचित रखा जा रहा है। जिससे कई छात्र-छात्राएं मानसिक तनाव में है और उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही अग्रवाल ने कहा कि छात्रों को इंसाफ दिलाने व राज्य सरकार से उन्हें समय पर छात्रवृति राशि मुहैया कराने को आजसू की ओर से शिक्षा के लिए भिक्षा मार्च की शुरूआत की गई है।



# हाइलाकांडी में बीजेपी टिकट की दौड़ तेज, समाजसेवी आशु ग्वाला सबसे चर्चित दावेदार

## गुवाहाटी के वाजपेई भवन में प्रदेश सभापति दिलीप सैकिया से की मुलाकात

**श्रीभूमि संवाददाता, समाज जागरण**

आगामी 26वें विधानसभा चुनाव को देखते हुए हाइलाकांडी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट के लिए दावेदारी की राजनीति जोर पकड़ने लगी है। इस दौड़ में सबसे अधिक चर्चा समाजसेवी आशु ग्वाला के नाम की है, जो लगातार जनसंपर्क व समाज सेवा के बल पर एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहे हैं।



इसी क्रम में शुक्रवार, 28 नवंबर को आशु ग्वाला गुवाहाटी स्थित वाजपेई भवन पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा असम प्रदेश के सभापति दिलीप सैकिया से मुलाकात कर आधिकारिक रूप से टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश की। साक्षात्कार के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वाजपेई भवन में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के साथ विस्तृत बातचीत की और हाइलाकांडी से भाजपा के संभावित उम्मीदवार के रूप में अपनी मंशा सामने रखी।

बैठक के दौरान प्रदेश सभापति दिलीप सैकिया ने उन्हें सलाह देते हुए कहा कि निरंतर मैदान में रहकर जनता से संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें और समाधान के लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने बताया कि पार्टी समय आने पर सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करेगी और उपयुक्त निर्णय लेगी।

आशु ग्वाला ने कहा कि समाज के लोग ही मेरी ताकत हैं। वे मुझे पसंद करते हैं और उन्हीं के विश्वास के साथ मैं हमेशा जनता के बीच रहना चाहता हूँ। यदि पार्टी मुझे जिम्मेदारी देती है, तो मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊँगा। उन्होंने आगे कहा कि विकास, पारदर्शिता और स्थानीय लोगों की समस्याओं के सही समाधान को वह अपना मुख्य लक्ष्य बनाएंगे।

हाइलाकांडी क्षेत्र में आशु ग्वाला की सक्रियता और जनसंपर्क को देखते हुए राजनीतिक हलकों में उनकी दावेदारी को मजबूत माना जा रहा है। आगामी दिनों में टिकट चयन प्रक्रिया के दौरान भाजपा किस पर भरोसा जताती है, इस पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।

# सोनबिल-सिंघुआ फुलतली में बोरे में मिला युवक का शव, क्षेत्र में दहशत

## परिवार ने लगाई सुनियोजित हत्या की आशंका, दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

**श्रीभूमि संवाददाता, समाज जागरण**

श्रीभूमि जिले के सोनबिलझसिंघुआ फुलतली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक बोरे में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय शरीफ उद्दीन पुत्र स्व. इसरफ अली, निवासी सोनबिल, के रूप में हुई है। शव पुल के पास बोरे में बंद अवस्था में मिलने के बाद देखते ही देखते सैकड़ों लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए।

परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, शरीफ उद्दीन कोटिंग और गद्दा फेरी का काम करता था। बीती रात लगभग नौ बजे एक पड़ोसी के फोन पर वह घर से बाहर निकला, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिवार ने रात भर खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।



सुबह स्थानीय लोगों ने पुल के पास संदिग्ध बोरा देखा, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। रामकृष्णनगर थाना और कालीबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और बोरा खोलने पर अंदर से शरीफ उद्दीन का शव बरामद हुआ। परिजनों ने मौके पर शव की पहचान की। परिवार ने हत्या को पूर्वनियोजित बताया है। मृतक की पत्नी रीना बेगम का आरोप है कि एक स्थानीय व्यक्ति दिनभर उससे मिलने की कोशिश कर रहा था और उसी ने रात को फोन कर घर से बुलाया। सिर और गर्दन पर गहरे धारदार हथियार के निशान यह दर्शाते हैं कि हत्या बेहद तरीके से की गई है। परिजनों का कहना है कि सबूत मिटाने के लिए शव को गांव से दूर लाकर फेंका गया।

घटना की जानकारी मिलते ही आनंदपुर जीपी के समाजसेवी जयदेव दास, बुद्ध दास, बिजित दास, मिसबाहुल रहमान, ताज उद्दीन सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना को जघन्य हत्या बताते हुए पुलिस प्रशासन से तुरंत और निष्पक्ष जांच की मांग की।

स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है और सभी दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कठोर सजा की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

# समिति प्रबंधक के इशारे पर चल रहा पटेहरा सहकारी बैंक

## सीईओ पर लग रहे दलाल के माध्यम से धन वसूली के आरोप

**समाज जागरण**

सीधी। जिला सहकारी बैंक सीधी अपने नए नए कारनामे को लेकर हमेशा सुर्खियों में बना रहता है, अब इस बैंक की चर्चा कर्मचारियों से बेजा वसूली को लेकर हो रही है। नाम न छापने की शर्त पर सीधी एवं सिंगरौली जिले के पीड़ित बैंक कर्मियों ने बताया कि सीधी जिले के पटेहरा समिति प्रबंधक द्वारा कागजी कार्रवाई का भय दिखाकर मनमानी वसूली सीईओ के नाम पर की जा रही है।

उल्लेखनीय हैं कि जिला सहकारी बैंक सीधी की स्थिति बैंकिंग रूप से अच्छी नहीं है, लेकिन इसकी स्थिति को सुधारने के बजाय जो भी जिम्मेवार आता हैं बैंक की ओर ध्यान देकर अपने ओर ध्यान देने लगता है, यही वजह है कि लगातार गिरी रही बैंक की छवि सुधरने का नाम नहीं ले रही है। इन दिनों तो और भी मजे की बात सामने निकल कर आ रही है, जहां बैंक सीईओ ने बेजा वसूली को लेकर एक कर्मचारी को ही नियुक्त कर दिया है। नवागत सीईओ के आने के बाद लोगों को कुछ अच्छा होने की उम्मीद थी लेकिन यहां तो पहले से भी हालात खराब नजर आ रहे हैं। आरोप है कि जिस बैंक कर्मचारी द्वारा दलाल के आदेश का पालन नहीं किया जाता है उसको स्थानांतरण की धमकी भी दी जाती है।

**चुरहट में भी चल रहा खेल**

जिला सहकारी बैंक सीधी अंतर्गत संचालित चुरहट शाखा में भी उलट पलट का खेल चल रहा है, सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार चुरहट बैंक शाखा में पदस्थ शाखा प्रबंधक द्वारा अपने भाई को एक और समिति का प्रभार दिलाने के लिए सीईओ के दलाल से सेटिंग जमाई जा रही है, बताया गया है कि शाखा प्रबंधक शेर बहादुर सिंह द्वारा अपने भाई सुभाष सिंह जो बड़खरा समिति प्रबंधक के पद पर पदस्थ हैं उन्हें अब बड़खरा समिति के साथ साथ चुरहट समिति का प्रभार दिलाने की जुगुत में लग गए हैं। सूत्रों की मानें तो सीईओ के लिए धन वसूली का कार्य करने वाले समिति प्रबंधक ने इस कार्य को कराने के लिए प्रयास शुरू कर दिया है, अगर इस ओर समय रहते कलेक्टर द्वारा ध्यान नहीं दिया गया तो जल्द ही सुभाष सिंह को बड़खरा के साथ साथ चुरहट समिति का प्रभार मिल जाएगा।

# बेबस परिवारों को सहारा: कुटीर उद्योग पुनर्जीवित करने में पूर्व एडीसी नीलमणि दास की आर्थिक मदद

## मानवता की मिसाल बन रहे पूर्व प्रशासनिक अधिकारी

**समाज जागरण**

श्रीभूमि। श्रीभूमि जिले के पाथारकांडी विधानसभा क्षेत्र स्थित फाकुआ गांव के मेहनतकश युवक दीपक दास पुरकायस्थ को कुटीर उद्योग पुनः स्थापित करने हेतु पूर्व एडीसी एवं समाजसेवी नीलमणि दास ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। पारिवारिक जिम्मेदारियों और आर्थिक तंगी के कारण बंद हुई दीपक की दालमूट फैक्ट्री अब फिर से शुरू होने की उम्मीद है।



दीपक दास पुरकायस्थ ने जानकारी दी कि उन्होंने वर्ष 2019 में स्वयं के प्रयास से 70 हजार रुपये लगाकर यह कुटीर उद्योग शुरू किया था। वह परिवार के अकेले कमाने वाले सदस्य थे, लेकिन घर के खर्च, चिकित्सा जरूरतों और आर्थिक दबाव के चलते उन्हें फैक्ट्री बंद करनी पड़ी। इसी बीच उनके पिता, जिन्होंने विश्वकर्मा परियोजना के तहत पीएनबी फाकुआ शाखा से 1 लाख रुपये का ऋण लिया था, का निधन हो गया, जिससे दीपक पूरी तरह निराश हो गए।

फाकुआ गांव के निवासी प्रताप नमःशूद्र की मदद से दीपक, समाजसेवी नीलमणि दास के संपर्क में आए। पूर्व एडीसी ने न केवल सिलचर मेडिकल कॉलेज से आवश्यक डेथ सर्टिफिकेट प्राप्त कराने में सहायता की, बल्कि 27 नवंबर को अपने आवास पर दीपक को व्यक्तिगत रूप से आर्थिक मदद भी दी, जिससे बंद पड़ी दालमूट फैक्ट्री को फिर से जीवित किया जा सके।

पूर्व एडीसी नीलमणि दास इससे पहले भी कई जरूरतमंद परिवारों की मदद कर चुके हैं। नगेंद्र नगर गांव के बिज्जरपाटे परम आनंद दास की मृत्यु के बाद उन्होंने उनकी पत्नी आरती दास को 08 दिसंबर 2022 को सरकारी मुआवजे के रूप में 4 लाख रुपये दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मामले का मेमो नंबर KRR38/Lightning/Pt/2022/13-A /2022/13-अ तथा खाता संख्या 1363010232586 दर्ज है।

इसके अलावा उन्होंने रामकृष्णनगर व पाथारकांडी विधानसभा क्षेत्र के फकुआ-नया नवीन गांव-बाजार फकुआ के तीन गांवों के लगभग 250 परिवारों की बड़ी समस्या दूर करने में सहयोग देते हुए डिफॉल्ट ट्रांसफॉर्मर बदलवाने में भी अहम योगदान दिया। क्षेत्रवासियों ने उनके इस मानवीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।

# विद्युतगृह चचाई में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

## ड्यूटी के दौरान सोते सुरक्षा गार्ड का वीडियो वायरल, अधिकारियों पर गंभीर आरोप

**समाज जागरण**

अनूपपुर। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में तैनात एक सरकारी सुरक्षा गार्ड का ड्यूटी के दौरान सोते हुए बनाया गया वीडियो वायरल होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो के साथ कई आरोप भी सामने आए हैं, जिनमें ड्यूटी के दौरान शराब सेवन, अन्य सैनिकों से शराब की मांग, और अधिकारियों द्वारा निजी सुरक्षाकर्मियों से 18 से 24 घंटे तक लगातार ड्यूटी करवाने जैसी बातें शामिल हैं

आरोपों के अनुसार सुरक्षा अधिकारी रामनारायण राठौर और सुपरवाइजर रामनिवास राठौर (भूतपूर्व सैनिक) पर जवानों के साथ दुर्व्यवहार, ब्लैकमेलिंग तथा शराब उपलब्ध न कराने पर नौकरी से निकालने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। कहा जा रहा है कि इन उत्पीड़नपूर्ण परिस्थितियों के कारण पिछले दो वर्षों में 40 से अधिक सुरक्षाकर्मी नौकरी छोड़ चुके हैं, जिनमें सुपरवाइजर संजय पांडे और अन्य कर्मचारी भी शामिल हैं

सूत्रों के अनुसार सुरक्षा अधिकारी रामनारायण राठौर पर पिछले वर्ष एक महिला कर्मचारी ने उत्पीड़न का आरोप लगाकर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं सुपरवाइजर रामनिवास राठौर पर नियम विरुद्ध 24 घंटे लगातार ड्यूटी करने, ड्यूटी के दौरान सोने और खाने-पीने का आरोप है, जिससे अन्य कर्मचारियों को कार्य निष्पादन में कठिनाई होती है

सुरक्षा इंचार्ज पर पहले भी प्लांट में चोरी की घटनाओं में मिलीभगत के आरोप लग चुके हैं। कर्मचारियों के मुताबिक, अधिकारी अक्सर यह कहते सुने गए कि उनकी जबलपुर तक ऊँची पकड़ है, इसलिए उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा–जिससे जवानों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ऐसे मामलों की वजह से सेवानिवृत्त सैनिकों की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और नए प्लांट की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं

इस संबंध में सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार कनौजिया ने कहा,
ह्लहमें इस मामले की जानकारी नहीं थी। आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा कर्मियों से 18 से 24 घंटे ड्यूटी कराई जाती है, जिसका कोई मानदेय नहीं होता। फिर भी हम पूरी जांच कराएंगे

घटना के बाद कर्मचारियों ने उच्च प्रबंधन से उचित कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की है

# यातायात माह के अंतर्गत रिक्रूट आरक्षियों को यातायात नियमों की दी गई महत्वपूर्ण ट्रेनिंग

समाज जागरण

श्रावस्ती, 28 नवंबर 2025: पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 01 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक चलाए जा रहे यातायात माह के अंतर्गत आज जनपद श्रावस्ती में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती श्री राहुल भाटी के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम और क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में रिजर्व पुलिस लाइन श्रावस्ती में आयोजित किया गया।



### रिक्रूट आरक्षियों को दी गई विशेष जानकारी

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी यातायात श्री मोहम्मद शमीम द्वारा आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को– यातायात माह का महत्व, यातायात नियम, सड़क सुरक्षा मानक, दुर्घटना रोकथाम, जागरूकता की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### राह–वीर योजना पर भी दी गई जानकारी

इस दौरान शासन द्वारा संचालित राह-वीर योजना की जानकारी भी दी गई। आरक्षियों को बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने पर नागरिकों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है।

### सड़क सुरक्षा से जुड़े मुख्य संदेश

प्रभारी यातायात ने रिक्रूट आरक्षियों को निम्न नियमों का पालन और पालन कराने पर जोर दिया–

दोपहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनें

चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएँ

तेज गति और ओवरटेकिंग से बचें

नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाएँ

सड़क पर पैदल चलने वालों के अधिकारों का सम्मान करें

पंपलेट वितरित और शपथ दिलाई गई

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रशिक्षुओं को यातायात जागरूकता से जुड़े पंपलेट वितरित किए गए और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

### कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी

इस मौके पर–

टीएसआई विनोद कुमार, मु0आ0 रणविजय सिंह, मु0आ0 प्रदीप कुमार, आ0 आजाद यादव, आरटीसी प्रभारी श्री राम प्रसाद यादव अन्य प्रशिक्षक, भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी समय में नियुक्त होने वाले आरक्षियों को जिम्मेदार और नियमों का पालन कराने वाले यातायात प्रहरी के रूप में तैयार करना है।

# सार्वजनिक शौचालय की शर्मसार करती कार्य प्रणाली

## (तैनात कर्मचारी द्वारा महिला और पुरुष दोनों को, एक ही शौचालय का साथ कराया जा रहा प्रयोग)

लोनी, 28 नवंबर: नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थित लोनी के रामलीला मैदान का स्वच्छ शौचालय सभी नियम कायदों को तार-तार करता नजर आ रहा है। यहां जर्जर हालत हुये इस शौचालय पर तैनात कर्मचारी द्वारा यहा पुरुष भाग में ही महिला और पुरुष दोनों के लिए प्रयोग करने की खुली छूट दी गई है. जिसे प्रति व्यक्ति अपनी तय वसूली करने से मतलब है। अफसोस की बात तो यह है कि जहा शौचालय का कर्मचारी सभी को शर्मसार कर देने वाली ऐसी हरकत से बाज नहीं आ रहा है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की शर्मनाक कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े होते है।




### महिला उत्पीड़न का होता है खतरा

इस बात को भला कैसे भूलाया जा सकता हैं कि पुरुषों और महिलाओं को एक ही शौचालय में भेजने से महिलाओं की सुरक्षा और निजता खतरे में पड़ती है। उन्हें उत्पीड़न का शिकार होने का डर हो सकता है। मगर लगता है जिम्मेदारों को ऐसी किसी अनहोनी का इंतजार है।

### गोपनीयता का हो रहा उल्लंघन

सार्वजनिक शौचालय की गोपनीयता बनी रहनी चाहिए, लेकिन जब विपरीत लिंग के लोग एक साथ शौचालय का उपयोग करते हैं, तो यह भंग हो सकती है।

### नियम और जिम्मेदारियां

सार्वजनिक सुलभ शौचालय के रखरखाव की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है, और उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शौचालयों का सही ढंग से उपयोग और उनके संचालन से संबंधित नियमों का ठीक से पालन हो रहा है या नहीं यह देखना उनकी जिम्मेदारी होती है। वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों की भूमिका शौचालय की साफ-सफाई और स्वच्छता के साथ-साथ उसके प्रयोग से संबंधी नियमों का पालन करना भी उसकी जिम्मेदारी बनती है।

इस तरह तमाम बातों पर गौर करे तो उक्त शौचालय पुरुषों और महिलाओं को एक साथ भेजना और मनमाने ढंग से शुल्क वसूलना, महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए गंभीर सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी चिंताएं पैदा करता है। यह स्थिति विशेष रूप से महिलाओं के लिए असुरक्षा बढ़ाती है क्योंकि वे यौन उत्पीड़न और असुरक्षित महसूस कर सकती हैं। ऐसी अनियमितताओं को दूर करने के लिए, शौचालयों के रखरखाव और संचालन के लिए संबंधित विभागीय जिम्मेदारो को उचित देखरेख करनी चाहिए और वहां के नियमों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। मगर नागरिकों का आरोप है कि इस संदर्भ में कई बार शिकायत करने के बावजूद आज तक किसी भी संबंधित विभागीय अधिकारी के कानों पर जू तक नहीं रेंगी है।

# लाखन आर्मी टीम ने पासी समाज में शिक्षा और एकता पर जोर देते हुए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

समाज जागरण

श्रावस्ती, 29 नवंबर 2025: जनपद श्रावस्ती के विकासखंड हरिहरपुर रानी ग्राम लक्ष्मनपुर कोठी में लाखन आर्मी टीम द्वारा पासी समाज के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में लाखन आर्मी टीम के जिला संरक्षक विश्राम पासी ने कहा कि समाज के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बच्चा तभी आगे बढ़ सकता है जब वह पढ़ेगा। उन्होंने पासी समाज में एकता बनाए रखने और सरकारी व गैर-सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर भी जोर दिया।



ओंकार नाथ चौधरी ने बताया कि पासी बाहुल्य गांवों में ऐसे जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे ताकि समाज रोजगार, व्यापार और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय बने।

जिलाध्यक्ष विद्याराम पासी ने कहा कि समाज में जागरूकता फैलाना और अपने इतिहास को जानना भी जरूरी है। वहीं, देवी पाटन मंडल गोंडा के संगठन महामंत्री चिंता राम पासी ने कहा कि बच्चों को शिक्षित बनाना समाज की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में राम किशुन पासी सहित अनेक सक्रिय सदस्यों और सैकड़ों पासी समाज के लोगों ने भाग लिया।

# जहरीला धुआं उगलती अजंता फैक्ट्री, आसपास बसे ग्रामीणों के लिए बनी जानलेवा बीमारी का कारण

समाज जागरण

लोनी, 28 नवंबर: क्षेत्र में जहरीला धुआं उगल रही प्रदूषित इकाइयां आसपास बसे गांव के लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा बन गई है। गांव अगरौला सहित आसपास के कई गांव निकट में संचालित अजंता फैक्ट्री से निकल रहे जहरीले धुएं और दूषित पानी के कारण गंभीर बीमारी की चपेट में आते जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस फैक्ट्री का धुआं कैंसर जैसी घातक बीमारी सबब बनता जा रहा है।



गांव के लोगों का कहना है कि फैक्ट्री का काला जहरीला धुआं हवा में फैलकर सांस संबंधी बीमारियों, एलर्जी, फेफड़ों के संक्रमण और कैंसर जैसी घातक बीमारियों को न्योता दे रहा है। जबकि फैक्ट्री से निकलने वाला बदबूदार दूषित पानी भूजल को दूषित कर रहा है जिससे पीने योग्य स्वच्छ पानी की गुणवत्ता भी लगातार प्रभावित हो रही है।

### ग्रामीणों का प्रशासन पर अनदेखी का आरोप

गांव के लोगों का आरोप है कि: लोनी पुलिस, नगरपालिका परिषद लोनी, प्रदूषण नियंत्रण विभाग सभी को इस समस्या की जानकारी होने हैं. मगर इसके बावजूद आजतक उक्त इकाई के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार फैक्ट्री मालिक अपनी दबंगता और पैसों के बल पर शिकायतों को दबाने के प्रयास में लगा है।

गांव में रहने वाले एक युवक सतेन्द्र गूर्जर का कहना है कि हमारे गांव में लोग बीमार हो रहे हैं, बच्चों और बुजुर्गों की हालत खराब है, लेकिन विभाग आंखों पर पट्टी बांधे बैठा है। शिकायत करने पर हमें डराने-धमकाने के साथ-साथ किसी फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

### कैंसर के कारण कई समा चुके काल के गाल में

गांव में कई ऐसे परिवार हैं जिनमें पिछले कुछ वर्षों में कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के मामले तेजी से बढ़े हैं। इलाज में लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी कई लोग कल के गाल में समा चुके हैं।इससे ग्रामीणों के बीच लगातार भारी रोष और चिंता बढ़ती जा रही है।

रोषित ग्रामीणों ने अपनी कुछ विभिन मांगे उठाई है जिनमें: फैक्ट्री को तत्काल बंद किया जाए, पर्यावरण जांच करवाई जाए, पीड़ित परिवारों को चिकित्सा सहायता और आर्थिक मदद मिले, तथा जिम्मेदार अधिकारियों और फैक्ट्री संचालकों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो, शामिल है। अगरौला के ग्रामीणों ने आसपास के सभी गांवों और समाज के लोगों से अपील की है कि: यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की है। कृपया साथ दें। हमें पैसे नहीं, समर्थन चाहिए। हमारे गांव के लोगों को इस तरह मरने मत दो।

यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, तो गांव अगरौला और आसपास के क्षेत्र प्रदूषण की चपेट में आकर गंभीर स्वास्थ्य संकट में फंस जाएंगे। प्रशासन की निष्क्रियता और प्रदूषण का यह मिलाजुला प्रभाव भविष्य में एक बड़े जन-स्वास्थ्य संकट की ओर इशारा कर रहा है।

# लोनी में सभी रिकॉर्ड तोड़ती जहरीली हवा, नागरिकों के लिए बना जानलेवा खतरा

समाज जागरण

लोनी, 28 नवंबर: लोनी क्षेत्र का प्रदूषित वातावरण अपने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ता जा रहा है। जहरीली हवा लोगों को विभिन्न भयावह बीमारियों की चपेट में लेती जा रही है। सूत्रनुसार मौजूदा वायु गुणवत्ता सूचकांक अदक 471 दर्ज हुआ, यानिकि साफ संकेत है कि यहां की हवा अब सिर्फ प्रदूषित नहीं, बल्कि सीधी जानलेवा हो चुकी है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण फेफड़ों और दिल पर सीधे हमलावर हैं। सुबह के समय धुएं और धूल की इतनी मोटी परत दिखती है कि लोगों को घर से निकलते समय पहले यह अनुमान लगाना भी मुश्किल हो जाता है कि मौसम खराब है या हवा। हालात ऐसे हैं कि कुछ लोग मकान की खिड़कियां बंद किए बैठे रहते हैं क्योंकि खुली हवा में भी बीमारी घुली होने का खतरा बना रहता है।



दरअसल लोनी में प्रदूषण बढ़ते की बात पर गौर करें तो इसके विभिन्न कारण है. जिनमें बिना अनुमति चल रहीं फैक्ट्रियां और छोटे औद्योगिक प्लांट, जगह-जगह बिखरी निर्माण सामग्री, कचरा जलाने की बढ़ती घटनाएं, वाहनों का लगातार बढ़ता दबाव और जाम आदि शामिल है. जो हवा को दूषित और जहरीला बनाने का काम कर रहे है।

### नगरपालिका द्वारा पानी छिड़काव शून्य के माफिक

नगरपालिका की ओर से किए जा रहे सड़क पर पानी छिड़काव की बात कर तो उनकी यह प्रक्रिया लोगों की नजर में सिर्फ दिखावटी बनकर रह गई है। लोनी पोस्ट चौकी से लोनी बॉर्डर तक लंबी सड़क धूल में लिपटी हुई नजर आती है। यहां धूल को रोकने के लिए सिर्फ फोटो खिंचवाने वाली कार्रवाई होती नजर आती है।

### डॉक्टरों के चेतावनी भरे सुझाव

क्षेत्र के मौजूदा प्रदूषित हालातो को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से चेतावनी भारे संदेश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि बिना जरूरत घर से बाहर न निकलें, बाहर निकलते समय मानक मास्क पहनें, सांस लेने में परेशानी, लगातार खांसी या सीने में दबाव महसूस हो तो तत्काल अस्पताल जाएं, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और बच्चे प्रदूषण वाले स्थानों से दूर रहें।

### क्षेत्र में जन आक्रोश, प्रदूषण इकाइयों पर रोक लगाने की मांग

आगाज सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष हेमा सिंह ने कहा कि प्रशासन अगर अब भी नहीं जागा तो आने वाले समय में स्थिति और भयावह हो सकती है। उन्होंने प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों पर कड़ी कार्रवाई, निरंतर निगरानी और प्रदूषण नियंत्रण मशीनरी बढ़ाने की मांग पर जोर दिया हैं। उन्होंने कहना कि लोनी की हवा अब चेतावनी से आगे बढ़कर दुःखद सच्चाई बन चुकी है। प्रदूषण सिर्फ मौसम नहीं बिगाड़ रहा, बल्कि सीधे लोगों की जीवनशैली और स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है।

यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाला समय लोनी के लिए सिर्फ धुंध भरा नहीं, बल्कि खतरनाक और बीमारी से ग्रस्त होने की बात को नकारा नहीं जा सकता।

# जोरकहू पिकनिक स्पॉट विकास से महरूम, प्राकृतिक खूबसूरती के बाद भी नहीं मिल पा रहा पहचान

समाज जागरण

दुद्धी/ सोनभद्र। प्रकृति की गोद में बसे दुद्धी ब्लॉक का चर्चित जोरकहू पिकनिक स्पॉट अपनी अद्भुत सुंदरता के बावजूद आज भी विकास की राह देख रहा है। चारों ओर फैली घनी हरियाली, बीच में कलकल बहती कनहर नदी, दूर तक नजर आने वाली पहाड़ियां–ये मनमोहक दृश्य हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। परिवारों, नौजवानों और पर्यटकों के लिए यह स्थान सुकून और प्राकृतिक आनंद का प्रमुख ठिकाना बन चुका है।

हर दिन सैकड़ों लोग यहां पहुँचकर नदी के बीच बड़ी चट्टानों पर बैठकर फोटोग्राफी, घूमने-फिरने और परिवार संग समय बिताकर यादगार पल संजोते हैं। आसपास फैले घने जंगल और चहकते पक्षी इस स्थल को और भी रोमांचक बना देते हैं। महुली, दुद्धी और आसपास के कस्बों से लोग छुट्टी और पिकनिक का भरपूर आनंद लेने यहाँ पहुँचते हैं।



प्राकृतिक सौंदर्य अद्वितीय, लेकिन सुविधाएँ नदारद: इतनी खूबसूरती होने के बावजूद जोरकहू आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पिछड़ा हुआ है। यहां बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा और साफझसफाई जैसी न्यूनतम सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं।

पर्यटकों का कहना है कि अगर प्रशासन इस स्थल को विकसित करे तो यह पूरा इलाका पर्यटन की नई पहचान बन सकता है।

क्षेत्र की बड़ी संभावनाएँ, पर ध्यान नहीं: कनहर नदी के तट पर बसे इस पिकनिक स्पॉट में प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है, लेकिन इसके बावजूद यह क्षेत्र व्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में पहचान नहीं बना पा रहा। इसके विकास से न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि दुद्धी और आसपास का आर्थिक ढाँचा भी मजबूत होगा।

स्थानीय लोग बोले– विकास हो तो बदलेगी तस्वीर: स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में खेती की संभावनाएँ सीमित हैं, ऐसे में पर्यटन ही यहां रोजगार का बड़ा साधन बन सकता है। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द जोरकहू पिकनिक स्पॉट को विकसित करने पर कार्यवाही करे, ताकि इस सुंदर स्थल को उचित पहचान मिल सके। प्रकृति ने तो जोरकहू को हर सौंदर्य दिया है, अब बारी है प्रशासनिक ध्यान की–तभी यह स्थान पर्यटन का चमकता सितारा बन सकेगा।

# "चंद्रशेखर आजाद पार्क में धार्मिक अतिक्रमण का बड़ा विवाद – वीर भूमि का स्वरूप बदलने की कोशिश ?"

## "वीरगति स्थल पर बनी कथित मजार से सनातनी समाज में रोष – क्या क्रांतिकारियों की पवित्र धरती पर 'लैंड ग्रैब' ?"

**विशेष रिपोर्ट: राहुल पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार – नई दिल्ली**

प्रयागराज। जहाँ अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद ने अंग्रेजी हुकूमत से आखिरी सांस तक लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान न्योछावर की थी, वही ऐतिहासिक भूमि आज एक बड़े विवाद के केंद्र में है। पार्क के भीतर एक कथित मजारनुमा ढाँचे के उभरने, धार्मिक गतिविधियों के बढ़ने और खुले तौर पर होने वाली सभाओं को लेकर स्थानीय समाज में गुस्से की लहर है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में दिखता है कि जहाँ आजाद ने अंतिम गोली चलाने का निर्णय लिया था, उसी हिस्से के आसपास अब कव्वाली जैसी धुनें, दरी-बिछी धार्मिक बैठकें और एक अनधिकृत संरचना उभर आई है।

लोगों का आरोप है कि यह सिर्फ. अतिक्रमण नहीं बल्कि देश के वीरों की स्मृति का अपमान और ऐतिहासिक विरासत को तोड़ने की चाल है।

*सनातनी और राष्ट्रवादी संगठनों की प्रतिक्रिया:*

### "वीरों की धरती को कमाई का अड्डा नहीं बनने देंगे"

कई राष्ट्रवादी संगठनों ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा–

"जहाँ क्रांति के महानायक ने अपने प्राणों की आहुति दी, वहाँ इतिहास-विरोधी किसी भी ढाँचे को खड़ा करने की इजाजत कैसे दी जा सकती है?"

### सोशल मीडिया पर यह चर्चा भी तेज है कि–

"जब पाकिस्तान भगत सिंह को आतंकवादी घोषित कराने की लड़ाई अपनी सुप्रीम कोर्ट में लड़ रहा है, तो क्या भारत के अंदर भी उसी मानसिकता वाले तत्व क्रांतिकारियों की धरती पर कब्जे की कोशिश में लगे हैं?"

लोग इसे 'लैंड जिहाद मॉडल' बताते हुए कहते हैं कि यदि वीरों की धरती पर ऐसे निर्माण प्रारम्भ हुए, तो यह न सिर्फ. इतिहास के साथ छेड़छाड़ होगी बल्कि सनातन आस्था पर भी प्रहार होगा।



### सुदर्शन न्यूज के संचालक सुरेश चव्हाणके का बयान

सुदर्शन न्यूज के संचालक सुरेश चव्हाणके ने इस विवाद पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा–

"चंद्रशेखर आजाद की पवित्र भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण भारत की आत्मा पर हमला है। यह सिर्फ. पार्क नहीं, यह क्रांतिकारियों का पुण्य-स्थल है। ऐसी हर कोशिश को राष्ट्रीय स्तर पर बेनकाब करना हमारा धर्म और कर्तव्य है।"

### उन्होंने आगे कहा कि–

"देश की वीरभूमियों पर मजार बनाने का यह पैटर्न नया नहीं है, यह एक संगठित रणनीति की तरफ संकेत करता है। सरकार को तुरन्त हस्तक्षेप कर इस स्थान को राष्ट्र स्मारक घोषित करना चाहिए।"

### स्थानीय लोगों का आरोप: "पार्क का माहौल बदल गया"

**स्थानीय नागरिक बताते हैं कि:**

* शुरूआत धार्मिक धुनों से हुई,
* फिर दरी बिछाकर सभाएँ शुरू हुईं,
*

अब धीरे-धीरे एक संरचना खड़ी हो गई है।

हालाँकि प्रशासन की ओर से अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जनता चिंतित है और शहर में यह मामला सबसे बड़ी चर्चा का विषय बन चुका है।

प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की माँग

इतिहासकारों, सामाजिक संगठनों और राष्ट्रवादी समूहों ने माँग की है कि प्रशासन तुरंत–

* स्थल का सीमांकन करे
* निर्माण की वैधता की जाँच करे
* सभी गतिविधियों पर रिपोर्ट जारी करे
* पार्क की मूल स्थिति बहाल करे

उनका कहना है कि यह भूमि पूर्णतः सरकारी और विशेष रूप से राष्ट्रीय धरोहर है, जहाँ किसी भी प्रकार का धार्मिक या निजी निर्माण स्पष्ट रूप से अवैध है।

### ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा पर बढ़ती राष्ट्रीय चिंता

अयोध्या, काशी, मथुरा जैसे संवेदनशील धार्मिक मुद्दों के बाद अब स्वतंत्रता संग्राम के वीरों से जुड़े स्थलों पर भी विवाद खड़े होने लगे हैं। विशेषज्ञों का मत है कि सरकार को तुरन्त–

"राष्ट्रीय स्वतंत्रता स्मारक संरक्षण अधिनियम" जैसा विशेष कानून लाना चाहिए, जिससे क्रांतिकारियों के पवित्र स्थलों पर किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ असंभव हो सके।

# सोनभद्र में मासिक जेल लोक अदालत: 3 सिद्ध दोष बंदियों का मुकद्दमा निस्तारित:- न्यायाधीश शैलेंद्र यादव

**आर्थिक रुप से कमजोर कैदियों के मुकद्दमे की पैरवी हेतु ज़िविसेप्रा उपलब्ध करायेगा निःशुल्क अधिवक्ता।**

समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद कारागार सोनभद्र में शुक्रवार 28 नवंबर 2025 को मासिक जेल लोक अदालत का आयोजन समेत जेल निरीक्षण एवं बंदियों से उनका हाल जाना गया तथा देय सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेन्द्र यादव ने बंदियों के मध्य विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर का आयोजन कर उन्हें ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र द्वारा देय सुविधाओं और संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी।

जेल में आयोजित मासिक जेल लोक अदालत में आलोक यादव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनभद्र द्वारा कुल चार मामले चिन्हित किए गए थे जिसमें से दो मामले में तीन अभियुक्त ने जुर्म स्वीकृति के आधार पर अपने विरुद्ध चल रहे मामले को अंतिम रूप से निर्णीत कराया।



जिला कारागार में निरुद्ध सिद्ध दोष बंदियों से एक-एक करके उनकी अपील के संबंध में बातचीत किया गया उनके मुकदमे के संबंध में जानकारी ली गई। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव ने जेलर को निर्देशित किया कि ऐसे बंदी जिनके पास अपने मुकदमे की पैरवी के लिए प्राइवेट अधिवक्ता रखने की आर्थिक स्थिति ना हो तो उनसे बातचीत कर उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने हेतु उनका प्रार्थना पत्र संबंधित न्यायालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र को प्राप्त करायें। इस दौरान जेलर अरविंद कुमार सिंह, उप कारा पाल गौरव कुमार एवं अखिलेश कुमार पांडेय समेत जयप्रकाश असिस्टेंट लीगल एट डिफेंस काउंसिल सोनभद्र भी उपस्थित रहे।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र अपर जनपद न्यायाधीश शैलेंद्र यादव ने बताया कि यह आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र, राम सुलीन सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया।